ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 2, अंक 301, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव 13

जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 14





# सूर्यकुमार और हार्दिक ने खेली शानदार पारी

## भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, ओपनर बल्लेबाजों ने किया निराश

**बारबेडोस, एजेंसी**

भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप एक के मुकाबले में टॉस जीतकर अफगानिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आज यहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और रोहित, कोहली, रिषभ पंत व शिवम दुबे जल्दी आउट होकर पवेलियन चले गए।

वहीं लगातार झटकों के बाद सूर्यकुमार यादव ने भारतीय पारी को संभाला और अपना अर्धशतक भी पूरा किया और कुछ अच्छे शॉट खेल अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर दबाव बढ़ाया। दूसरे छोर से सूर्यकुमार का साथ देने हार्दिक पांड्या मौजूद हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने शिवम दुबे को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया।

शिवम राशिद की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। शिवम ने सात गेंदों पर 10 रन बनाए।



फिलहाल क्रीज पर सूर्यकुमार यादव मौजूद हैं और उनका साथ देने हार्दिक पांड्या आए हैं। स्पिनर राशिद खान ने भारत को बड़ा झटका देते हुए सेट हो चुके विराट कोहली को पवेलियन भेजा। कोहली अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे।

कोहली 24 गेंदों पर 24 रन बनाकर तीसरे बल्लेबाज के तौर पर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने विकेट गंवा बैठे और कोहली के साथ उनकी अच्छी साझेदारी का अंत हुआ। कप्तान राशिद खान ने पंत को एलबीडब्ल्यू आउट किया और भारत को दूसरा झटका दिया। पंत 11 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए।

भारत के खिलाफ पिछले तीन टी20 में राशिद का यह पहला विकेट है। कप्तान रोहित शर्मा के सस्ते में आउट होने के बाद विराट कोहली और ऋषभ पंत ने भारतीय पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सधी हुई पारी खेल पावरप्ले में टीम को कोई और झटका नहीं लगने दिया।

## डेविड के सम्मान में काली पट्टी बांध कर उतरी टीम

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के सम्मान में अफगानिस्तान के खिलाफ यहां गुरुवार को टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1996 में दो टेस्ट खेलने वाले 52 वर्षीय जॉनसन का यहां गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरकर निधन हो गया। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या यह आत्महत्या का मामला था। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां केनसिंग्टन ओवल में मैच शुरू होने से तुंरत पहले सूचित किया कि टीम इंडिया पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की याद में बांह पर काली पट्टी बांधेंगी जिनका गुरुवार को निधन हो गया। सचिन तेंदुलकर सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## खेल डायरी

### सैमंस जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

**हरारे, एजेंसी।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे।

### अंविता ने अपने दूसरे ही टूर्नामेंट में खिताब जीता

**बेंगलुरू।** अंविता नरेंद्र ने अपने दूसरे ही पेशेवर टूर्नामेंट में खेलते हुए गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण का खिताब सात शॉट की बढ़त के साथ जीता। न्यू जर्सी में जन्मीं अंविता पिछले हफ्ते अपने पदार्पण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहीं थी। उन्होंने यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से कुल आठ अंडर 210 का स्कोर बनाया। अंविता ने एमेच्योर खिलाड़ी लावन्या जेडोन को पछाड़ा जो अंतिम दौर में 73 के स्कोर से कुल एक अंडर 209 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं। अपना दूसरा पेशेवर टूर्नामेंट खेल रहीं विधात्री उर्स तीसरे स्थान पर रहीं।

### सेरेवी पुरुष, महिला रग्बी 7 टीमों के मुख्य कोच

**नयी दिल्ली, ।** विश्व रग्बी हाल आफ फेम में शामिल वेसाले सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला रग्बी 7 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। फीजी के सेरेवी क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर 15 प्रति टीम रग्बी खेल चुके हैं। 'किंग आफ सेवंस' कहलाये जाने वाले सेरेवी ओलंपिक में रग्बी सेवंस को शामिल करने के लिये अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विश्व रग्बी के सलाहकार भी रह चुके हैं। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल ने कहा कि रग्बी इंडिया में हम सभी का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना है। हम राष्ट्रीय सेवंस टीमों के मुख्य कोच के तौर पर वेसाले सेरेवी का स्वागत करते हैं।

### भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

**अंताल्या (तुर्की)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं, लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जायेगी।

# बुमराह के मुरीद हैं एम्बरोज

**ब्रिजटाउन , एजेंसी**

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिये वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं। एम्बरोज ने इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिये। मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिये सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।



## विंडीज पर मिली जीत से आत्मविश्वास गहराया : फिल साल्ट

**आइलेट, एजेंसी।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने कहा है कि टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में वेस्टइंडीज पर आठ विकेट से मिली जीत से सही समय पर उनकी टीम का आत्मविश्वास बढा है और लय मिल गई है।

साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से इंग्लैंड ने 181 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। साल्ट ने मैच के बाद कहा हमारे लिये टूर्नामेंट अभी तक उतार चढाव भरा रहा था। आस्ट्रेलिया से हम हार गए और स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में बारिश आ गई। हमने अभी तक बहुत क्रिकेट खेला ही नहीं। टूर्नामेंट क्रिकेट में आपको सही समय पर आत्मविश्वास और लय चाहिये होती है।

# साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड जीता

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाये, लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिये। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये।

वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की। साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिये 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया।

धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाये। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108 .9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए।



# क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारे अल्कारेज

**लंदन, एजेंसी**

विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज की इस ग्रैंडस्लैम की तैयारियों को झटका लगा जब गुरुवार को यहां वह क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए। यहां गत चैंपियन और शीर्ष वरीय अल्कारेज को जैक ड्रेपर के खिलाफ 6-7, 3-6 से सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है और उन्होंने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। अल्कारेज ने पिछले साल क्वीन्स टूर्नामेंट जीतकर विंबलडन की तैयारी करते हुए पहली बार इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट को जीता था। स्पेन के अल्कारेज को हालांकि फ्रेंच ओपन में खिताब जीतने के बाद अब तक ग्रास कोर्ट पर सिर्फ दो मैच खेलने का मौका मिला है।



# ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **बांग्लादेश खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला आज**
- **टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा चुकी है सीरीज**

कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढ़िलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

टीम इस प्रकार हैः

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा। रिजर्वः जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।

**बांग्लादेशः** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।**



# इंग्लैंड और द. अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला आज

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

**इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना द. अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी से**

सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया।

अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0.90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जायेगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिये 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में जीत दिला दी। साल्ट एक बार फिर कप्तान बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाना चाहेंगे।

# हंगरी को हराकर जर्मनी नॉकआउट में

**लीपजिग, एजेंसी**

जर्मनी ने जमाल मुसियाला के शानदार गोल की बदौलत यूरो कप के ग्रुप ए के मुकाबले हंगरी को 2-0 से हराकर नॉकाआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में अपने घरेलू मैदान में खेल रहे मुसियाला ने पहले हाफ के 22वें मिनट में गोल दाग कर जर्मनी को बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ में जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में एक आसान गोल कर बढ़त को दो गुना कर दिया। यूरो कप के दो मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। क्रोएशिया और अल्बानिया के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा।



सर्बिया के डुसन (बाएं) व स्लोवेनिया के एल्सनिक एक दूसरे से फुटबॉल छीनते हुए।

### शाकिरी के गोल से स्विटजरलैंड ने खेला ड्रॉ

**कोलोन (जर्मनी)।** जेरदान शाकिरी के शानदार गोल की मदद से स्विटजरलैंड ने यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 में स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। 32 वर्ष के शाकिरी ने लगातार छठे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल दागा है जिसमें तीन विश्व कप और तीन यूरो चैम्पियनशिप शामिल है। स्कॉटलैंड के लिये 13वें मिनट में स्कॉट मैक टोमिने के पास पर फेबियन शार ने पहला गोल दागा।

## जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम के साथ जा सकते हैं लक्ष्मण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं।

# बांग्लादेश से दो टेस्ट व तीन टी-20 खेलेगा भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी सीनियर पुरुष टीम के 19 सितंबर से 12 फरवरी तक के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अपने कैलेंडर में पांच घरेलू टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई और कानपुर में दो टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। इन पांच टेस्ट के अलावा भारत को घरेलू मैदानों पर आठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे की पूर्ण श्रृंखला 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जायेगी।

बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वनडे से भारत का घरेलू सत्र भी खत्म हो जायेगा क्योंकि इसके बाद टीम चैम्पियंस ट्राफी के लिए रवाना होगी जिसके 'हाइब्रिड मॉडल' में खेले जाने की उम्मीद है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद नहीं है। भारत का घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जायेगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ

**पहला टेस्ट :** बैंगलुरु (16-20 अक्टूबर)
**दूसरा टेस्ट :** पुणे (24-28 अक्टूबर)
**तीसरा टेस्ट :** मुंबई (1-5 नवंबर)

### बांग्लादेश के खिलाफ

**पहला टेस्ट :** चेन्नई (19-23 सितंबर)
**दूसरा टेस्ट :** कानपुर (27 सितंबर-एक अक्टूबर)
**पहला टी-20 :** धर्मशाला (6 अक्टूबर)
**दूसरा टी-20 :** दिल्ली (9 अक्टूबर)
**तीसरा टी-20 :** हैदराबाद (12 अक्टूबर)

### इंग्लैंड के खिलाफ

**पहला टी-20 :** चेन्नई (22 जनवरी)
**दूसरा टी-20 :** कोलकाता (25 जनवरी)
**तीसरा टी-20 :** राजकोट (28 जनवरी)
**चौथा टी-20 :** पुणे (31 जनवरी)
**पांचवां टी-20 :** मुंबई (2 फ़रवरी)
**पहला वनडे :** नागपुर (6 फरवरी)
**दूसरा वनडे :** कटक (9 फरवरी)
**तीसरा वनडे :** अहमदाबाद (12 फरवरी)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 2, अंक 301, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव 13

अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धिः प्रभास 14

## पूर्व विधायक काशीराम सहित छह दोषियों को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



- 12 वर्ष पहले हुए राणा शुगर मिल में लूटपाट और मारपीट के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा
- अदालत ने प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचारः** राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए मामले में पूर्व विधायक व भाजपा नेता काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को अदालत ने सात-सात साल की सजा और प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना लगाया है।

15 जनवरी 2012 की रात शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल में गन्ना ले जा रहे किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। उसके बाद अगले दिन कुछ लोगों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के कई अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, भारत, किशनपाल, संजू यादव, मेघराज समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराया गया था। यह प्राथमिकी राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने लिखवाई थी। इसमें आरोपियों पर लूटपाट और मारपीट करने के आरोप लगे थे। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।

## जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में नहीं छोड़ेंगे कसर

### प्रधानमंत्री ने तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी, आज डल झील लेक पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे योग

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम क दौरान जम्मू कश्मीर को तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। शुक्रवार को वह डल झील लेक पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इस पूर्ववर्ती प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वो यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में हुए भारी मतदान का उल्लेख करते हुए उनहोंने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। उन्होंने कहा अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है।



युवती का अभिवादन स्वीकार करते मोदी।

### इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया

मोदी ने कहा अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू एवं कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है।

### 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।

## एक नजर

### अब आपराधिक बाहरी व्यक्ति नहीं खरीद सकेंगे उत्तराखंड में जमीन

**देहरादून** : अब आपराधिक बाहरी व्यक्तियों के लिए उत्तराखंड में जमीन खरीदना आसान नहीं होगा। उन्हें जमीन खरीदने के उद्देश्य के साथ ही खुद पर दर्ज आपराधिक मामलों का ब्योरा भी देना होगा। साथ ही राज्य की पुलिस के साथ ही अन्य जांच एजेंसियां भी जमीन खरीदने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सघनता से सत्यापन किया जाए।

### कटनी में बदमशों ने मैनेजर को जिंदा जलाया

**कटनी।** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में स्थित एक भट्ठा कंपनी के मैनेजर को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। यहां कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कछगवां में भट्ठा कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत सम्मू विश्वकर्मा के साथ देररात अज्ञात बदमाशों ने मारपीट करने के बाद उन्हें जिंदा भट्ठा में फेंक दिया। इस घटना में सम्मू का आधे से अधिक शरीर का हिस्सा जलकर राख हो गया। वहां काम करने वाले मजदूर डर के कारण भाग खड़े हुए हैं। इस घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

## बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद

### सरकार ने एससी, एसटी और ओबीसी, ईबीसी आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया था

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिए जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आरक्षण पर आए पटना हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों (आरक्षण में वृद्धि को लेकर) ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है।

### सरकार को झटका

- उपमुख्यमंत्री ने कहा- हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती




### भाजपा आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग आहत हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे यह हम लोग शुरू से ही कहते रहे हैं और चुनाव के दौरान भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं।

### ईडब्ल्यूएस के कोटे से आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी

सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा बिहार सरकार ने केंद्र से यह भी अनुरोध किया था कि राज्य के आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में रखा जाए ताकि इसको लेकर कोई कानूनी अड़चन न उत्पन्न हो सके।

### नीट काउंसलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए को नोटिस उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट 2024 परीक्षा से संबंधित कुछ लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक दी जाए। पीठ ने कहा नोटिस जारी किया जाता है, जिस पर 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करना होगा। इस बीच, उच्च न्यायालयों के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने कई अन्य याचिकाओं पर भी विचार किया, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उन 20 छात्रों की याचिका भी शामिल है, जो 5 मई को आयोजित परीक्षा रद करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगा रही है। यह सब पहले दिन से ही चल रहा है और वे (कुछ याचिकाकर्ता) काउंसलिंग पर रोक चाहते हैं। हमने इससे इनकार किया है।



### केंद्र के वकील बोले-कोचिंग संस्थान याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए

केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि कई बार कोचिंग संस्थान भी याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए हैं। पीठ ने कहा उन्हें आने का अधिकार है। क्योंकि उनका व्यवसाय केवल इन छात्रों से है और यदि आप उनके साथ खेलते हैं और उनके अधिकारों में दखल देते हैं, तो ये कोचिंग संस्थान आएंगे ही।

### याची के वकील ने पीठ से कहा- बिहार और गुजरात में मिली अनियमितता

याची के वकील ने पीठ को बताया कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बिहार में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अनियमितताओं के संबंध में बिहार और गुजरात में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पुलिस से इन मामलों में अपनी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। पीठ ने पाया कि मामले में याचिकाकर्ता भी इसी तरह की दलीलें दे रहे हैं।

## संवेदनशील बने पुलिस, कोताही बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का निर्देश- आमजन की पीड़ा सुनें और समय से निस्तारण करें

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को समय सीमा के अंदर न्याय मिले।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर जनता दर्शन में सामने आ रहीं पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। बोले कि पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही मामले निपटाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान राज्य के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई।

योगी ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उपचार के मद्देनजर आर्थिक सहायता के लिए आए प्रार्थना पत्रों पर मुख्यमंत्री ने कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी योगी ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। वहीं योगी ने युवाओं की भी समस्याएं सुनीं, जिस पर उन्होंने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते और उनके निस्तारण का आदेश देते हुए।

## मैं राजभवन में मौजूदा पुलिस दल के साथ सुरक्षित नहीं : बोस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के मौजूदा दल की वजह से अपनी सुरक्षा को खतरा होने का अंदेशा है। बोस ने हाल ही में पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद यह बयान आया है। हालांकि, पुलिसकर्मी अभी भी राज्यपाल भवन में तैनात हैं। बोस ने कहा मेरे पास कारण हैं, जिनकी वजह से मुझे लगता है कि मौजूदा प्रभारी और उनका दल मेरी निजी सुरक्षा के लिए खतरा है।

## 20 हजार करोड़ के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआर, मुंबई और नागपुर में ईडी द्वारा की गई छापेमारी
- एमटेक समूह और इसके निदेशकों के खिलाफ की जा रही है छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की।

कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई द्वारा एमटेक सूमह की एसीआईएल लिमिटेड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी इस मामले में धनशोधन की जांच कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी में कई सूचीबद्ध कंपनियों पर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले की ईडी से जांच की बात कही है।

## पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पूर्व क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है। स्थानीय पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है कि कही यह मामला अत्महत्या से जुड़ा तो नहीं। क्रिकेट जगत ने डेविड जॉनसन की मौत पर शोक व्यक्त किया है। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज अनिल कुंबले ने एक्स पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

## पीसीएस की गाड़ी से उतरवाई नीली बत्ती

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- एसपी ने एसएसआई और चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**अमृत विचार :** शहर में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम लिखे वाहन पर लगी नीली बत्ती को उतरवाया। पुलिस की इस कार्रवाई का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो जिले के आलाधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए उन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।

लखनऊ-अयोध्या मार्ग के पटेल तिराहे पर बुधवार शाम नगर कोतवाली की पुलिस टीम ने वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान उप्र. सरकार लिखी, नीली बत्ती लगी एक गाड़ी को पुलिस ने रोक लिया। सरकारी गाड़ी पर नीली बत्ती के साथ हूटर भी था। पुलिस कर्मियों ने ड्राइवर से जानकारी की तो पता चला कि गाड़ी पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह की है। उसके बाद भी पुलिसकर्मियों ने गाड़ी पर लगी बत्ती को ड्राइवर से उतरवा दिया। पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह बाराबंकी के रामनगर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात हैं। इनके पास फतेहपुर तहसील का भी न्यायिक मजिस्ट्रेट का चार्ज है। कार्रवाई के समय उनकी बहन गाड़ी में बैठी थीं। घटनाक्रम की जानकारी मधुमिता ने जिलाधिकारी तक पहुंचाई। डीएम ने इसकी जानकारी एसपी दिनेश सिंह को दी। एसपी को पता चला कि यह कार्रवाई नगर कोतवाली के एसएसआई विष्णु कुमार शर्मा और आवास विकास चौकी इंचार्ज मनोज सिंह ने की थी।



> गलत व्यवहार करने के कारण दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। **-दिनेश कुमार सिंह**, एसपी, बाराबंकी।

## अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली अबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यहां की एक अदालत ने गुरुवार को जमानत दे दी। अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदु ने केजरीवाल और ईडी की दलीलें दो दिनों तक सुनने के बाद देर शाम जमानत संबंधी अपना आदेश पारित किया। आदेश पारित होने के बाद ईडी ने जमानत को चुनौती देने की दलील देते हुए अदालत से अनुरोध किया कि जमानत बांड पर हस्ताक्षर को 48 घंटे के लिए टाला जा सकता है।



## पासबुक में होगी सरकारी योजनाओं के लाभ की एंट्री

### फैमिली आईडी के साथ सभी का परिवार कल्याण पासबुक भी होगा तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार नागरिकों को फैमिली आईडी के साथ एक विशेष पासबुक भी देने की तैयारी में है। फैमिली आईडी का उद्देश्य जहां लोगों को नौकरी-रोजगार समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने का है तो वहीं, परिवार कल्याण नाम की पासबुक में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की इंट्री की जाएगी। फिलहाल एक लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को भी फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है। जबकि वर्तमान में लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ सदस्य फ्री राशन योजना का लाभ पा रहे हैं।

ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए भी https://familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। सरकार की योजना है कि, राज्य का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव डेटाबेस भी तैयार होगा।

### 25 करोड़ जनता को मिले लाभः योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में परिवार आईडी प्रक्रिया की समीक्षा की और इस योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, परिवार आईडी सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। इसके जरिए प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों को रोजगार प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि, जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी न हो। इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। हर एक परिवार को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ का पूरा विवरण दर्शाते हुए परिवार का पासबुक भी तैयार कराया जाए। पासबुक और परिवार आईडी जारी करने से पूर्व परिवार के संबंध में सभी जानकारी को प्रमाणित किया जाए। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय आधार ऑथेंटिकेशन कराएं, बाद में परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए।

**आज का मौसम**

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं

38.2° अधिकतम तापमान | 25.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 05

# सुबह बारिश से राहत, दोपहर में धूप से आफत

## एक पखवारे बाद 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंचा तापमान, शाम को फिर मौसम हुआ खुशगवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेतहाशा गर्मी से जूझ रहे जिलेवासियों को गुरुवार की सुबह हल्की बारिश ने काफी राहत मिली, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही तापमान फिर से 38.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल नजर आए। करीब एक पखवारे बाद अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे आया। शाम को जिले के कुछ हिस्सों में फिर से बारिश होने और ठंडी हवा चलने से मौसम खुशगवार रहा।


गर्मी से बचाव के लिए ठंडे पानी से मुंह धोता यातायात सिपाही। अमृत विचार


गुरुवार शाम सिकंदरा क्षेत्र में बारिश से राहत मिली। अमृत विचार

गुरुवार की सुबह बारिश ने शुकून पहुंचाया, लेकिन दिन चढ़ने के साथ उमस भरी गर्मी ने फिर बेहाल कर दिया। करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही उत्तर-पूर्वी हवाएं भी गर्मी से राहत नहीं दे पाईं। वातावरण में 46 प्रतिशत नमी होने की वजह से लोगों को चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। सुबह मौसम का मिजाज नरम रहा, मगर दोपहर में फिर गरम हो गया। गर्मी की वजह से दोपहर में सड़कें फिर सूनी नजर आईं। नगर ही नहीं ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर सभी सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि बुधवार देर शाम से मौसम का बदलने लगा था और तेज हवाएं चलने लगी थीं।

गुरुवार भोर पहर अकबरपुर, माती, नबीपुर, बारा, रनियां समेत अन्य कई जगहों पर हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही सूर्यदेव फिर से आग उगलने लगे, जिससे पारा बढ़कर 38.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 25.8 रेकार्ड किया गया। भीषण गर्मी से बिजली भी साथ नहीं दे रही है। ट्रांसफार्मर दगा दे रहे हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब बिजली लोगों को परेशान न करे। लो-वोल्टेज की समस्या से भी छुटकारा नहीं मिल पा रहा, जिससे लोग भीषण गर्मी में बेहाल हैं।

अलबत्ता शाम को सिकंदरा क्षेत्र में फिर बारिश होने से लोगों ने राहत महसूस की। ठंडी हवा चलने से मौसम खुशगवार हो गया। अकबरपुर क्षेत्र में रिमझिम फुहार से मुरझाए चेहरे खिल उठे। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन हल्के बादल छाए रहेंगे। धूल भरी आंधी व गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी होने के आसार हैं।

### आंधी से 250 घरों की चार घंटे ठप रही बिजली

**रसूलाबाद।** बुधवार रात आंधी आने से शाम करीब सात बजे से लेकर रात ग्यारह बजे तक बिजली नहीं आई। विद्युत कर्मियों को कानपुर रोड पर रखे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर के तार जले मिले, जिससे कानपुर रोड, केशव नगर, लोहिया नगर, आजाद नगर के करीब ढाई सौ घरों की बिजली बाधित रही। रात में बिजली न आने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा और लोग छतों पर टहलते नजर आए। बच्चों को हाथ से पंखा कर किसी तरह सुलाया गया। मरम्मत के चार घंटे बाद भी बिजली की ट्रिपिंग जारी रही। जेई सुभाष चंद्र ने बताया कि ट्रांसफार्मर के तार जलने से बिजली बाधित रही थी, तारों की मरम्मत कराकर बिजली सुचारु कर दी गई है।


झींझक के ट्रांसफार्मर में आई खामी दुरुस्त करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

# झींझक में 6 घंटे बत्ती गुल

संवाददाता, मंगलपुर

- उपकेंद्र के 10 एमवीए ट्रांसफार्मर में आई खराबी
- बिजली के लिए 60 हजार आबादी रही परेशान

**अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र झींझक में रखे 10 एमबी ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से छह घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही। जिससे नगर समेत 50 गांवों की करीब 60 हजार से अधिक आबादी को गर्मी व पानी की समस्या से भी जूझना पड़ा।

झींझक विद्युत उपकेंद्र से नगर पालिका सहित क्षेत्र के सभी 84 गांवों को बिजली आपूर्ति होती है। बीते करीब 15 दिन से यहां बिजली का संकट बना है। इसकी वजह से करीब एक लाख आबादी परेशान है। कई बार तो पूरी रात जाग कर बितानी पड़ती है। गुरुवार सुबह करीब सात बजे उपकेंद्र के एक ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे नगर सहित करीब 50 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई।

इस दौरान भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया। दोपहर करीब एक बजे खामी दूर कर आपूर्ति बहाल की गई। अवर अभियंता करन सिंह ने बताया कि सुबह करीब 6:50 बजे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आई थी। टेस्ट टीम को बुला कर आई खामी को ठीक किया गया। इस दौरान छह घंटे आपूर्ति ठप रही।

## एक नजर

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के बनीपारा निवासी खुशबू ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर चबूतरे बैठी थी। उसी दौरान पड़ोस के रहने वाले चंदन, सूरज व सतीश बेवजह गालीगलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### खेत जोतने के विवाद में पीटा

**मूसानगर।** ग्राम पंचायत नगीना बांगर के मजरे कट्टापुरवा में खेत जोतने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। गुरुवार को गांव के प्रवीण कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि भाई धीरज खेत जोत रहा था, तभी वहां कमल, मनीष, मुकेश, महेंद्र पहुंच गए और भाई से गालीगलौज कर मारपीट करने लगे। उसने बीचबचाव करने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**रूरा।** शिवली क्षेत्र के चौथियाई गांव के रहने विपिन अपनी पत्नी के साथ बाइक से अकबरपुर से तिगाईं की तरफ जा रहे थे। तभी रूरा क्षेत्र के गेल इंडिया के पास अकबरपुर की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार विपिन व उनकी पत्नी रीता गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें राहगीरों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं दुर्घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। घायल के भाई जयप्रकाश ने थाना रूरा में तहरीर दी है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला का चारपाई पर मिला शव

संवाददाता, राजपुर

- जलालपुर गांव का मामला पुलिस ने की प्रारंभिक जांच फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** जलालपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि रात को उसकी मां खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने गई थी। गुरुवार सुबह चारपाई पर मृत अवस्था में मिली। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।


गंगावती।

सट्टी थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी महादेव की पत्नी गंगावती (65) का शव गुरुवार को चारपाई पर मिला। सुबह मां को जगाने गए बेटे रामप्रकश ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घटना की प्रारंभिक छानबीन की।

मृतका के बेटे रामप्रकश ने बताया कि बुधवार रात नौ बजे खाना खाकर मां घर के कमरे में सोने गई थी। सुबह आठ बजे मां को खाने के लिए बुलाने गया तो वह चारपाई पर मृत अवस्था में मिली। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिह ने बताया कि छानबीन में सास-बहू के बीच कहासुनी की बात सामने आई है। मामले में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बहू और बेटे के झगड़े में वृद्धा को लगी थी चोट

रामप्रकाश का पत्नी विनीता से बुधवार को झगड़ा हुआ था। पुलिस ने दोनों को समझाकर शांत कराया था। ग्रामीणों ने बताया कि रामप्रकाश का पत्नी से अक्सर झगड़ा होता है। बुधवार को विनीता अपने मायके नोएडा से आई थी और रामप्रकाश भी शाम को मजदूरी कर घर लौटा था। इसी दौरान पति-पत्नी में झगड़ा हो गया। विनीता ने अपनी बेटी रजनी और रंजना के साथ मिलकर पति की पिटाई कर दी थी। बेटे को बचाने में गंगावती के भी हाथ-पैर में चोट आई थी। घटना की सूचना रामप्रकाश ने डायल 112 पर पुलिस को दी थी। पुलिस दोनों को समझाकर चली गई थी। इसके बाद गुरुवार सुबह गंगावती घर के कमरे में मृत मिली। थानाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

# पत्नी के जाने से नाराज होकर युवक ने दी जान

संवाददाता, रनियां

- करीब पांच महीने पहले किया था प्रेम विवाह
- गजनेर थाना क्षेत्र के भैथाना गांव का मामला

**अमृत विचार।** भैथाना गांव में एक युवक ने बुधवार की रात छत के कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस के मुताबिक पत्नी के घर से जाने के कारण नाराज होकर युवक के फंदा लगाने की बात सामने आई है।

गजनेर थाना क्षेत्र के भैथाना गांव निवासी हिमांशू उर्फ जिग्नेश (21) पुत्र दशरथ सिंह ने करीब पांच महीने पहले प्रेम विवाह किया था। पांच दिन पहले उसकी पत्नी अंजली से विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी किसी रिश्तेदार के यहां चली गई। इससे हिमांशू तनाव में था। बुधवार रात उसने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह उसका शव फंदे पर लटका मिला। इकलौते बेटे की मौत से मां रजोली देवी, पिता दशरथ सिंह, बहन रागिनी रो-रोकर बेहाल हो गए। पिता की सूचना पर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने जांच की। वहीं फॉरेंसिक टीम टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक छानबीन में पत्नी के गुस्से में घर से जाने के कारण युवक के आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

## सार-संक्षेप


नाली चोक होने से सराया गांव की सड़क पर बहता पानी। अमृत विचार

### सराया में सड़क से नालियों तक बजबजा रही गंदगी

**रूरा।** अकबरपुर ब्लाक के सराया गांव में सफाई कर्मचारी की लापरवाही से गंदगी व जलभराव की समस्या है। सराया के ग्रामीणों का कहना है कि दो सफाई कर्मचारी तैनात होने के बावजूद नालियों के कीचड़ की सफाई न होने से अधिकांश गलियों व नालियों से निकलने वाला गंदा पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव में तैनात सफाई कर्मी नालियों की सफाई करने नहीं आता है, जिससे जगह-जगह नालियों में गंदगी भरी रहती है। जिससे लोगों मे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। लोगों ने बताया कि समस्या निस्तारण के बावत उन्होंने पूर्व में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। वहीं एडीओ पंचायत हरिओम सक्सेना ने बताया कि रोस्टर लगाकर गांव में गंदगी व नालियों की सफाई कराकर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत दिया दुर्घटना लाभ

**मूसानगर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिया गया। शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि शाखा जनवारा की कोमल सिंह की पत्नी बैंक में खाताधारक थी। उनकी बीती 12 मार्च को जहानाबाद रोड घाटमपुर में सड़क दुघर्टना में मौत हो गई थी। कुंती देवी ने शाखा में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। योजना के तहत उनके नामिनी पति को दुर्घटना बीमा की 20 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।

### जहरीला कीड़ा काटने युवक की हालत गंभीर

**पुखरायां।** जहरीला कीड़ा काटने से युवक की हालत बिगड़ गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा के शास्त्री नगर निवासी सलमान ने बताया कि उसका भाई मोहम्मद राशिद घर की सफाई कर रहा था। तभी किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### झांसी-कानपुर ट्रैक पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर गुरुवार को एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को लेकर जांच पड़ताल की। मृतक की पहचान भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव निवासी ओम नरेश के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अवैध खनन की शिकायत करने की आशंका पर पीटा

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के बेहरापुर निवासी मोहम्मद आमिर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह रसूलाबाद से बुधवार रात अपने घर जा रहा था। रास्ते में बैरगरा के एक खेत पर हकीम व फूल सिंह निवासी निराला नगर अपने ट्रैक्टरों से खनन करा रहे थे। रसूलाबाद की तरफ से उसे बाइक से आता देख उक्त लोगों ने अपनी बाइक लगाकर रोक लिया। फिर खनन की शिकायत की शंका के चलते गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर फूल सिंह ने राड से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। उप निरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फॉलोअप**

संवाददाता, रसूलाबाद

- रसूलाबाद क्षेत्र के डभारी गांव का मामला, फावड़ा बरामद
- पुलिस ने चार नामजद व दो अज्ञात पर लिखी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** रंजिश के कारण डभारी गांव में बुधवार रात अधेड़ की फावड़े से हत्या के मामले में पुलिस ने चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा व रक्तरंजित शर्ट भी बरामद कर ली गई है।

डभारी गांव के आदित्य कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार देर रात उसके बड़े भाई अनिल कुमार मोहल्ले की दुकान से घर का सामान लेकर वापस आ रहे थे। तभी घर के ही पास गंगाराम के बेटे औसान सिंह यादव, जयचंद यादव, रवि यादव व शिवम समेत दो अज्ञात लोगों ने रंजित के अकारण अनिल को गली में घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर उक्त लोग मारपीट करने लगे। भाई अनिल जैसे भी जान बचाकर भागे, तभी औसान सिंह ने फावड़े से उनके सिर पर वार कर दिया। जिससे अनिल का सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया था।


पुलिस हिरासत में हत्या का मुख्य आरोपी औसान सिंह। अमृत विचार

मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने तहरीर पर चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि घटना के 12 घंटे बाद मुख्य आरोपी औसान सिंह को गुरुवार सुबह ढकपुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा व रक्तरंजित अभियुक्त की शर्ट बरामद कर ली गई है। आरोपी को कोर्ट से जेल भेजा गया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

# योग दिवस से भाजपा जिले में चलाएगी कई कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई तक लगाएंगे पौधे

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्र ने बताया 21 जून को विश्व योग दिवस कार्यक्रम प्रत्येक मंडल में बड़े पैमाने पर कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को बूथ स्तर पर मनाने, जिला कार्यालय पर गोष्ठी के साथ इसी दिन से 6 जुलाई तक एक पौधा मां के नाम लगाया जाएगा। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ल ने कहा 25 जून को कांग्रेस सरकार द्वारा लागू किए गए आपातकाल की विभीषिका पर भाजपा जिला कार्यालय पर गोष्ठी होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही दल की पूंजी होते हैं। भाजपा के सभी कार्यक्रमों में पुराने और नए कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित किया जाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लागू कर देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत नेताओं को ढूंढ-ढूंढ कर जेलों में बंद कर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दमनकारी नीतियों के तहत लोगों को भीषण यातनाएं देकर आवाज को दबाया था। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 30 जून को मोदी जी के तीसरी कार्यकाल की प्रथम मन की बात कार्यक्रम को जनपद की सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में सुनी जाएगी।

# दो शातिर पुलिस के हत्थे चढ़े

**शिवली।** पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार कर तमंचा, मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शिवली क्षेत्र के नेवादा देवराय (भोला निवादा) निवासी अमन गौतम की तहरीर पर आधार कार्ड फोटो व बायोमैट्रिक मशीन के जरिए अंगूठे के निशान लेकर फर्जी सिम अपने दोस्तों में बांटने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गुरुवार को मवैया मोड़ के पास सुबह साढ़े सात बजे दो युवकों को पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों में हरीकृष्ण पुत्र हीरालाल निवासी रामनगर थाना शिवराजपुर कानपुर नगर और परशुराम पुत्र श्रीकिशन निवासी भौसाना का पुरवा थाना चौबेपुर कानपुर नगर हैं। इनके पास से तमंचा, दो एंड्रॉयड फोन और एक कीपैड फोन बरामद हुआ है।

# मूसानगर बारातशाला का होगा जीर्णोद्धार


मूसानगर नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में मौजूद अध्यक्ष पूजा निषाद व सभासद।

- नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास

**मूसानगर।** नगर पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक का आयोजन अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान सभासदों के साथ विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव दिए। बारातशाला के जीर्णोद्धार का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया।

गुरुवार को नगर पंचायत में हुई बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष पूजा निषाद समेत 15 वार्डों के सभासद मौजूद रहे। इस दौरान जल निकासी, मार्ग प्रकाश, पेजयल योजना मार्ग निर्माण आदि के प्रस्ताव सभासदों ने दिए। अधिशाषी अधिकारी संजय पटेल ने बताया कि नगर पंचायत के जल निकासी के लिए 75 लाख रुपये की लागत से तीन नालों का निर्माण जारी है। चार नालों के टेंडर हो चुके हैं। इसकी लागत एक करोड़ तीस लाख रुपये है। वार्ड नंबर दस बालाजी धाम में बनी बारातशाला के जीर्णोद्धार के बारे में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। सभी वार्डों में मार्ग प्रकाश के लिए खंभे लगा कर लाईटें लगाने पर चर्चा की गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष के पति विनोद निषाद, सभासद सूरज चौहान, अपसाना खातून, रूबी बेग, आशिया खातून, उज्जवल कौशल, मतीन अहमद, रागिनी, नौशाद कुरैशी, सज्जन निषाद, अकरम, सुनील पाल, दिलशाद, अर्जुन निषाद, कल्लू सोनकर आदि रहे।

**उठाई आवाज** — व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल

# व्यापारियों ने मांगा 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से गुरुवार को जिला व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य बनवारी लाल कंछल और विशिष्ट अतिथि रूप में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल शामिल हुए। समारोह में व्यापारियों ने 10 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने की मांग उठाई।

गुरुवार को आयोजित हुए समारोह में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली और अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने राज्यमंत्री से अजीत सिंह पाल के सामने व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, प्राकृतिक आपदा पर 25 लाख रुपये का सरकारी बीमा, सामान्य मौत पर भी 10 लाख रुपये देने की मांगें रखीं और कहा कि व्यापारी वर्ग ही सबसे ज्यादा टैक्स देता है, व्यापारियों की सहूलियत के लिए सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।


समारोह में व्यापारी नेता बनवारीलाल कंछल और राज्यमंत्री अजीत पाल का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

- त्योहारों से पहले सैंपल लेने का विरोध करेंगे व्यापारी
- राज्यमंत्री का सीएम के सामने प्रस्ताव रखने का वादा

समारोह में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल ने सभी मांगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखने का आश्वासन दिया और कहा कि सहूलियतें दिलाने का वह हर संभव प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि बनवारी लाल कंछल ने कहा कि व्यापारी याद रखें कि होली, दीपावली, ईद, बकरीद के त्योहारों से 15 दिन पहले किसी भी अधिकारी को सैंपल नहीं लेने देंगे। अगर जबरन उत्पीड़न करने की कोशिश की जाती है तो इसका खुला विरोध करेंगे। इस मौके पर नीरज मिश्रा प्रदेश संगठन मंत्री, सिकंदरा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय बाजपेई, ऋषभ गुप्ता महामंत्री, वैभव चौरसिया कोषाध्यक्ष, परवेज आलम, अतुल बिश्नोई, कमल कटियार, सचिन गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, असलम राईन, वैभव शर्मा, रघुनंदन प्रजापति, विनोद पाल, विवेक कुशवाहा, नंदकिशोर गुप्ता, प्रवेश कश्यप, सतीश कटियार गारमेंट्स, अर्पित मिश्रा उर्फ शिशु आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# 31 जुलाई तक छह वर्ष के बच्चों का होगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पहले एक अप्रैल तक छह साल पूरे करने वाले बच्चों का होना था एडमीशन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की कम संख्या की समस्या से निजात पाने के लिए विभाग ने अपने ही एक आदेश में परिवर्तन किया है। यह आदेश प्रवेश के समय बच्चों की आयु सीमा को लेकर है। इसके पहले स्कूलों में उन्हीं बच्चों का प्रवेश लिया जाना था। जिनकी उम्र एक अप्रैल से सत्र शुरू होते समय 6 साल की हो चुकी थी।

हालांकि स्कूल चलो अभियान की वांछित प्रगति न हो पाने की स्थिति में इसकी समीक्षा की गई और इसमें परिवर्तन करते हुए अब 31 जुलाई 2024 को छह वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों को कक्षा एक में प्रवेश दिए जाएंगे। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षाधिकारियों को जारी किए गए निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक में दाखिला बच्चे की आयु छह वर्ष होने पर ही किया जाएगा। हालांकि अब आयु की गणना 31 जुलाई 2024 से की जाएगी। छह साल से कम आयु के बच्चों का नामांकन बाल वाटिका में कराया जाएगा। यह आदेश सिर्फ शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए ही प्रभावी होगा। वहीं शिक्षकों ने बताया कि बेसिक शिक्षा निदेशक ने सत्र शुरू होने से पहले ही आदेश दिया था कि इस साल उन्हीं बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा, जिनकी उम्र एक अप्रैल तक 6 साल हो चुकी हो। इससे छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी में भेजा जाए। आयु सीमा तय हो जाने से मुश्किलें बढ़ गईं और प्रवेश कम हो गए। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि नवीन आदेश के तहत 31 जुलाई 2024 तक 6 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों के नामांकन कक्षा एक में किए जाएंगे।

# पीएम पर अभद्र बयान का वीडियो वायरल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** फतेहपुर में सपा नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी रजा का एक विवादित बयान सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रहा है। आपत्तिजनक टिप्पणी पीएम को लेकर की गई है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। वहीं भाजपा के एक पदाधिकारी ने मामले की तहरीर थाने में देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सपा नेता हाजी रजा के विवादित बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर घमासान मच गया है। बताया जा रहा है कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में नवनिर्वाचित सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल के स्वागत कार्यक्रम के दौरान हाजी रजा ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्ति जनक टिप्पणी की है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। भाजपा कार्यकर्ता सपा नेता के इस बयान को लेकर आक्रोशित होते दिखाई पड़ रहे हैं। वहीं मामले की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। 24 सेकेंड का वायरल यह वीडियो चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है जिसने जिले की राजनीति में एक बार फिर भूचाल मचा दिया है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है। भाजपा नेता इस टिप्पणी को लेकर हाजी रजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। भाजपा के हथगाम मंडल अध्यक्ष आलोक सिंह ने सुल्तानपुर घोष पुलिस को तहरीर दी है।



"मामला संज्ञान में आया है। ऐसा लगता है कि समाजवादी पार्टी में कुछ लोग ऐसे हैं जो जनपद का माहौल खराब करना चाहते हैं। जिन्होंने यह टिप्पणी की है उनके खिलाफ संगठन की तरफ से कार्रवाई की जाएगी। कार्यकर्ता बहुत ज्यादा गुस्से में हैं।

–मुखलाल पाल, जिलाध्यक्ष भाजपा

हथगाम मंडल अध्यक्ष आलोक सिंह पुत्र दिनेश सिंह की तहरीर पर प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने पर हाजी रजा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

–विजय शंकर मिश्र, एएसपी"

- सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में सांसद के स्वागत कार्यक्रम में सपा नेता ने की थी टिप्पणी
- विवादित बयान के बाद राजनीतिक गलियारे में मचा हुआ है घमासान

# खेत में लगे कंटीले तारों में दौड़ रहे करंट से किसान की मौत

संवाददाता खागा

- अन्ना मवेशियों से फसल बचाने को लगाया गया था तार

**अमृत विचार।** खेत में लगी फसल को अन्ना मवेशियों से बचाने के लिए तार लगाकर बिजली का करंट चालू कर दिया गया। किसान की तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजनों को जब जानकारी हुई तो खेत मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सुलतानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर गांव के रहने वाले कंधई (50) सुबह जंगल जा रहे थे। गांव के रहने वाले उदय प्रताप सिंह ने अपने खेत में लगी फसल को अन्ना मवेशियों से बचाने के लिए तार लगाकर बिजली का करंट दौड़ा दिया था। कंधई की तार में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो खेत मालिक उदय प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर शव उठने नहीं दिया। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के तीन पुत्र राम कुमार पासी, सुरेश कुमार व राज कुमार ने बताया कि खेत मालिक के लापरवाही से पिता की मौत हुई है। थाना प्रभारी राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि खेत मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो रही है।

## सार-संक्षेप

### चार साल की बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल कैद

**फतेहपुर।** चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई। 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसमें 20 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दिए जाएंगे। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि हथगाम क्षेत्र निवासी ने 2022 में चार साल की बेटी के साथ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। उसके मुताबिक 21 अगस्त 2022 को उसकी बेटी दरवाजे पर खेल रही थी तभी गांव का मासूम उसे बहाने से अपने साथ ले गया। गांव किनारे उसने बच्ची से रेप किया। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान बच्ची समेत 12 गवाहों ने बयान दर्ज कराए, जिस पर अभियोजन पक्ष से रविदत्त द्विवेदी ने जिरह की। साक्ष्य, पीड़िता, वादी के बयान और अभियोजन पक्ष की दलीलों के आधार पर पॉक्सो जज महेंद्र कुमार द्वितीय की अदालत ने युवक को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि घटना के वक्त बच्ची की उम्र चार वर्ष थी, केस की सुनवाई में दो साल लगे। छह वर्ष की बच्ची ने कोर्ट में घटना की जानकारी दी।

### महिला को डंडों से पीटा

**औंग।** खेत में मवेशी चरा रही एक महिला पर एक व्यक्ति ने बिना किसी कारण के डंडे से हमला कर दिया। डंडे से पीट-पीटकर महिला को लहूलुहान कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। औंग थाना क्षेत्र की ग्राम दुर्गागंज निवासी सावित्री देवी पत्नी भोला गांव के खाली पड़े एक खेत में भैंस चरा रही थी। जहां पर बड़ाहार निवासी पिंटू पुत्र रामसहाय हाथ में डंडा लिए आया और गाली गलौज करते हुए महिला को बेरहमी से पीट दिया। बगल में मवेशी चरा रहे लोग दौड़कर पहुंचे और बीच बचाव किया। तहरीर में हमलावर को अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताते हुए उसके द्वारा जान से मार देने की धमकी का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**औंग।** नेशनल हाईवे स्थित कृष्णा पेट्रोलियम के पास पिछले दिनों रात में कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहे ट्रक को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में ट्रक चालक जयप्रकाश शुक्ला निवासी कटवार जिला जौनपुर की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र अश्विनी कुमार शुक्ला ने ओवरटेक कर रहे ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# यमुना में नहाने गए छह साथी डूबे, दो की मौत

## चीखपुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने चार युवकों को बचाया

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में यमुना में साथियों संग नहाने गए दो की नदी में डूबकर मौत हो गई। उनके चार साथियों को ग्रामीणों ने बचा लिया। घटना की जानकारी पर पुलिस व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।



हसनैन



मृतक के घर के बाहर जमा भीड़। अमृत विचार

खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में गुरुवार को यमुना नदी नहाने गए अलग-अलग गांव के छह युवक अचानक नदी में डूब गए। इसमें मोहम्मद हसनैन खान पुत्र एहसान खान निवासी हकीमपुर खंतवां और मोहम्मद फैसल खान पुत्र अरशद खराद वाले निवासी जहांगीर नगर गहुरा की डूबकर मौत हो गई। इस बीच चीखपुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह चार साथियों में वकार अहमद पुत्र मोहम्मद खुर्शीद अहमद निवासी अंजना कबीर, फैज अहमद पुत्र अकील अहमद निवासी कबरा, अनश खान पुत्र आफाक खान निवासी हकीमपुर खंतवा, हसन उल्ला पुत्र हबीब उल्ला निवासी हकीमपुर खंतवा को जान बचा ली। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फैसल खान पहले नदी में डूबने लगा था। इस दौरान उसे बचाने के लिए हसनैन भी नदी में कूद गया। जिससे वह भी डूबने लगा। बाकी चार साथियों ने भी उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के विरोध में दिया ज्ञापन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के विरोध में जिला अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे सैकड़ों की संख्या में अभिभावकों ने मुख्यमंत्री के नाम नौ सूत्रीय मांग पत्र डीएम के कार्यालय में दिया।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष दीपक कुमार डब्लू ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों के द्वारा अभिभावकों से मनमानी शिक्षण शुल्क लेने के साथ शोषण किया जाता है। उसके बाद भी अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाना चाहते हैं। देश में आजादी के बाद सरकार ने सरकारी स्कूलों में सुधार नही किया और प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा दिया गया। इससे मजबूरी में निजी स्कूल में बच्चों का प्रवेश दिलाते है। अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम भेजे ज्ञापन में मांग किया है कि नर्सरी से लेकर अगली कक्षा तक हर साल प्रवेश के नाम पर भारी रकम लिया जाता है। हर साल प्रवेश शुल्क नही जाए। प्राइवेट स्कूलों के खुद के द्वारा संचालित दुकान या पुस्तक भंडार से ड्रेस व पुस्तकें मन मुताबिक दामों पर देते हैं। जिस पर रोक लगाई जाए।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# फुटपाथ पर मिला महिला का शव

**फतेहपुर।** भीषण गर्मी के बीच एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव सड़क किनारे फुटपाथ पर पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों ने टीबी की बीमारी से मौत की वजह बतायी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज मोहल्ला में हस्वा कस्बे की रहनी वाली महिला अस्वरी बेगम (37) का संदिग्ध परिस्थितियों में शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महिला के रिश्तेदार ने बताया कि टीबी की बीमारी से ग्रसित चल रही थी और इलाज न होने से मौत हो गई। महिला शहर में रहकर भीख मांग कर गुजर बसर करती थी। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि एक 37 वर्षीय महिला का शव फुटपाथ पर पड़ा हुआ था।

महिला शहर में रहकर भीख मांगकर गुजर-बसर करती रही। महिला के रिश्तेदार ने बताया कि टीबी की बीमारी से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। भीषण गर्मी की वजह से अब तक अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई लोगों की जान जा चुकी है। इनके शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों के सपुर्द कर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# लालच देकर ठगे 2.91 लाख

**औंग।** एक व्यक्ति को लालच देकर करीब तीन लाख रुपये बाजार में लगा दिए गए। जिसके बाद पीड़ित को न ही उसका लाभ मिला और न ही उसकी रकम वापस मिली। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बा निवासी श्रेया मिश्रा पुत्री स्व नरेश मिश्रा ने लिखित तहरीर देकर उसके साथ हुई 2.91 लाख की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में पीड़ित ने बताया कि जनवरी माह में फेसबुक अकाउंट के माध्यम से शेयर बाजार विश्लेषण ग्रुप से उसे जोड़कर ग्रुप संचालक अधीरा वर्मा व बीरेंद्र कुमार ने शेयर बाजार में फायदा होने का लालच दिया। कुछ खरीदने के लिए प्रेरित किया। श्रेया मिश्रा ने उसका फायदा भी उठाया। उन लोगों ने अपने खाते में 2.91 लाख रुपए यह कहकर ट्रांसफर करवा लिए कि डालर में परिवर्तित कर दिया जायेगा।

# अस्पताल में डायरिया के मरीज घटे, बुखार के बढ़े

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम में नमी आने के बाद डायरिया के मरीजों की संख्या गुरूवार को अस्पताल में कम रही। लेकिन बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टर परेशान हैं। इमरजेंसी वार्ड में आ रहे गर्मी से पीड़ित मरीजों को सबसे पहले बर्फ लगाकर ठंडा किया जा रहा है। पूरी कोशिश के बाद भी जिन मरीजों की स्थित में सुधार नही हो रहा उन्हें एंबुलेंस से कानपुर रेफर कर दिया जा रहा है।

जिला अस्पताल के बाल रोग विभाग की ओपीडी में गुरूवार को 110 मरीज आए। जबकि पखवारेभर से 150 के आसपास मरीज आ रहे थे। डॉ. मूलचन्द्रा ने बताया कि बताया कि डायरिया के मरीजों की संख्या कम हुई है। लेकिन बुखार के मरीज रोज की तरह ही आ रहे हैं। उधर फिजीशिएन की ओपीडी में करीब डेढ़ सैकड़ा मरीज आए। डॉ. एनके सक्सेना के मुताबिक उल्टी दस्त वाले मरीजों की संख्या गुरूवार को कम रही लेकिन बुखार के मरीज रोज की अपेक्षा अधिक आए। ऐसे मरीजों को दवा के साथ हर हाल में गर्मी से बचने की सलाह दी जा रही है।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भी बुखार के मरीज अधिक आए। दोपहर तक इमरजेंसी में 16 नए मरीज आए थे। उसमें से 6 मरीज बुखार से और तीन मरीज उल्टी दस्त से पीड़ित थे।

इमरजेंसी में पूरे जिले से गंभीर अवस्था वाले मरीज आ रहे हैं। गुरुवार सुबह से ही सभी बेड फुल हो गए थे। नए आने वाले मरीजों के लिए पहले भर्ती हुए मरीज को वार्ड में भेजकर बेड खाली किया जा रहा था। गर्मी से पीड़ित जो मरीज आ रहे हैं उन्हें तत्काल बर्फ से ठंडा किया जा रहा है।



इलाज के लिए धक्कामुक्की करते मरीज। अमृत विचार

"डायरिया हो या बुखार सबके पीछे कहीं न कहीं बढ़ा हुआ तापमान ही है। इसलिए लोगों को गर्मी से बचते हुए यह सुनिश्चित करना है कि उनके शरीर में नमक और पानी की कमी न होने पाए। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम लगी हुई। दवाएं, इंजेक्शन व ग्लूकोज की बोतलों का स्टॉक पर्याप्त है।"

–डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

### दोगुना बढ़ी पैरासिटामॉल की खपत

- भीषण गर्मी ने जिला अस्पताल में दवाओं की खपत काफी बढ़ा दी है। बुखार में काम आने वाली पैरासिटामॉल पहले 2000 टैबलेट से कम लगती थी। लेकिन अब 3500 से 4000 टैबलेट लग रही है। 700 से 1000 टेबलेट लगने वाली मैट्रोजिल अब 1500 से अधिक लग रही है। ग्लूकोज के बोतल की खपत भी खूब बढ़ गई है। इमरजेंसी वार्ड में पिछले महीने एक दिन में 100 से कम ग्लूकोज की बोतल लग रही थी लेकिन अब 140 से अधिक ग्लूकोज के बोतल की खपत हो रही है। मेडिकल वार्ड में पैरासीटामॉल व मैट्रोजिल के इंजेक्शन की खपत डेढ़ से दोगुना तक बढ़ गई है। स्टोर प्रभारी ने बताया कि गर्मी से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की खपत बढ़ी है लेकिन दवाओं का स्टॉक पर्याप्त है।

गर्मी में हालत खराब | मौसम विभाग ने आज मामूली बारिश की जताई संभावना

# सुबह बादल छाने से राहत, दोपहर धूप ने छकाया

संवाददाता, फतेहपुर

**अमत विचार।** दो दिनों से आसमान में बादल छाए रहने से भीषण गर्मी में तापमान के पारा में तीन डिग्री की गिरावट हुई है। हालांकि उमसभरी गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर दी है। मौसम में तेजी से बदलाव के चलते बीमारियों में इजाफा हुआ है। मौसम विभाग ने 21 जून तक हल्की बारिश की संभावना जताई है। साथ ही तेज हवाएं चलने से लोगो को कुछ गर्मी से राहत मिलने के साथ बारिश की उम्मीदें बढी है।

जिले में बीते दो दिनो से सुबह से आसमान में बाछल छाए रहते है। वहीं पूरे दिन तेज हवाएं चल रही है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में कुछ राहत मिली है। लेकिन उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हो गए है। बुधवार की शाम 15 मिनट की बारिश के बाद तेज हवाएं चलने से मौसम सुहाना हो गया। पूरी रात लगातार तेज हवाएं चलती रही। इससे लोगो को गर्मी से काफी राहत रही। गुरूवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहने के साथ तेज हवाएं चलती रही। इस दौरान कुछ देर तक धूप रहने के साथ बार-बार सूर्यदेव बादलों की आगोश में छिपते रहे। हालात ऐसे रहे कि दोपहर बाद तेज धूप खिलने से लोगों को एक बार फिर से गर्मी और तेज धूप का सामना करना पड़ा। वहीं लगातार तेज हवाएं चलने के चलते लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलकर अपने कार्य निपटाने में जुटे रहे। मौसम में बदलाव से बीमारियों में इजाफा हुआ। मौसम विभाग ने 21 जून तक हल्की बारिश की संभावना जताई है। आसमान में बादल छाए रहने के दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। गुरवार को अधिकतम तापमान 39 व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा।



नहर में नहाते युवक। अमृत विचार

### लोगों को मानसून आने की उम्मीद दिखने लगी

आसमान में बादल छाए रहने के साथ बुधवार को हुई बूंदाबांदी के बीच हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। लेकिन दोपहर में तेज धूप निकलने पर गर्मी का प्रकोप फिर बढ़ गया। हालांकि शाम से एक बार फिर हवाएं चलने लगी। अब लोगों को मानसून आने की उम्मीदें नजर आने लगी है। अभी तक क्षेत्र में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो गए थे। सुबह से तेज धूप निकलने पर लोग घरों में दुबकने को मजबूर थे। गर्मी का प्रकोप बढने पर उल्टी दस्त के मरीजों में भी लगातार बढोत्तरी हो रही थी।

# जहरीला चारा खाने से तीन मवेशियों की मौत

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के मणिपुर सेमरिया गांव में जहरीला चारा खाने से तीन भैंसों की मौत हो गई। भैंसों की मौत के बाद पशुपालक का हाल बेहाल है। भैंसों की कीमत लगभग करीब एक लाख बताई जा रही है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के मणिपुर सेमरिया गांव निवासी रामलाल गुरुवार की सुबह अपनी भैंसों को चराने जंगल ले गया था। जहां एक खेत में सूखी पड़ी चरी को भैंसें खाने लगी। कुछ देर बाद भैंसों की हालात बिगड़ने लगी। भैंसों की हालात को बिगड़ता देख पशुपालक राम लाल भैंसों को लेकर घर वापस चला गया।

घर पहुंचते ही भैंसों की हालात नाजुक हो गई। जब तक पशुपालक रामलाल कुछ समझ पाता तब तक तीनों भैंसों की मौत हो गई। वहीं भैंसों की मौत के बाद से पशुपालक रामलाल के हाल बेहाल है। रामलाल ने बताया कि भैंसों की कीमत करीब एक लाख रुपए थी।



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

# हत्या के प्रयास में चार लोगों को दस-दस साल का कठोर कारावास

## अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-द्वितीय) ने सुनाई सजा, लगाया 44 हजार का अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



● सवारियां न बैठाने पर चालक पर चाकुओं से वार कर की थी जान लेने की कोशिश

**अमृत विचार।** जीप चालक को चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने वाले चार लोगों को कोर्ट ने दस साल कठोर कारावास की सजा और 44 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता संतकुमार दुबे ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला गर्दाबाद निवासी जहीरुद्दीन पुत्र कयामुद्दीन ने 19 जून 2010 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका छोटा भाई जफरुद्दीन जीप चालक है और गुरसहायगंज से सवारियां भरकर कमालगंज तक जाता है। शाम को साढ़े तीन बजे के करीब समधन कस्बे में ठाकुरद्वारा के निकट कुछ लोगों ने जबरदस्ती जीप रुकवा ली और उसमें बैठने लगे। जब उनके भाई ने मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों व चाकू से हमला बोल दिया। आरोपी सलीम व अलीम पुत्र मोहम्मद हनीफ, मजरुल पुत्र इदरीश व आसिफ उर्फ कालिया पुत्र अब्दुल हलीम ने जफरुद्दीन की हत्या करने के उद्देश्य से सिर व पेट में चाकू के कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने उसे भद्दी गालियां भी दीं। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए घायल जीप चालक को अस्पताल में भर्ती कराया। उपनिरीक्षक आबाद अहमद ने चारों के खिलाफ 18 दिसंबर 2013 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए।

गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-द्वितीय) हरेंद्रनाथ ने सलीम व अली, मजरुल व आसिफ उर्फ कालिया को दोष सिद्ध करते हुए हत्या के प्रयास में दस साल का कठोर सश्रम कारावास व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड, मारपीट में छह-छह माह का कारावास व 500-500 रुपये जुर्माना व गालीगलौज में एक-एक साल का कारावास व 500-500 रुपये दंड की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेगीं और इसमें गिरफ्तारी की अवधि में जेल में बिताए गए दिनों को भी जोड़ा जाएगा।

### जेलर पर हमले में कैदी को सात साल की सजा

**कन्नौज।** अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि 2017 में कैदियों ने जिला कारागार में हंगामा करते हुए जेलर व अन्य कर्मचारियों पर हमला बोल दिया था, जिसमें वह लोग घायल हो गए थे। तत्कालीन जेलर प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कोतवाली गुरसहायगंज में 32 बंदियों व कैदियों के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अभी गवाही चल रही है। एक कैदी रामदीन पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम रौसेन थाना सौरिख ने कोर्ट में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मामले की विवेचना करते हुए तत्कालीन उपनिरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। गुरुवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) लोकेश वरुण ने अभियुक्त रामदीन को जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर हत्या के प्रयास में सात साल का कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि जमा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोषी पहले से ही जिला कारागार में सजा काट रहा है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया गवाही के बाद अन्य अभियुक्तों को भी जल्द सजा सुनाई जाएगी।



पुतला जलाते भाजयुमो कार्यकर्ता।। अमृत विचार

# भाजयुमो ने नारेबाजी कर फूंका सपा नेता का पुतला

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ सपा नेता के द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से आक्रोशित भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने गुरुवार को शहर के पटेल नगर पर हाजी राजा का पुतला फूंका। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी ने हाजी राजा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जो आज समूची दुनिया का नेतृत्व कर रहें है उनके लिए एक हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर के ऐसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने से पूरे जनपद में रोश है। ऐसी बयान बाजी से पूरे जनपद का महौल बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रदेश में कुछ सीटे क्या जीत ली समाजवादी पार्टी के गुण्डे मदमस्त हो गए हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा ऐसे कुत्सित मानसिकता वाले गुण्डे के खिलाफ आंदोलन कर योगी सरकार से सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करती है। युवाओं ने कहा कि ऐसे हिस्ट्रीशीटर के घर में बुल्डोजर की कार्यवाही की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, शिवाशूं द्विवेदी, राजर्वधन सिंह, किशन शुक्ला, आलोक परिहार, राहुल वर्मा, प्रीतेश श्रीवास्तव, आर्यन, मनीष सोनकर समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लगुन में आए रिश्तेदार की शराब पीने के बाद मौत

**सौरिख।** जनपद मैनपुरी के थाना कुर्रा के गांव गदनपुर निवासी राधेश्याम (40) पुत्र रामेश्वर दयाल गुरुवार की रात सकरावा में स्थित एक गेस्ट हाउस में अपने साले शेर सिंह की साली की लगुन में शामिल होने आया था। देर रात लगभग 12 बजे शराब पीने से हालत बिगड़ गई जिसे देख अन्य रिश्तेदारों ने निजी वाहन से सौरिख सीएचसी भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क के किनारे खड़ी बाइक चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम बसावनपुरवा निवासी सुबोध ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 14 जून की सुबह वह इंदुइयागंज असौलिया तिराहा के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर खेतों में शौच करने गया था। तभी रोड पर खड़ी बाइक को कोई चोरी कर ले गया।

### विनय गुप्ता बने सकरावा व्यापार मंडल के अध्यक्ष

सौरिख। कस्बे में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मोहित गुप्ता के प्रतिष्ठान पर गुरुवार दोपहर को व्यापार मंडल का चुनाव हुआ। इसमें जिला कार्यकारिणी के नेतृत्व में सकरावा व्यापार मंडल के पदाधिकारी नियुक्ति किये गए। इसमें विनय गुप्ता बीनू सकरावा नगर अध्यक्ष, श्याम मिश्रा नगर महामंत्री, मोहित गुप्ता कोषाध्यक्ष, आनंद गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए। इस मौके पर हरीशंकर गुप्ता, मनोज गुप्ता, आलोक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सानू मिश्रा, रामकृपाल मिश्रा, छोटू गुप्ता छंगे गुप्ता आदि ने चुने गए पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई।

### हाईवे पर दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

गुरसहायगंज। कानपुर के मंधना निवासी विमल का पुत्र सौरभ (30) कन्नौज की ओर आ रहा था। तभी बुधवार की रात हाईवे पर लगभग 08 बजे अज्ञात वाहन ने तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक विनय शर्मा ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### महिला को दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

**सौरिख।** मकान निर्माण कर रही महिला के साथ दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। चौकी नादेमऊ क्षेत्र के भदौरियन पुरवा निवासी रेखा देवी पत्नी सर्वेश पाल ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बुधवार सुबह नौ बजे निजी जमीन पर मकान का निर्माण करवा रही थी। तभी गांव के गोलू पुत्र वाल्टर, रोहित व कल्लू पुत्रगण राजेश पाल, बबलू पुत्र अमर सिंह आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर लाठी डंडों व लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आई पुत्री बबली को भी पीट दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए भिजवाया।

### परिजनों से नाराज युवक ने जहरीला पदार्थ पीया

कन्नौज। अमृत विचार। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के टिड़ियापुर गांव निवासी रोहित(22) पुत्र झब्बू लाल परिजनों से किसी बात से नाराज था। इसी के चलते उसने देर रात जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो वह एंबुलेंस से उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां इलाज चल रहा है।

### युवक ने फंदा लगाकर जान देने का किया प्रयास

**कन्नौज।** कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के सारोतोप गांव निवासी सूफियान(27) ने किसी बात से नाराज होकर मकान के अंदर फंदा लगा कर जान देने का प्रयास किया। इसका पता चलने पर परिजनों ने कमरे में पहुंचकर रस्सी काट कर उसे उतार लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।

### हीटस्ट्रोक की चपेट में आए किसान की मौत

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। किसान की मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हीटस्ट्रोक से मौत होने की पुष्टि की है। किशनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी देवीलाल द्विवेदी पुत्र श्याम लाल द्विवेदी गुरूवार की सुबह सब्जी लेने बाजार गए हुए थे। बाजार से सब्जी लेकर लौटते समय जैसे ही वह कस्बे में बने पठान बाबा के समय पहुंचे कि अचानक गश खाकर जमीन में गिर गए। जमीन में गिरते ही किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन–फानन में अधेड़ को इलाज के लिए ले गए। जहां डाक्टर ने देखते ही देवीलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं मौत की खबर सुनते ही परिजनों में हड़कंप मच गया।

### निर्माणाधीन मकान गिरने से मां-बेटे घायल

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र में बुधवार शाम को अचानक आए चक्रवाती तूफ़ान से गजयीपुर गांव निवासी दालचंद्र निषाद की पत्नी शशिकला दस वर्ष के बेटे अनमोल के साथ घर पर मौजूद थी। तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। तभी अचानक निर्माणाधीन मकान गिर गया। जिसमें मां बेटे दब गए। ग्रामीणों की मदद से मां बेटे को जीवित हालत में बाहर निकाला गया। परिजन आनन–फानन निजी अस्पताल ले गए जहां दोनो का इलाज चल रहा है। दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। वहीं घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**फतेहपुर।** चार दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान कानपुर में बुधवार की शाम मौत हो गई। कि राधानगर थाना क्षेत्र के मदरियापुर मजरे केवई गांव निवासी छत्रपाल का पुत्र नरेश चंद्र 17 जून को बाइक से बांदा किसी काम से जा रहा था। तभी बिसंडा के समीप चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया था। बुधवार की शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घर वाले शव लेकर फतेहपुर आ गए और पुलिस को सूचना दे दिया।

### जुलाई में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह जुलाई 2024 की प्रथम अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सीडीओ ने बताया कि अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें कुल 12 विभागों के समन्वय से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

### योग दिवस पर प्रशासन की अपील

**फतेहपुर।** संयुक्त कार्यालय के प्रभारी अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार यानि कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए योग क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों आदि का सहयोग लिया जाये। प्रशासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम सुबह छह से सात बजे तक मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# नदी-माइनर में पानी के लिए किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



सिचाई विभाग के अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपते सपा नेता नवाब सिंह यादव आदि।

**अमृत विचार।** बारिश न होने व ईशन नदी समेत माइनर में पानी न छोड़े जाने से इंसानों के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। इसको लेकर सपाइयों ने सिंचाई विभाग के अवर अभियंता को ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शन किया। उन्होंने माइनर में पानी छोड़े जाने की मांग की।

सरायमीरा-कन्नौज रोड पर स्थित सिंचाई विभाग के दफ्तर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई सपा कार्यकर्ताओं ने सिंचाई कार्यालय पर ईशन नदी व माइनर में पानी छोड़ने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता को संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपा। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के पहले जब पानी की जरूरत नहीं थी तब वोट के लिए सभी बंबों और नदियों में पानी छोड़ा गया था। जबसे उन्हें कन्नौज और आस पास के जिलों में हार मिली है तबसे गरीब किसानो से बदला लेने की नीयत से नदी में पानी छोड़ने का आदेश नहीं दे रहे हैं। नदी व माइनर में पानी न आने से धान की रोपाई भी प्रभावित है। पशु पक्षियों को भी पानी नहीं मिल रहा है। चेताया कि यदि नदी में पानी नहीं छोड़ा गया तो समाजवादी लोग किसानो की लडाई लड़ने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेंगे। इस मौके पर संजय दुबे, अमित मिश्रा, उदय वीर यादव, सुरेन्द्र कुशवाहा, कुस्माकर यादब, सत्येन्द्र यादव, संजीव मिश्रा, दीपू यादव, गुड्डू डिश, अतुल मौर्य, गोलू भट्ट, इंतजार अहमद, गौतम कुशवाहा, मनोज कठेरिया सभासद, धर्मवीर पाल, रोहित, रानू सक्सेना, सचिन, सुरजीत यादव, संकल्प द्विवेदी, रानू सक्सेना, अवनीश यादव, अन्नू तिवारी, मकरंद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# दिन भर राहगीरों का शर्बत से किया गया गला तर

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चौफेरवा व बुदवन में राहगीरों को शर्बत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। शर्बत वितरण कार्यक्रम सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा।

पावर ग्रिड चौफेरवा में तैनात सुरक्षा कर्मी पूर्व सैनिकों द्वारा शर्बत वितरण का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में सूबेदार शीतला सहाय पाण्डेय, सुपर वाईजर पावरग्रिड, हवलदार जगनन्दन सिंह, हवलदार संतोष कुमार, हवलदार एके दीक्षित, हवलदार ज्ञानेन्द्र कुमार, हवलदार रामेश्वर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, महेन्द्र कुमार आदि ने योगदान दिया। डॉ. पूनम ग्राम विकास संस्थान की ओर से ग्राम सभा बुदवन कार्यालय में राहगीरों को रोक कर शर्बत पिलाया गया। संस्थापक राजेंद्र सिंह व अध्यक्ष डा. पूनम सिंह ने अपील की कि पांच पेड़ लगाएं।



पावर ग्रिड के पास शर्बत वितरण करते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

# घर में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया कलसान गांव निवासी राहुल (26) बुधवार को देर रात गांव के पास आयोजित भंडारा से घर आकर सो गया था। गुरुवार की सुबह ज़ब परिजन उठे और राहुल को जगाया तो कोई हलचल न होने पर पास में स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष आंनद कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**रेलवे परिसर में मिला अधेड़ का शव : गुरसहायगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को अधेड़ का शव मिलने पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक देवी चरण साहू ने शव की शिनाख्त कराई। अधेड़ की शिनाख्त ग्राम रौरा निवासी हकीमुद्दीन (50) पुत्र निजामुद्दीन के रूप में की गई।

# नहर में उतराता मिला सिरविहीन शव

संवाददाता, किशनपुर

● शव की शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नरैनी व अकबरपुर बड़वा गांव के बीच नहर में सिर कटी लाश उतराती हुई मिलने से ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को नहर से बाहर निकालकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के नरैनी व अकबरपुर बड़वा गांव के बीच नहर में गुरुवार को अज्ञात शव उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को नहर से बाहर निकाला। नहर से बाहर निकालने के बाद पता चला की शव मे सिर नहीं है। सिर कटी लाश मिलने के बाद एक बार फिर पुलिस के हाथ पैर फूल गए। पुलिस शव के पहचान कराने में जुटी हुई है। सिर कटी लाश मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि अधेड़ को मौत के घाट उतार शव ठिकाने लगाने के लिए नहर में फेका गया है। वही लोगों का मानना है कि यह शव नहर में कहीं दूर से बहकर आया है। पुलिस शव की पहचान कराने में लगी है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के नेवादा चक बरारी बिलंदा में घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। वहीं पुत्र ने लू लगने की बात बताई है।

थरियांव के नेवादा चक बरारी बिलंदा गांव निवासी स्व. रामधनी का पुत्र जवाहर लाल की घर पर ही संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र ज्ञानेंद्र मौर्य ने बताया कि वह अपनी मां तारादेवी के साथ दिल्ली गया था। कल जब वह लौटकर आया तो पिता कमरे में अचेतावस्था में पड़े थे। काफी आवाज व हिलाने पर भी नहीं बोले तो पड़ोसी ने बताया कि उनकी मौत हो गई है।

# मृतक के घर पहुंचे कमिश्नर व डीआईजी

संवाददाता, फतेहपुर



पीड़ित के घर आए आयुक्त विजय विश्वास पंत व डीआईजी प्रेम कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील खागा के विकास खंड धाता के ग्राम पंचायत पाई में एसडीएम की बदसलूकी से जान देने वाले किसान रविकरन सिंह पुत्र स्व जागेश्वर सिंह के घर जाकर मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम कुमार गौतम ने शोकाकुल परिवारजनों से बात की। प्रकरण की जानकारी करने के बाद निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी सी इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने शोकाकुल परिवारजनों को सांत्वना दी। अफसरों ने मृतक की पत्नी कुसमा देवी, पुत्र जयचंद्र सिंह, सूर्यप्रकाश सिंह, दरियाव सिंह, पुत्री सुधा सिंह को आश्वस्त किया कि प्रकरण के सभी पहलुओं की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारी व कर्मचारी पर कार्रवाई कराने की बात कही। साथ ही मौके पर राजस्व व चकबंदी टीमें से राजस्व नक्शे के अनुसार पैमाइश करवाई।

मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी से कहा कि राजस्व व चकबंदी की संयुक्त टीम बनाकर पाई में कैंप लगवाएं। अवैध कब्जे, चकबंदी के बाद में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही जो शेष रह गई है उसे जल्द से जल्द को पूरा कराया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त अविनाश त्रिपाठी, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

लक्ष्य तय | वन विभाग की नर्सरी में तैयार की जा चुकी है पौध

# बारिश का इंतजार, पौधरोपण की तैयारी में प्रशासन

संवाददाता, फतेहपुर



● स्थलों के चयन के बाद भेजी गई सूचना

**अमृत विचार।** पौधरोपण अभियान के लिए जिले को मिले टारगेट को पूरा करने के लिए विभागों ने कमर कस ली है। वन विभाग की नर्सरी में पौधरोपण के लिए पौध तैयार कर ली गई है। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से गड्ढा खुदाई का काम जारी है और इसकी सूचना लगातार वन विभाग को भेजी जा रही है। पौधरोपण अभियान के लिए अधिकारियों को बारिश का इंतजार है, हालांकि अभी इसकी तिथि निर्धारित नहीं हुई है।

शासन ने जनपद को हर साल पौधरोपण के लिए लक्ष्य दिया जाता है। इसमें वन विभाग के अलावा सभी विभागों को अलग से टारगेट दिए गए हैं जिससे जनपद के सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में पौध लगाई जा सके। इस बार जिले में 48 लाख से अधिक पौधों का रोपण होगा जिसमें सर्वाधिक पौधे वन विभाग द्वारा रोपे जाएंगे जिसके साथ ही अन्य विभागों को भी उसकी जिम्मेदारी सौंप गई है। वन विभाग द्वारा सभी रेंजों में पौधारोपण के लिए टारगेट फिक्स किए गए हैं। सबसे ज्यादा पौधारोपण का काम ग्राम विकास विभाग द्वारा कराया जाएगा। इसको लेकर स्थल चयन के साथ ही मनरेगा से गड्ढों की खुदाई का काम जारी है साथ ही वन विभाग को लगातार सूचनाए मांगी जा रही हैं।

प्रशासन स्तर पर कई बार पौधारोपण अभियान सफल बनाने को लेकर बैठकें भी हो चुकी है। अभियान की सफलता के लिए अधिकारियों को बारिश होने का इंतजार है। जिला वन अधिकारी ने बताया कि वन विभाग की ओर से तैयारी कर ली गई है। विभागों द्वारा लगातार जगह का चयन एवं गड्ढों की खुदाई की सूचना भेजी जा रही है। शासन से तिथि निर्धारित होते ही पौधों के रोपने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### इस तरह विभागवार होगा पौधरोपण

पौधरोपण के दिए गए लक्ष्य में सबसे अधिक ग्राम्य विकास विभाग को 22.35 लाख तथा सबसे कम परिवहन विभाग को 49 सौ पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा पर्यावरण विभाग 1.28 लाख, राजस्व 1.88 लाख, पंचायती राज 2.28 लाख, औद्योगिक विभाग 11 हजार, नगर विकास 36 हजार, लोक निर्माण 21 हजार, जलशक्ति 21 हजार, रेशम 26 हजार, कृषि 4.40 लाख, पशुपालन 10 हजार, सहकारिता 9940, उद्योग 16 हजार, ऊर्जा 8120, माध्यमिक शिक्षा 23 हजार, बेसिक शिक्षा 30 हजार, प्राविधिक शिक्षा आठ हजार, उच्च शिक्षा 31 हजार, श्रम 52 सौ, स्वास्थ्य 16 हजार, रेलवे 19 हजार, उद्यान 2.77 लाख तथा गृह विभाग को 12,600 का लक्ष्य दिया गया है। वन विभाग को 10,49,200 का लक्ष्य मिला है।

# बाइक व पांच लाख के लिए विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में बाइक व पांच लाख रुपये न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट की और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम भैसियापुर निवासी रूपम ने बताया कि फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा ग्राम रानीगढ़ निवासी नेत्रपाल से उसकी शादी दो वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद पति नेत्रपाल, जेठ राजपाल, जेठानी पारुल, ससुर शुगर सिंह, जेठ के पुत्र गौरव ने दहेज में बाइक व पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ गालीगलौज की और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अधूरी रेलिंग दे रही हादसे को दावत

संवाददाता, किशनपुर



सड़क की अधूरी पड़ी रेलिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दादों यमुना ओवर ब्रिज में किशनपुर की तरफ लगभग 200 मीटर अप्रोच सड़क में रेलिंग नहीं बनाई गई है। जिसकी लंबाई लगभग 40 फिट है जहां राहगीरों का चलना खतरे से खाली नहीं है। विभाग टेंडर के हिसाब से काम करने की बात कह पल्ला झाड़ रहा है।

करोड़ों की लागत से भले ही किशनपुर दांदो यमुना ओवरब्रिज बनकर तैयार हो गया हो। लेकिन अभी भी ओवरब्रिज में चलना खतरे से खाली नहीं है। ओवर ब्रिज में दादों की तरफ 50 मीटर और किशनपुर की तरफ 400 मीटर अप्रोच सडक बनी है। जहां दोनों तरफ सड़क बनाने के बाद कार्यदाई संस्था ने बांदा की तरफ 50 मीटर एवं किशनपुर की तरफ अप्रोच सड़क में 200 मीटर रेलिंग लगाईं गई है। शेष 200 मीटर सड़क खाली पड़ी है जहां लगभग 40 फिट ऊंचाई है। जहां से राहगीरों को तेज रफ्तार में चलना खतरे से खाली नहीं है।

राहगीरों ने बताया सड़क की चौड़ाई भी अत्याधिक न होने के कारण डबल वाहन निकलने में तेज रफ्तार वाहनों को समस्या होगी। शेष सड़क में रेलिंग लगना जरूरी है। जिससे हादसों में कमी आएगी। इस सड़क में बांदा, फतेहपुर, चित्रकूट, झांसी, सतना, प्रतापगढ़, लखनऊ, रायबरेली सहित दर्जनों जिले के वाहन आवागमन करते हैं। जेई मोहित श्रीवास्तव ने बताया 50 मीटर बांदा की तरफ 200 मीटर फतेहपुर की तरह रेलिंग बनाई गई है। शेष सड़क में अगर नया टेंडर होगा तो रेलिंग बनवाई जाएगी।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## पर जनपदवासियों को हार्दिक मंगलकामनायें

## कन्नौज परिशिष्ट

### योग दिवस की जनपदवासियों को शुभकामनाएं

बीते दस साल से हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते आ रहे हैं। एक बार फिर से यह अवसर सामने है। योग केवल दिवस तक ही सीमित न रहे। प्रतिदिन का योगाभ्यास आपको स्वस्थ व निरोगी रख सकता है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री योग दिवस की शुरुआत कर पूरे विश्व को संदेश दिया है। दसवें योग दिवस के मौके पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ही सभी के स्वस्थ व निरोगी रहने की कामना करता हूं।



**शुभ्रांत कुमार शुक्ल**
जिलाधिकारी कन्नौज

### योग को दैनिक दिनचर्या का अंग बनाएं

प्राचीन काल से ही हमारे देश में योग का खासा महत्व रहा है। ;षि मुनियों ने योग को अपनाकर ही लंबी आयु पाई और स्वस्थ निरोगी जीवन जीया। एक बार फिर से हम भारतीय संस्कृति की तरफ लौट पड़े हैं। इस क्रम में योग सप्ताह का आयोजन पुलिस लाइन में भी किया गया जिसके तहत पुलिस कर्मचारियों के साथ ही उनके बच्चों ने भी नित्य योगाभ्यास किया। जनपदवासियों से अपील है कि वे रोज की दिनचर्या में योग को शामिल करें और स्वस्थ जीवन जीयें।



**अमित कुमार आनंद**
पुलिस अधीक्षक, कन्नौज

### योग के साथ सफाई को भी जीवन में करें शामिल

जीवन अगर स्वस्थ है तभी जीने का आनंद है। रोज कुछ समय खुद को देकर योग का अभ्यास आपको निरोगी रख सकता है। ध्यान रहे कि यह कार्य केवल योग दिवस या सप्ताह तक ही सीमित न रहे। नियमित सुबह दस से 15 मिनट का समय खुद को देकर आप जीवन भर निरोगी रह सकते हैं। इसके साथ ही जीवन में साफ सफाई का भी खास खयाल रखना जरूरी है। दैनिक दिनचर्या में पश्वलीथिन के प्रयोग से बचें और बाजार जाते समय कपड़े का थैला अवश्य लेकर जाएं। कूड़ा इधर उधर न फेंकें यह भी जरूरी है।



**श्यामेंद्र मोहन चौधरी**
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, कन्नौज।

### योगाभ्यास कर निरोगी रहें, शुभकामनाएं

योग दिवस के मौके पर जिले के सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर बस इतना ही कहना है कि नियमित योगाभ्यास करके निरोगी काया अपनाएं। योग को केवल दिवस या सप्ताह का हिस्सा भर न बनने दें। कुछ समय प्रातरूकाल उठकर खुद को दें और प्राणायाम व अन्य योग करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। इसके साथ ही खानपान में भी संयम बरतकर खुद को स्वस्थ व निरोगी रख सकते हैं।



**नवाब सिंह यादव**
अध्यक्ष कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति, कन्नौज

### जीवन में योग बहुत जरूरी

आज पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। भारत के लिए यह गौरव की बात है कि वह अपनी संस्कृति को देश दुनिया तक फैलाने में सफल रहा है। योग को जीवन शैली में शामिल करना आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बेहद आवश्यक है। प्रतिदिन टहलने के साथ ही कुछ योग क्रियाएं व्यक्ति को स्वस्थ रखने में सहायक होतीं हैं। जनपदवासियों को शुभकामनाओं के साथ यही अपील है कि प्रतिदिन की जीवनचर्या में योग को कुछ समय देकर स्वस्थ व आनंदित जीवन जीयें।



**अनुराग मिश्र**


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

स्कालरशिप प्राप्त करें रु0 3000 तक की

प्रवेश प्रारम्भ
कक्षा 3 से 10 तक
(हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में)
ALL SUBJECTS
1. Math's, 2. Computer, 3. Hindi
4. English, 5. Science, 6. G.K.

सुविधायें:
1. एयर कंडीशनर क्लास रूम।
2. जनरेटर/इन्वर्टर की व्यवस्था।
3. टी.वी./ कैमरे से सुसज्जित रूम।
4. R.O. वाटर की समुचित व्यवस्था।

नोट: प्रत्येक विद्यार्थी को Computer व English Speaking FREE

ADDRESS
आई0टी0एम0 कम्प्यूटर कॉलेज
कानूनगोयान, कन्नौज
Mob-: 9026506892, 9450692734



MANISH SIR
(M.Sc., M.Tech.)

विश्व योग दिवस की हार्दिक शुभकामनायें



सत्यराम यादव
पूर्व प्रवक्ता- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
जिला प्रभारी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, कन्नौज
राज्य कार्यकारिणी सदस्य, उत्तर प्रदेश मध्य क्षेत्र
मो0- 9760095206

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राठौर मिनी आइस फैक्ट्री
गदनपुर बड्डू, मकरन्दनगर, कन्नौज

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय



मकरन्दनगर, कन्नौज



स्व0 चौ0 चंदन सिंह
बी.ए., बी.एस.सी., बी.एड., एम.ए, एम.एस.सी., एन.सी.सी., स्काउट गाइड
उत्तम शिक्षा- हमारा ध्येय

नवाब सिंह यादव
अध्यक्ष
पूर्व ब्लाक प्रमुख, कन्नौज

आर.एन.मिश्रा
कार्यवाहक प्राचार्य

अनुराग मिश्र
उपाध्यक्ष

करें योग
रहें निरोग

विश्व योग दिवस की हार्दिक शुभकामनायें



मनोज दुबे
चेयरमैन
मो0: 9415493078, 8009564125

नगर पालिका परिषद छिबरामऊ (कन्नौज)
एवं समस्त सभासदगण छिबरामऊ

नगर पालिका परिषद की एक वर्ष की उपलब्धियां:-
- शहर के गूदरगढहा व गंगेश्वरनाथ तालाब का सुंदरीकरण
- शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए नगर सेवा मोबाइल एप
- नगर पालिका में सफाई के लिए वाहनों की संख्या में वृद्धि
- सौरिख तिराहा पर सुंदरीकरण तिरंगा पार्क का निर्माण
- शहर में बेहतर पेयजल, सफाई व्यवस्था।

आगामी योजनायें:-
- सौरिख तिराहा पर फव्वारा एवं सेल्फी प्वाइंट।
- नगर के मुख्य मार्ग पर डिवाइडर व रोड लाइट।
- अतिक्रमण मुक्त सुंदर एवं स्वच्छ छिबरामऊ नगर।
- नगर के चहुंमुखी विकास के लिए 8 करोड का बजट।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मानीमऊ कोल्ड स्टोरेज
मानीमऊ, कन्नौज।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनायें
ब्रांड ऑप्टिकल सेन्टर
कन्नौज जनपद का एकमात्र टाइटन फास्ट्रैक का शोरूम
फ्रेम एवं सनग्लास
डाक बंगला रोड, रोडवेज बस स्टाप के पास, सरायमीरा कन्नौज



लाला भाई पटेल

# मौसम ने मारा पलटा, आठ डिग्री लुढ़का पारा, मिली गर्मी से राहत

## भीषण गर्मी के बाद चक्रवाती परिसंचरण से 7.5 मिमी हुई बारिश, उमस बरकरार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मॉनसून आने से पहले बने चक्रवाती परिसंचरण से जिले में 7.5 मिमी बारिश हुई, जिससे तापमान आठ डिग्री नीचे चला गया। कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे लोगों को राहत मिली, लेकिन उमस अब भी बरकरार है। मौसम विभाग का कहना है कि हवा की दिशा बदलने के कारण मौसम में भी बदलाव हो रहा है और आने वाले दिनों में और भी बारिश होने की संभावना है।

गुरुवार की सुबह अचानक आसमान में काले बादल घिर आए और तेज हवा के साथ पहले बूंदाबांदी होती रही। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। काफी देर तक बारिश होती रही, जिससे तापमान घटकर 36 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी 31 से घटकर 25 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवा की गति भी 65 किमी प्रतिघंटा से अधिक रही। हवा में नमी की मात्रा भी बढ़कर 34 प्रतिशत हो गई, जिससे दिन भर उमस रही। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आने में अभी समय है, इससे पहले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक क्षोभमंडल और चक्रवाती परिसंचरण बन गया है, जिस कारण बादल आपस में टकराने लगे हैं और बारिश हो रही है। हवाओं की दिशा भी दक्षिण-पश्चिम होने से हीटवेव का प्रभाव कम हुआ है, इससे तापमान भी गिर गया है। जिले में 7.5 मिमी बारिश दर्ज की गई, तीनों तहसीलों में छिबरामऊ क्षेत्र में अधिक बारिश हुई है।



सदर ब्लॉक के नथापुरवा गांव में बारिश से भीगी मक्का की फसल। अमृत विचार

> चक्रवाती परिसंचरण के कारण जिले में बारिश हो रही है। इसी वजह से तापमान गिर गया है। परिसंचरण अभी बना हुआ है, जिसके कारण आने वाले पांच दिन तक बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ छिटपुट बारिश होने संभावना है।
>
> -डॉ. अमरेंद्र कुमार, मौसम वैज्ञानिक

- मानसून आने से पहले हवाओं की गति व दिशा में हो रहा बदलाव

### मौसम की करवट से मक्का पर संकट

मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे ग्रीष्मकालीन मक्का पर संकट आ गया है। कई लोग अगेती मक्का काटकर बेच चुके हैं तो कई खेतों में अभी मक्का पकी खड़ी है। कई किसानों ने भुट्टे तोड़कर सूखने के लिए खेत में डाल दिए हैं। बारिश से मक्का भीग गई, जिससे किसान परेशान हैं और तिरपाल आदि से भुट्टों को ढक दिया है। अभी भी आसमान में बादल छाए हैं। वहीं, खेतों में उड़द और मूंग की फसलें भी तैयार खड़ी हैं। ऐसे में यदि बारिश लगातार होती रही तो ये फसलें खराब हो जाएंगी।

## स्कूल चलो अभियान 28 जून से शुरू होगा

**कन्नौज।** गर्मियों की छुट्टियों के बाद खुलने जा रहे परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश व स्कूल चलो अभियान पर जोर दिया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि 25 जून से शिक्षक परिषदीय स्कूलों में पहुंचेंगे। 28 जून से जब विद्यार्थी पहुंचेंगे तो विद्यालयों में उनका स्वागत किया जाएगा। पहली जुलाई से कक्षाएं लगने का समय सुबह साढ़े सात से दोपहर डेढ़ बजे तक रहेगा।

महानिदेशक ने कहा है कि सभी परिवारों का सर्वेक्षण कर छह से 14 साल के बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश कराया जाए। इसको लेकर 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलेगा। विद्यालयों में पीटीएम यानि शिक्षक अभिभावक बैठक में ड्रॉपआउट व अनुपस्थित रहने वाले बच्चों की संख्या कम करने पर चर्चा होगी। अभिभावकों से संपर्क कर छात्र-पत्र में कहा गया है कि 28 व 29 जून के बीच विद्यालय सुबह साढ़े सात से 10 बजे तक ही खुलेंगे। इस दौरान समर कैंप लगेगा। शिक्षक की ओर से डीबीटी के लिए छात्र-छात्राओं व अभिभावकों का ब्योरा प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कर उनका आधार सत्यापन करेंगे।



उमर्दा के महादेवपुर्वा में योग करते ग्रामीण, अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

# अमृत सरोवर के निकट किया योग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- महादेवपुर्वा में पहुंचे पीडी, डीसी मनरेगा समेत कई बीडीओ
- भाजपा औरैया प्रभारी व ब्लॉक प्रमुख उमर्दा भी रहे शामिल

**अमृत विचार।** जिलेभर में 15 जून से योग सप्ताह मनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पहले उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहनगर के महादेवपुर्वा में बने अमृत सरोवर के निकट योग व प्राणायाम में कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

गुरुवार को सुबह महादेवपुर्वा में योग शिक्षक आलोक वर्मा ने योग व प्राणायाम कराया। इसमें भाजपा के औरैया प्रभारी आनंद सिंह व ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा ने भी अनुलोम विलोम समेत कई आसन किए। इस मौके पर पीडी रामऔतार, डीसी मनरेगा दयाराम यादव, बीडीओ सौरिख निरंजन त्रिवेदी, बीडीओ छिबरामऊ दीपांकर आर्या, एपीओ धनंजय शुक्ल, प्रधान मंजूलता, दिनेश व सचिव कौशलेंद्र आदि मौजूद रहे। डीसी मनरेगा ने बताया कि तिर्वा के बाबा दौलेश्वर धाम में 21 जून को सुबह छह बजे से योग होगा।

दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुलिस लाइन रोड के निकट स्थित वृद्धाश्रम में योग शिक्षिका सुनीति शर्मा व योगेंद्र शर्मा ने योगाभ्यास कराया। जिला संगठन मंत्री चित्रांशु ने बताया कि 21 जून को 52 स्थानों पर योग कार्यक्रम कराया जाएगा।

इस अवसर पर सक्षम, उत्कर्ष तिवारी मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि जिला कचहरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनेगा। साथ ही जिला कारागार, वृद्धाआश्रम, तीनों तहसीलों के साथ अन्य स्थानों पर भी आयोजन होगा। दूसरी ओर महादेवी घाट पर भी आज सुबह पांच बजे बड़ा आयोजन होगा।



कर्मचारियों को सम्मानित करते ईओ श्यामेन्द्र मोहन चौधरी। अमृत विचार

# सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद कन्नौज में अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी के नेतृत्व में स्वच्छता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड मेंबर व सफाई कर्मचारियों को जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं एफएसआई द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से बताया गया व अपने-अपने क्षेत्र में उनका पालन करने को कहा गया। इसके अलावा गीले कूड़े का महत्व बताते हुए उसका निस्तारण घर से ही करने, घरों के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने व प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को अधिशासी अधिकारी कन्नौज, एफएसआई, एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 36 शिक्षकों के होंगे अंतर्जनपदीय पारस्परिक तबादले, जारी हुई सूची

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कल तक जमा होंगी बीएसए कार्यालय में चार-चार पत्रावलियां
- 21 तरह के कागज लगाना अनिवार्य होगा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के 36 शिक्षकों के कल तक अंतरजनपदीय पारस्परिक तबादले होंगे। इसकी सूची सचिव ने जारी कर दी है। बीएसए कार्यालय में चार-चार पत्रावलियां जमा की जा रही हैं। इसमें 21 तरह के कागज लगाए जा रहे हैं। 22 जून तक तबादले किए जाएंगे।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने पारस्परिक शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादले की सूची जारी कर दी है। इसमें जनपद के भी 36 अध्यापकों के नाम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कन्नौज से मैनपुरी, औरैया, आगरा, फर्रुखाबाद, रायबरेली, फतेहपुर, उन्नाव, प्रयागराज, एटा, ललितपुर, हमीरपुर, शाहजहांपुर, इटावा, कानपुर देहात, सीतापुर जिलों के लिए शिक्षकों के पारस्पारिक तबादले हो रहे हैं। गुरुवार को भी कुछ शिक्षकों ने पहुंचकर फाइलें डाक में जमा कीं।

उन्होंने कार्यमुक्त होने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। दूसरी ओर बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि फाइल में बीईओ की ओर से जारी कार्यमुक्ति आदेश, विद्यालय का अदेयता प्रमाण पत्र, जिस बैंक में वेतन मिल रहा वहां का अदेयता प्रमाण पत्र होना जरूरी है। इसके साथ ही पैन कार्ड व आधार कार्ड की कॉपी, पारस्परिक तबादले के लिए ऑनलाइन बने जोड़े का प्रिंट आउट, पंजीकरण का प्रिंट आउट, नियुक्ति आदेश, विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की आख्या, यदि कोई तबादला हुआ तो उसका आदेश, पदोन्नति हुई हो तो उसका आदेश, सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, निवास, जाति प्रमाण पत्र, तीन फोटो व शपथ पत्र आदि भी देना होगा।

### स्थानांतरण के लिए यह जरूरी

- शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण में उस बैच के अध्यापकों के पदोन्नति की प्रक्रिया नहीं हुई है तो ऐसे शिक्षकों को कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा।
- ग्रामीण क्षेत्र से गांव के ही स्कूल व नगर क्षेत्र से नगर के विद्यालयों के लिए तबादले होंगे।
- चार पत्रावलियों में एक फाइल विद्यालय में और दूसरी बीआरसी पर जमा होगी। दो अन्य फाइलें बीएसए कार्यालय में दी जाएंगी, इसमें शिक्षक को मिल जाएगी जो संबंधित तबादले वाले जिले में जमा हो जाएगी।

## फौजी को बंधक बना शादी कराने की रिपोर्ट

**तालग्राम, कन्नौज।** फौजी को घर में बंधक बनाकर युवती से जबरन शादी कराने के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

गुरसहायगंज कोतवाली के ग्राम लज्जापुर्वा निवासी विश्वनाथ सिंह की पत्नी मीरा देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 07 जून को उनका पुत्र शैलेंद्र सिंह मामा बबलू को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के लिए घर आया था। तभी ग्राम मवई निवासी सोनी ने उसे फोन कर अपने घर बुला लिया। इसके बाद सोनी के पिता बैरिस्टर, चाचा सुखदेव, गुरजीत, विक्की, आशा, पुष्पा व सोनी ने उसके पुत्र को फोन बंद कर घर में बंधक बना लिया। इसके बाद जबरन सोनी के साथ उसकी शादी करा कर वीडियो और फोटो भी बना ली। घटना में चार अज्ञात लोगों ने भी सहयोग किया। पुलिस ने सात नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर की है।

## सार-संक्षेप

### नामीगिरामी स्कूल नहीं ले रहे आरटीई के तहत प्रवेश

**कन्नौज।** जिले के कुछ नामीगिरामी स्कूलों की ओर से शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत बच्चों के निशुल्क प्रवेश नहीं लिए जा रहे हैं। इसकी शिकायतें बीएसए कार्यालय पहुंचीं हैं। कुछ अभिभावकों ने विद्यालयों पर मनमानी का आरोप लगाया है। दूसरी ओर चौथे व अंतिम चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया का समय 20 जून को पूरा हो गया है। गरीब बच्चों को कक्षा आठ तक की निशुल्क शिक्षा के तहत निजी विद्यालयों में 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिए जाते हैं। इसमें कोई शुल्क नहीं लगता है। मार्च से शुरू हुई चार चरणों में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पर 20 जून को विराम लग गया। बताया जा रहा है कि शहर के कुछेक विद्यालयों की ओर से प्रवेश में आनाकानी करने व अभिभावकों को टरकाने के मामले प्रकाश में आए हैं। हालांकि कहा गया है कि पहली जुलाई से जब स्कूलों में विधिवत पढ़ाई होगी तो उसका संज्ञान लेकर कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल गर्मियों की छुट्टियों में ज्यादातर विद्यालय बंद चल रहे हैं। डीसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिन स्कूलों ने प्रवेश लिए हैं या नहीं लिए हैं उसकी सूची बीईओ के जरिए मांगी जा रही है। अब चौथे चरण के आवेदनों की जांच व प्रवेश का काम चलेगा। आवेदन का समय समाप्त हो गया है। जो विद्यालय प्रवेश नहीं ले रहे हैं उनसे कारण व स्पष्टीकरण लिया जाएगा।

### अधिक उपज के लिए समय से बोयें मक्का

**जलालाबाद।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषकों के प्रक्षेत्र पर हाइब्रिड मक्का प्रजाति आईएमएच 222 तथा आईएमएच 223 का प्रदर्शन किया गया। यह दोनों प्रजातियां भारतीय मक्का शोध संस्थान, लुधियाना, पंजाब द्वारा विकसित की गई है। कहा गया कि समय से बुआई करके अधिक उपज ली जा सकती है। संस्था के निदेशक डॉ. एचएस जाट तथा चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर के निदेशक प्रसार, डॉ. आरके यादव ने केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया व अन्य वैज्ञानिकों के साथ ग्राम सियरमऊ के कृषक सुरेंद्र कुमार सिंह, उमेश कुमार तिवारी व राकेश तिवारी के क्षेत्र का भ्रमण कर इन प्रजातियों की सफलता का अवलोकन किया। कृषकों ने बताया कि इन प्रजातियों की 15 मार्च के आसपास बुवाई की गई थी। डॉ. जाट ने बताया कि यदि इन प्रजातियों की बुवाई फरवरी में की गई होती तो उनका प्रदर्शन और अच्छा होता। किसानों ने अगले वर्ष बुवाई हेतु इन्हीं बीजों की मांग की।



मक्का की फसल का निरीक्षण करते कृषि वैज्ञानिक।

### टीकाकरण में ग्राम प्रधान का लिया जाएगा सहयोग

**जलालाबाद।** ब्लॉक परिसर में विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान के संबंध में बैठक हुई। इसमें टीकाकरण में ग्राम प्रधानों का सहयोग लेने की बात कही गई। बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि 01 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान गांव-गांव चलाया जाएगा। कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। टीकाकरण के लिए माइक्रोप्लान बनवाया जाएगा। जिन बच्चों के माता पिता टीका लगवाने से मना करते हैं वहां के प्रधानों का भी सहयोग लिया जाएगा। डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ.शिवांगी शुक्ला, बीएमसी हिना, डबल्यूएचओ मॉनीटर आजाद द्विवेदी, यूनिसेफ डीएमसी राजीव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### पुस्तकालय को दी प्रथम आलोचनात्मक पुस्तक

**जलालाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार सजल ने साहित्यकार डा. किशोरी लाल गुप्त के 109 वें जन्म दिवस पर भदोही में आयोजित काव्य गोष्ठी में काव्य पाठ किया। उन्होंने हिंदी की नूतन सजल विधा की प्रथम आलोचनात्मक पुस्तक हिंदी सजल स्वरूप और विकास को समिति के पुस्तकालय में भेंट किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र गुप्त ने डॉ. सजल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता चेयरमैन गोपीगंज, घनश्यामदास गुप्ता, विनय चौरसिया, प्रो. डा. विद्याशंकर त्रिपाठी, कवि पारसनाथ मिश्र, नीलम गुप्ता, सुरेश पांडेय मंजुल, विद्या पति शुक्ल, कोकिल अरविंद गुप्ता, इंदु चंद्र पांडेय, संदीप बालाजी, कैलाशनाथ चौबे घायल, कर्मराज किसलय आदि मौजूद रहे।



समिति को पुस्तक भेंट करते संतोष कुमार।

## चेयरमैन ने दिए सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र

**सौरिख।** नगर पंचायत के सभी वार्डों से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में सभी वार्डों से बुलाए गए सफाई कर्मियों का कस्बे को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसबीपीएस स्वच्छता एवं ब्रांड एंबेसडर संजय नगर निवासी आदेश दुबे को चुना गया और अध्यक्ष ने नियुक्त पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अजहर सिद्दीकी, राजन सैनी, आशीष राजपूत, अजीत सिंह, रविंद्र, रवि कुमार, रामकिशोर, राकेश रहे।

# पुलिस ने अभियान चला 43 वाहनों के काटे चालान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में जनपदीय पुलिस की ओर से चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के तहत वाहनों में हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

11 से 25 तक वाहनों में हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में यातायात पुलिस व थानों की पुलिस ने विभिन्न स्थानों, मुख्य चौराहों पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान नियम के खिलाफ वाहनों में हूटर, लालनीली बत्ती समेत प्रदेश सरकार लिखने पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने चेकिंग में 16 गाड़ियों से पुलिस कलर निकलवाय। 12 गाड़ियों से उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार लिखा हुआ हटवाया गया। 10 वाहनों के प्रेशर हॉर्न निकलवाये गए। इन सभा वाहनों के चालान किये गये। एक हूटर सायरन निकलवाया गया। एक कार में ब्लैक फिल्म लगी मिली जिसको हटवाया गया। अभियान के दौरान 43 चालान किए गए। वाहन चालकों को यातायात नियमों व अवैधानिक रूप से हूटर ,सायरन ,लाल नीली बत्ती,ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करे तथा हटाने के हिदायत दी गई ।

# समर कैंप में बच्चों ने लिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप में गुरुवार को बच्चों को शूटिंग, टेबल टेनिस और डांसिंग के अलावा अन्य तरह का प्रशिक्षण दिया गया।

अध्यक्षा वामा सारथी संस्था की अध्यक्ष कामिनी कौशल पत्नी अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक कन्नौज, के सौजन्य से पुलिस लाइन में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप के दौरान गुरुवार को बच्चों का प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षकों ने 12वीं कक्षा तक के छात्रों को विभिन्न खेलों जैसे टेबल टेनिस, लॉन टेनिस ताइक्वांडो, शूटिंग, डॉसिंग समेत अन्य तरह के खेल सीखे। प्रशिक्षकों ने उनको खेल की बारीकियां समझाई। प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुलिस के साथ जुडकर, सकारात्मक संबंधों और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। इस समर कैंप के माध्यम से बच्चे पुलिस के साथ घुलमिल कर नया वातावरण तैयार कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान मिलेगा। कानून प्रवर्तन व समुदाय के बीच के बंधन को भी मजबूती प्रदान करेगा।



पुलिस लाइन में समर कैंप में खेलते बच्चे। अमृत विचार

**आक्रोश** राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

# ब्राह्मणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हो सरकार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने हत्याओं पर जताया रोष

**अमृत विचार।** प्रदेश में हो रहीं ब्राह्मणों की हत्याओं को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने ज्ञापन दिया और सरकार से ब्राह्मणों की सुरक्षा की मांग की। परिषद ने जनपद हाथरस में हुई योगेश उपाध्याय की हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए परिवार को सुरक्षा व आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

गुरुवार को अधिवक्ता अभिषेक द्विवेदी रूपेश के नेतृत्व में ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। अधिवक्ता अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में ब्राह्मणों की हत्याएं हो रहीं हैं, जिससे सोशल मीडिया पर लोग अब यूपी को ब्रह्म हत्या प्रदेश कहकर ट्रोल कर रहे हैं। सुल्तानपुर, देवरिया और श्रावस्ती समेत कई जिलों में ब्राह्मण समाज के लोगों की हत्या कर दी गई, हाथरस में ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय की निर्मम हत्या कर दी है। इनके गुनाहगारों का एनकाउंटर किया जाए और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए। योगेश के परिवार को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता तथा सुरक्षा दी जानी चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव दुबे, कृष्णतीर्थ मिश्रा, रिंकू दीक्षित, संजीव तिवारी, अंकित पांडेय, सिक्कू त्रिपाठी, मोहित पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण एकता के पदाधिकारी। अमृत विचार

### सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ अभियान

**सौरिख।** कस्बे की मोहल्ला संजय नगर में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया गया। दुकानदारों एवं सब्जी की ठेली लगा रहे लोगों को पॉलीथिन न देने की अपील की गई। इस दौरान नगर पंचायत कर्मी आशीष राजपूत, प्रताप नारायण, अजीत, रविंद्र कुमार, हरनाथ सिंह मौजूद रहे।

## युवक ने महिला से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**तालग्राम।** ग्राम निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पति बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। वह दो बच्चों के साथ घर में अकेली रहती है। 02 जून की रात वह बच्चों के साथ वह घर पर सो रही थी। तभी पड़ोसी युवक ने घर में घुस कर अश्लील हरकते करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की। चिखने चिल्लाने पर युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम कन्नौज

पत्रांक– 32/न0पं0ता0/2024–25 दिनांक – 19.06.2024

ई –निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तालग्राम कन्नौज में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य करवाना चाहती है। जिसके लिये नगर पंचायत द्वारा दिनांक 20.06.2024 से 20.07.2024 तक नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.in द्वारा द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 20-06-2024 03:00 PM से | ------ |
| 2 | Tender Download | 20-06-2024 03:00 PM से | 20-06-2024 03:00 PM |
| 3 | Bid Submission | 20-06-2024 03:00 PM से | 20-06-2024 03:00 PM |
| 4 | Close for Bid | --------- | 20-06-2024 03:00 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | 20-07-2024 04:00 PM से | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical | |

नोट–निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित तिथि व समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज

# फर्रुखाबाद कार्यालय के स्थापना दिवस

पर हार्दिक बधाई


## संदेश

अमृत विचार हिंदी दैनिक समाचार पत्र इस समय फर्रुखाबाद जिले में गागर में सागर भरने की कहावत चरितार्थ कर रहा है। जहां अन्य अखबार यहां पांच पांच पेज दे रहे हैं। वहीं हिंदी दैनिक अमृत विचार केवल एक पेज में सार सार खबरों को पाठक तक पहुंचा रहा है। जिसके लिए अमृत विचार की टीम निश्चित रूप से बधाई की पात्र है। खबरों में निष्पक्षता बनाए रखना ही जनहित का काम है। खबरों में घाल मेल करना पीत पत्रकारिता है। पीत पत्रकारिता से अमृत विचार पूरी तरह से मुक्त है ।अमृत विचार टीम से मैं अपेक्षा करता हूं की इसी तरह से अपनी स्वच्छ छवि बनाकर आगे बढ़ते रहे। अखबार के आगे बढ़ने की अनंत संभावनाएं हैं।

**राजीव सिंह राजावत**
**वरिष्ठ समाज सेवी**

## संदेश

बहुत ही कम समय में अमृत विचार लोगों का प्रिय अखबार बन गया है ।यहां पर यह कहना अति सहयोक्ति पूर्ण ना होगा की अमृत विचार निष्पक्ष समाचार पत्र है ।अभी चुनाव में इसकी निष्पक्षता की घर–घर तारीफ हो रही है। अमृत विचार ने जो स्थान फर्रुखाबाद में बनाया है वह स्थान अन्य अखबार नहीं बना सके। इस वजह से अमृत विचार के विचारों से हर व्यक्ति संतुष्ट है। मैं अमृत विचार की टीम से अपेक्षा करता हूं कि वह इसी तरह समाज में अपनी स्वच्छ छवि बनाकर आगे बढ़ते रहे ।अमृत विचार के आगे बढ़ाने की अनंत संभावनाएं हैं।

**विजय कुमार सिंह यादव**
**वरिष्ठ समाज सेवी**

## आपके सुख दुख में अमृत विचार आपके साथ

आपका प्रिय अखबार हिंदी दैनिक अमृत विचार इस माह फर्रुखाबाद जिले में दो साल पूरे करने जा रहा है। दो साल के भीतर यह अखबार आपका अपना प्रिय अखबार बन गया है। हर विज्ञापन दाता और पाठक का हमें हर स्तर पर भरपूर सहयोग मिल रहा है। आप सब का जो सहयोग मिल रहा है उसके लिए अमृत विचार सदैव आपके साथ है ।हम आपको विश्वास दिलाते हैं की हर दबे कुचले की आवाज को अमृत विचार बुलंद करने में कभी संकोच नहीं करेगा। गरीबों की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाना अमृत विचार का प्रथम कर्तव्य है। इस कर्तव्य के साथ यह अखबार पूरे देश में निरंतर आगे बढ़ रहा है और इसकी पाठक संख्या हर माह दोगुनी हो रही है। निश्चय ही अमृत विचार एक निष्पक्ष और संपूर्ण अखबार है। जो अपनी गरिमा को बनाए रखने के लिए हर स्तर पर खरा उतर रहा है। ह आपको विश्वास दिलाते है कि हर सुख दुख में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का वचन देते है। इस अखबार से प्रखर बुद्धिजीवियों का समूह जुड़ा हुआ है और पल–पल पर हर खबर की निगरानी की जाती है। आप भी अपनी हर समस्या की सूचना हम तज पहुंचाए। हम उसका समाधान करने के लिए प्रयास करेंगे और समाधान न होने पर अमृत विचार आपके द्वार पहुंचकर अधिकारियों के साथ सीधी वार्ता करेगा। आप सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि आप अमृत विचार से जुड़े। अमृत विचार को पड़े ,और अमृत विचार में अपने समाचार व विज्ञापन अधिक से अधिक संख्या में प्रकाशित कराए। हम आपके के साथ हैं। अंत में हम भी आपको अमृत विचार फर्रुखाबाद कार्यालय की स्थापना दिवस पर बधाई देते हैं। एवं अपेक्षा करते हैं कि आपका सहयोग इसी तरह से मिलता रहे।

**चन्द्रपाल सिंह सेंगर**
**व्यूरो चीफ**
**फर्रुखाबाद**
**मो 9935842092**


## अमृत विचार फर्रुखाबाद कार्यालय के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



### डाक्टर केएम द्विवेदी

एमडी, वरिष्ठ फिजीशियन
निदेशक

**दी के अर हॉस्पिटल**
**आवास विकास फर्रुखाबाद**

नोटः सभी प्रकार की जांचे उपलब्ध,
आईसीयू सेवा उपलब्ध, ब्लड बैंक सेवा 24 घण्टे उपलब्ध,
एम्बुलेंश सेवा उपलब्ध,विशेषज्ञ सर्जन द्वारा ऑपरेशन की सुविधा हर समय उपलब्ध

**एक बार सेवा का मौका जरूर दें**

## अमृत विचार फर्रुखाबाद कार्यालय के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



### जितेंद्र सिंह राजावत

वरिष्ठ भाजपा नेता
विकास नगर कालोनी बढ़पुर
फर्रुखाबाद

**प्रमुख प्रतिष्ठान**
1–सिया नमकीन मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद
2– रेडिएंटो हॉस्पिटल लकूला फर्रुखाबाद

**एक बार सेवा का मौका जरूर दें**

## अमृत विचार फर्रुखाबाद कार्यालय के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**“हर पीड़ित की मदद करना हमारा प्रमुख उद्देश्य”**



**हमारे प्रमुख प्रतिष्ठान**
अंग्रेजी ,देशी ,वियर के
थोक विक्रेता ठंडी सड़क
फर्रुखाबाद यूपी

### राजीव सिंह राजावत

प्रमुख समाज सेवी,
मुरहस, फर्रुखाबाद ,उत्तरप्रदेश,

## अमृत विचार फर्रुखाबाद कार्यालय के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

**हमारे प्रतिष्ठान**
1 गिरिजा देवी फार्मेसी कालेज सकबाई फर्रुखाबाद,
2 गिरिजा देवी महाविद्यालय सकबाई फर्रुखाबाद,
3 बाबू ग्रीस चंद्र गिरिजा देवी शीतगृह, रखा ,फतेहगढ ,फर्रुखाबाद,
4 केवी फिलिंग स्टेशन सेंट्रल जेल चौराहा फतेहगढ ,फर्रुखाबाद,



### विजय कुमार सिंह यादव

वरिष्ठ ,सपा नेता एवम जिले के प्रमुख समाज सेवी
निवास रखा,फतेहगढ ,फर्रुखाबाद

**आरबी ईंट भट्ठा ,जीबी ईंट भट्ठा रखा फतेहगढ़ फर्रुखाबाद**
**एक बार सेवा का अवसर अवश्य दे**

यदतप्तं प्रणमति न तत् सन्तापयन्त्यपि।
यश्च स्वयं नतं दारुं न तत् सत्रमयन्त्यपि॥

जो धातु बिना गरम किए मुड़ जाती है, उन्हें आग में तपने का कष्ट नहीं उठाना पड़ता। जो लकड़ी पहले से झुकी होती है, उसे कोई नहीं झुकाता।

## संपादकीय

# टकराव उचित नहीं

संवैधानिक व्यवस्था में राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब हम सहकारी संघवाद और देश की प्रगति के हित में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद पर जोर दे रहे हैं तो राज्यपाल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एक ओर वह केंद्र सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता है, दूसरी ओर राज्य का संवैधानिक प्रमुख भी है। हालांकि देश में राजभवन और राज्य सरकार के बीच टकराव का इतिहास भी रहा है। यह स्थिति तभी बनती है जब केंद्र व राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दल की सरकार होती है। ऐसे में कई राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में काम करते नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार और राजभवन के बीच लगातार तनातनी बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि राजभवन में तैनात कलकत्ता पुलिस की टुकड़ी के कारण उन्हें अपनी सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है। उनका यह बयान पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश देने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा नेता हिंसा पीड़ितों के साथ 13 जून को राजभवन जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें रोका था। सुवेंदु को पुलिस ने धरने की इजाजत भी नहीं दी थी। इसके बाद राज्यपाल ने सोमवार को कोलकाता पुलिस को राजभवन खाली करने को कहा था और राजभवन के उत्तरी गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच बनाने की योजना बनाई। हालांकि पुलिस अभी भी गवर्नर हाउस में ड्यूटी पर है। इसी तरह गत वर्ष पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा की गई 10 विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति को खारिज कर दिया था, ये विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसे लेकर काफी विवाद पैदा हुआ था।

गौरतलब है कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सवाल उठता है कि क्या संवैधानिक पद की गरिमा को बनाए रखने का दायित्व उस पर बैठे व्यक्ति का है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि संवैधानिक पदों की गरिमा को बरकरार रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण है कि जहां एक ओर राज्यपाल राज्य के नाम मात्र प्रमुख के रूप में कार्य करता है वहीं वास्तविक शक्ति लोगों द्वारा चुने गए राज्य के मुख्यमंत्री के पास होती है। इसलिए राज्यपाल और राज्य सरकार का टकराव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यही टकराव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हानि पहुंचाता है।

# फेरोमोंस, हार्मोंस की फिजियोलॉजी ने दिए सूत्र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैं : रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं)।

मनुष्य समेत सभी जीवों में गंध को पहचानने के लिए संवेद संग्राही अर्थात रिसेप्टर्स मौजूद होते हैं। गंध अर्थात एक रसायन, एक मॉलिक्यूल अर्थात कुदरत में मौजूद केमिकल एलिमेंट्स या तत्व एक खास स्ट्रक्चर बनाकर व्यवस्थित रहते हैं। दुनिया में हरेक पदार्थ का क्षरण होता है अर्थात् 'डिके' होता है। इस प्रोसेस में ही पदार्थ के निर्माण में मौजूद तात्विक ढांचे मॉलिक्यूलर एंड एलिमेंटल स्ट्रक्चर का क्षय होता है अर्थात टूट-फूट होती है। पदार्थ की इस प्रकृति को जैन और हिन्दू 'आगमों' में दार्शनिक तरीके से बताया गया है, लेकिन प्राकृत, संस्कृत और यहां तक कि हिंदी भाषा में इन आगमों के स्ट्रक्चरल टेक्स्ट को बताने वाली कृतियों की भाषा ऐसी है कि संस्कृत और प्राकृत का उच्च ज्ञान न रखने वाले को कुछ खास पल्ले नहीं पड़ता। अगर इंग्लिश ट्रांसलेशन उपलब्ध है तो भी टेक्स्ट के प्रवाह और निहतार्थ की गंध पढ़ने वाला ले नहीं पाता। गंध जिसे हम दुर्गंध और सुगंध में भी परसेप्शन अनुसार महसूस करते हैं, का क्रमिक विकास प्राणी में किसलिए हुआ? जाहिर है एव्ल्युशन की प्रक्रिया में जीवों में इनका आकार, प्रकार आकृति और व्यवहार एवं लिविंग एनवायरनमेंट कैसा भी हो, स्वःरक्षा के लिए ही हर प्रकार की गंध की पहचान के लिए प्राणी के मस्तिष्क और ऑल फैक्ट्री सिस्टम (गंध टोही प्रणाली) में 'रिसेप्टर्स' का विकास हुआ। आश्चर्यजनक है कि दुनिया में हर प्रकार की अर्थात लाखों प्रकार की गंध को पहचानने की क्षमता मनुष्य रखता है। गंध को पहचानने वाले रिसेप्टर्स की उत्पत्ति जीव की अपनी रक्षा के लिए हुई, यह तो ठीक है, लेकिन इस विशिष्ट संदर्भ में 'रक्षा' को डिफाइन करना जरूरी है। मूलतः भोजन की तलाश और इसकी उपयुक्तता की पहचान के अलावा अपनी नस्ल को बढ़ाने के लिए जीवों में 'सेक्स्युएल इंस्टिंक्ट' भी पैदा हुई। यह एक खास तरह के हार्मोंस और फेरोमोंस के सहारे आगे बढ़ती है। नर से मादा के मिलन के लिए हॉर्मोन यानी कि एक प्रकार से 'फीरोमोंस' ही दोनों में आकर्षण की मुख्य भूमिका अदा करते हैं। फेरोमोंस तेज गंध वाले रसायन होते हैं, जो मनुष्य शरीर में अधिकांश तौर से बाजू के नीचे की कक्षा में 'ग्लैंड्स' के रूप में और जननांगों में अव्यवस्थित होते हैं। पसीने के साथ ये फेरोमोंस हवा में उड़कर नर और मादा



दोनों की नासिका में मौजूद ग्राहियों अर्थात् रिसेप्टर्स द्वारा ट्रैप कर लिए जाते हैं जिसके बाद इन्हें तेजी से मस्तिष्क द्वारा 'इंटरप्रेट' किया जाता है। यह काम स्पीड से संपन्न होता है जैसे कि इलेक्ट्रो-केमिकल ट्रांसमिशन के जरिये इस संदेश की गति एक सेकंड में एक मीटर तक हो सकती है। बलात्कारियों पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने एक बार सुझाव दिया था कि बलात्कारी पुरुष के शरीर में ऐसे एंटी-फेरोमोंस रसायन इंजेक्ट किए जाएं ताकि उसके दिमाग में जबरन यौन संपर्क करने की इच्छा ही जाग्रत न हो, लेकिन ह्यूमन राइट कमीशन वालों ने इसे अत्याचार कहा।

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैः रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं), प्राइमर (यौवन और मासिक धर्म चक्र को प्रभावित करते हैं) और सिग्नलर्स (सूचना प्रदान करते हैं)। सभी जंतुओं के हार्मोनेस और फेरोमोंस एक जैसे रासायनिक संरचना के नहीं होते। हम यहां सिर्फ 'ममेलियन फीरोमोंस' की बात कर रहे हैं। ममेलियन, अर्थात् ऐसे जंतु जो अपने बच्चों को स्तनपान कराते हैं चाहे यह मनुष्य (दोपाया) है या बंदर, गाय है या चमगादड़। इन्सेक्ट फेरोमोंस अलग बनावट के होते हैं। अभी तक 64 किस्म के हार्मोंस की पहचान वैज्ञानिकों ने की है।

सन् 2017 के 'सैल' जर्नल के एक अंक में छपे शोधपत्र में बताया गया है कि 'इंटर-ऑर्गन' कम्युनिकेशन जैसे कि मांसपेशियों और हड्डियों के बीच आपसी संवाद में भी हार्मोंस की बड़ी भूमिका बनी रहती है। शरीर पर जख्म होने के बाद स्थान विशेष को दुरुस्त किए जाने में भी हार्मोंस की कोई भूमिका है, ऐसा सोचकर विज्ञानियों के काम की काफी जानकारी हासिल की है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ (यूपीएफ) औद्योगिक रूप से तैयार किए गए उत्पाद हैं जिनमें सिंथेटिक तत्व भी होते हैं, लेकिन न्यूनतम संपूर्ण खाद्य घटक इनमें रहें ऐसी तसल्ली भी कर ली जाती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स (यूपीएफ) या ऐसी ही प्रकृति के आहार की वजह से प्रतिरक्षा विकृति से जुड़ी बीमारियों जैसे आंत्र सूजन रोग और संभावित ऑटोइम्यून बीमारी के बढ़ते जोखिम से इनके जुड़े होने की बात हाल के शोधकार्य से मालूम हुई है।

अब तो चूहे और कीट भागने के लिए इंडस्ट्रियल फेरोमोंस का उपयोग किए जाने की बात भी शोधकर्मी बताने लगे हैं। उदाहरण के लिए बिल्ली और चूहे के परस्पर लुका-छिपी का मामला लें। कहते हैं जिस घर बिल्ली है उस घर से चूहे गायब हो जाते हैं। बिल्ली को देखकर चूहे गायब नहीं होते या मन में डर समाने से भी गायब नहीं होते। इसका रहस्य है न्यूरो-फिजियोलॉजीकल द्रव स्राव। इसमें बिल्ली या बिलाव घर के कोणों में अपने मूत्र के जरिए ऐसे रसायनों का छिड़काव करता है, जो एक तरह ही प्रोटीन हैं। इन्हें हम आम भाषा में गंध और दुर्गंध कह सकते हैं। इस केमिकल सिग्नेचर का नाम है 'फेरोमोन'। इसकी तीखी गंध चूहे के नथुनों में जब घुसती है इसके मस्तिष्क में मौजूद रिसेप्टर्स इसे पकड़ कर इस पदार्थ की रचना को समझने की चेष्टा करते हैं और फिर 'फ्लाइट' अर्थात्, 'भाग लो' के, मॉड में तुरंत आकर अपनी जान बचाने के जुगाड़ में लग जाते हैं। बीएमसी बायोलॉजी (ब्रिटिश मेडिकल जर्नल से संबंधित प्रकाशन) के सन् 2018 के एक अंक (16:48) सारा ए.रॉबर्ट्स एवं इनके पांच सहयोगियों ने जो शोधपर्चा इसमें प्रकाशित किया है। इससे ही यह जानकारी मिली है। यूं, फेरोमोंस पर रिसर्च तो दशकों से हो रही है, लेकिन सन् 1959 में पहली बार मार्टिन ल्युशिये और पीटर कार्लसन ने इनकी अवधारणा प्रस्तुत की थी।

प्रकृति ने हर जीव को अपनी रक्षा के लिए कुछ न कुछ तरह के अस्त्र-शस्त्र (जैसे सींग और नाखून एवं दंत, प्रकाश फेंकना, साइज़-शेप एंड फॉर्म जैसे कि व्हेल मछली, काटना आदि) दिए हैं। शिकार पकड़ने, संतान पैदा करने, बचाव करने और शरीर की कुछेक प्रक्रियाओं को रेगुलेट करने में भी फेरोमोंस और हार्मोंस की बड़ी भूमिका मालूम की गई है। इस मामले में बिल्लियों, दुर्गंधयुक्त केमिकल पदार्थ का छिड़काव करने वाले जानवर और इंसेक्ट्स से भी कुछ आगे की सोच रखते हुए इन गंध और दुर्गंधयुक्त एवं सुगंधित केमिकल को केमिकल इंडस्ट्री आर्टिफीसियल तरीके से या सिंथेसाइज करके बनाना किसी भी दिन शुरू कर सकती है। वनस्पति आधारित, तैलयुक्त रिपेलेंट तो बनाए ही जा चुके हैं। हम बिल्ली या हाथी अगर नहीं पाल सकते तो बाजार से इन गंधयुक्त पदार्थों (रिपेलेंट्स एंड ओडोरेंट्स) को ले लेकर उन स्थानों पर छिड़क सकते हैं जहां से इन्सेक्ट, कॉकरोच जैसे वर्मिन्स और चूहे घर में प्रवेश कर सकते हैं।

सिर्फ ऊपर वाली जानकारी को लेकर बात आगे न हो, ऐसा नहीं है। फेरोमोंस और हारमोंस का आधुनिक चिकित्सा तंत्र में बहुत इस्तेमाल होता है। ग्रोथ होर्मोन, एंडोक्राइन हारमोंस, हीट एंड कोल्ड स्ट्रेस में हार्मोन उपचार, मधुमेह जैसे चयापचयी व्याधि के लिए इन्सुलिन हार्मोन, संतानोत्पत्ति योग्य बनाने के लिए हार्मोन ट्रीटमेंट जिसके लिए ग्रोथ हॉर्मोन और गोनाडोट्रोपिन्स का इस्तेमाल होता है और मोटापे को दूर करने के लिए कुछ माने में हॉर्मोन चिकित्सा और कुछ की नई किस्म पर क्लिनिकल इन्वेस्टीगेशन्स हो चुकी है। संबंधित रिसर्च साहित्य विस्तृत और जटिल है, लेकिन हार्मोन उपचार बहुत ही सावधानी से और बहुत ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म के सन 2011 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित 'ग्रोथ हार्मोन इन द मैनेजमेंट ऑफ़ फीमेल इनफर्टिलिटी' में इस ओर इशारा किया गया है। इसे असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी के जरिये संतान पैदा करने वाली महिला को अत्यंत सावधानी से दिया जाता है। बौनेपन का इलाज करने के लिए अगर ग्रोथ हार्मोन की मात्रा जर्राभर अधिक हो जाए तो शारीरिक विकास चालू होने के बाद अंगों की ग्रोथ पर अंकुश लगाना नामुमकिन हो जाता है।

## प्रसंगवश

# जनमत कैसे बदल जाता है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यूपी रोडवेज की बस में आगरा जा रहा था। बस में जो लोग थे, वे सभी पढ़े-लिखे हों, ऐसा भी नहीं, गरीब भी थे, अमीर भी थे, अलग-अलग धर्म और जातियों के थे, लेकिन उन सबको आगरा जाना था। इसलिए ध्येय एक था, उस ध्येय ने उनका एक सम्मिलित मानस बना दिया।

एक सवारी टिकट संख्या से अधिक थी। कंडक्टर बार-बार कह रहा था कोई सवारी बिना टिकट हो तो टिकट ले लो। वह बार-बार सवारी गिन रहा था। कोई नहीं बोला तो वह सबकी टिकट चैक करने लगा। एक अजनबी से आदमी के पास टिकट नहीं थी। बस की सभी सवारियों ने उस आदमी के प्रति गुस्सा जाहिर किया और कहा कि टिकट पहले क्यों नहीं लिया?

समष्टि मन ने उसके टिकट न लेने की निंदा की और कंडक्टर का समर्थन किया, लेकिन परिस्थिति बदली तो समष्टि मन भी बदल गया। बस कंडक्टर तो आपे से ही बाहर हो गया, उसने बीच रास्ते में उसे उतर जाने को कहा, तब लोगों ने कहा कि भाई, टिकट बना दो, जंगल में न उतारो। इस जंगल में यह कैसे करेगा? किंतु उस आदमी के पास पूरे पैसे ही नहीं थे। वह आदमी दयनीय सी मुद्रा में था और बस कंडक्टर अपनी बस कंडक्टरी पर आ गया। पद तो पद होता है न, पद का मद भी होता है। वह उसे उतारने पर ही अड़ गया, जो लोग थोड़ी देर पहले उस अजनबी से आदमी पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे, उसे भला-बुरा कह रहे थे। वे अब उसी आदमी के समर्थन में आ गए। लोगों ने कहा कि तू अब यहां से टिकट बना दे, किंतु बस कंडक्टर ने कहा कि दिल्ली से ही किराया लूंगा। लोगों ने कहा- ठीक है, पैसे हम देते हैं। जनमत का दबाव बना तो बस कंडक्टर ने उसी जगह से टिकट बना दी। लोकमानस संवेदनशील होता है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं समझते। लोग नैतिक और अनैतिक को समझते हैं, जो लोग जनता को मूर्ख समझते हैं, वे आदमी को ही नहीं जानते। आदमी की समष्टि यदि मूर्ख है तो वे लोग आदमी भी हैं या नहीं? समष्टि मानस इसी प्रकार से काम करता है।

# अपने कोर वोट को भी संभाले रखे भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद भी कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके।

चर्चा है कि भाजपा मतदाताअभिनंदन यात्रा निकाल रही है। निकाले मगर उत्तर प्रदेश में यदि वह ऐसी यात्रा निकालती है तो हास्यास्पद है। यहां तो भाजपा को विगत सामान्य निर्वाचन के मुकाबले करारी हार मिली है। यहां यह सब कुछ करने के बावजूद अपने पूरे कैडर का आम जनता से जो कनेक्ट टूटा है उसे जोड़ने के लिए उतार देना चाहिए। क्योंकि विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगता है कि भाजपा के थिंक टैंक में कहीं कुछ मेजर डिफेक्ट आया हुआ है जिसे एक जाने माने राजनीतिक विश्लेषक के शब्दों में कहें तो भाजपा के साफ्टवेयर में कोई वायरस आ गया है।

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके। मेरे विचार से यह सब छोड़कर भाजपाइयों को अब अपनी निंद्रा त्यागकर सीधे रणभूमि में उतर जाना चाहिए अन्यथा आसार अच्छे नजर नहीं आ रहे। क्या दलित वोट महज अफवाहों के चलते दरक गया? ऐसा अविश्वास आखिर उनमें आया क्यों? इसलिए ही तो कि भाजपाई उनसे डिस्कनेक्ट हो चले थे। उनका सामीप्य खो बैठे थे। भाजपाइयों को हर स्तर पर अपनी आरामतलबी अब छोड़नी होगी। एक बड़ा वोट बैंक उनसे दरकता गया और इसका उन्हें भान तक नहीं हुआ, जबकि एक नहीं डबल इंजन सरकारें यहां काबिज रहीं।

आरएसएस भी कहने का बड़ा संगठन है, मगर सच मानिए यहां उत्तर प्रदेश में उनकी राजनैतिक मौजूदगी कहीं दिखती नहीं। भले ही मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण दैवीय आपदाओं में दिख जाता है, किंतु वे राजनीतिक स्तर भी सक्रिय रहे हों, कम से कम उत्तर प्रदेश में तो दिखा नहीं। वे कौन लोग हैं उनके चेहरे-मोहरे कैसे हैं, अपने हैं या विजातीय हैं किसी भी आम आदमी से पूछ लीजिए उसे कुछ पता नहीं है। अब भले ही उनके पदाधिकारी कैसे-कैसे वक्तव्य जारी करते फिरें।

कुछ स्थापनाओं की तो इस चुनाव में भद पिट गई। जैसे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास बस एक जुमला ही साबित होकर रह गया। गहरा विश्वासघात हुआ है उनके द्वारा जो लाभार्थी योजनाओं का सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। उनका विश्वास भाजपा को न कभी हासिल हुआ है और न होगा। यह बात और सबको तो पता है मगर मोदी जी ही गांठ बांधे बैठे हैं। इस मुगालते से अलग होकर ही नई रणनीति का श्रीगणेश करना होगा। भाजपा को इंडी गठबंधन से भी अधिक फीसद वोट मिला है, मगर इसके बावजूद हार देखनी पड़ी है जिससे एक बात तो बड़ी राहत है कि भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक आज भी इंटैक्ट है। बस उसे बिछड़ों को सहेजना भर है, जो उसके कोर वोट बैंक के सापेक्ष बहुत कम है और यह टास्क बहुत मुश्किल नहीं है। अभी के बिछड़ों को तनिक से मान मनौवल और भरोसे से वापस लाया जा सकता है। इसके पहले कि विपक्षी कोई नया कुचक्र न रच दें। साथ ही भाजपा को अपने कोर वोट को भी संभाले रखना होगा। ब्राह्मणों को खास तौर पर। उन्हें लगातार यह लगता रहता है कि यह सरकार उनकी निरंतर उपेक्षा करती रही है। वे केवल और केवल सनातन और हिन्दुत्व के चलते भाजपा का दामन थामे हुए हैं।

मुझे समझ आता है कि इतनी करारी हार के बाद भी भाजपा नेतृत्व अभी भी जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर हवाई किले बनाने में लगा हुआ है। मतदाता अभिनंदन यात्रा काहे निकाल रहे हो भाई। किस खुशी में? इन थोथे उपक्रमों से आम वोटर झांसे में आने वाला नहीं। विपक्ष ऐसी यात्रा निकालता तो उचित भी था। वह मौन होकर अपनी-अगली रणनीति में जुटा है और आप हवाई कारनामों में समय जाया कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# देश की वर्तमान स्थिति



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस
महानिरीक्षक उप्र.

भारत की अर्थव्यवस्था की सुधरती स्थिति के कारण आज वह विश्व में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। यदि यह वृद्धि ऐसी ही होती गई तो आने वाले वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर होगी। ऐसी भविष्यवाणी प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बुधवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री जी ने देश के 9.25 करोड़ गरीब किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। सरकार 82 करोड़ व्यक्तियों को मुफ्त राशन पहले से ही बांट रही है। विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था तथा 142 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में यदि इतने व्यक्तियों को सरकारी भीख पर जीवनयापन करना पड़े तो फिर ऐसी अर्थव्यवस्था का क्या करना जो कुछ कारपोरेट घरानों में कैद है? देश की राजधानी दिल्ली में पेयजल के गंभीर संकट के समाधान में केंद्र, दिल्ली सरकार, सर्वोच्च न्यायालय असफल हो गए हैं, नीरो जेल में बैठकर वंशी बजा रहा है। आम चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में अतिक्रमण हटाने हेतु बुलडोजर गरज रहा है। अवैध निर्माण हटना चाहिए साथ ही साथ जिन अधिकारियों ने धन लेकर यह अवैध मकान बनवाए, उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। क्या किसी सरकार में साहस है कि वह इन अवैध अतिक्रमण पर एक साथ बुलडोजर चलाकर उसे हटाए तथा दोषियों को दंड दे? बिहार के अररिया जनपद में बकरा नदी में 12 करोड़ रुपए की लागत से बना तथा उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा पुल ढह गया। पिछले वर्ष भी एक पुल ऐसे ही ढहा था। लगता है बिहार में पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। अब फिर से जांच कर दोषी को दंडित करने की घोषणा होगी। देखें 'सुशासन बाबू क्या फरमाते हैं? नीट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर देश में छात्र उद्वेलित हैं और गहराई से इसकी जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी इसका संज्ञान ले चुका है। देखें, क्या परिणाम होता है। वैसे विगत वर्षों में विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से अब लगने लगा है कि हम सफल परीक्षा संचालित करा ही नहीं सकते। प्रत्येक परीक्षा के बाद कुछ लोग पकड़े जाते हैं, लेकिन फिर वही ढाक के तीन पात।

-फेसबुक वॉल से

# वैश्विक स्तर पर रोजगार और पूंजी निर्माण का साधन है योग



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं।

आध्यात्मिक उन्नति या शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत व मुक्तकंठ से स्वीकार किया है। अवैदिक जैन और बौद्ध दर्शनों में योग का महत्व सर्वमान्य है। कुछ समय पहले तक जिस योग को ऋषि-मुनियों की साधना और स्वस्थ जीवन का आधार समझा जाता था। आज की तारीख में योग सबसे तेज गति से बढ़ने वाला कारोबार भी बन गया है। देश-विदेश में लोगों पर योग का ऐसा जादू चढ़ा है कि यह अब एक बड़ी इंडस्ट्री बन चुका है।

योग भारत की सबसे प्राचीन विधा है और इसे वैश्विक मान्यता भी मिल चुकी है। योग को समूचे विश्व के लिए भारत का अनुपम उपहार कहा जा सकता है। महात्मा गांधी भी स्वस्थ जीवन के लिए योग को जरूरी मानते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को आज पूरी दुनिया में एक नई दृष्टि से देखा जाने लगा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के यूएन के निर्णय से यह साफ है कि एक बार फिर भारतीय वैदिक परंपरा की यह जीवन पद्धति विश्व पटल पर स्वीकार की जा रही है और इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। साफ है योग वह जरिया बन गया है जिससे प्राचीन काल से समृद्ध रही भारतीय सभ्यता-संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। दरअसल योग एक विचार नहीं, बल्कि भारतीय जीवन पद्धति है जिसमें भारतीय जीवन मूल्य समाहित हैं। पश्चिम के देशों में योग का विस्तार तेजी से हो रहा है। 1990 के दशक में पश्चिम के देशों में हुए वैज्ञानिक शोधों से यह निकलकर आया कि लाइफ स्टाइल के कारण उत्पन्न बीमारियों के कारगर इलाज के लिए योग अचूक है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा और इसका प्रसार होने लगा। दुनिया में 100 श्रेष्ठ नौकरियों की सूची में योगा प्रशिक्षक भी शामिल है। भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं। योग टीचर को अच्छी नौकरी माना जाता है। अमेरिका में एक अनुभवी योग टीचर की सालाना कमाई करीब 42 लाख रुपये तक होती है। योग का बाजार भारत में 490 अरब रुपए का हो चुका है। एक अंतर्राष्ट्रीय मार्केट शोध के अनुसार भारतीय बाजार जल्दी ही 875 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। विदेशों में खासकर अमेरिका (12 अरब डॉलर, करीब डेढ़ लाख योग कारोबारी), ब्रिटेन(1.15 अरब डॉलर), चीन (6.6 अरब डॉलर) एवं आस्ट्रेलिया (62.1 करोड़ का व्यवसाय) में यह एक उद्योग का रुप ले चुका है। योग परिधान पर दुनिया का बाजार करीब 31.1 अरब डॉलर का है, जबकि योग मैट का कारोबार 13 अरब डॉलर है। योग में वेलनेस टूरिज्म, योग रिट्रीट आदि से 915 अरब डॉलर का कारोबार है। योग की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर हिंदी सीखने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। भाषा सीखाने वाले डूओलिंगों के अनुसार दुनियाभर में विभिन्न भाषाओं को सीखने वालों में सर्वाधिक लोग हिंदी सीखना चाहते हैं। भारत के बाहर पहले योग विश्वविद्यालय की लॉस एंजिलिस में स्थापना की गई है।

भारत में योग और आयुर्वेद से जुड़े प्रोडक्ट्स का बाजार 12 हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। एक सर्वे के अनुसार योग करने वालों की तादाद में 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। योग से जुड़े उत्पाद बनाने वाली कंपनियां भी तेजी से बढ़ी हैं। आज योग का बहुत बड़ा बाजार है जिससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में योग सीखने वाले लोगों की संख्या करीब 25 करोड़ है। इसके साथ ही योग टीचर्स की मांग सालाना 35 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। देश में योग ट्रेनिंग का कारोबार करीब 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। योग साधना का माध्यम भी है और कमाई का साधन भी है। योग दिवस शुरू होने का अमेरिका में योग बाजार पर कितना बड़ा प्रभाव पड़ा है इसकी बानगी इन आंकड़ों में दिखती है। 2008 के एक आंकड़े के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ लोग योग करते थे, लेकिन 2016 में यह बढ़कर 3.67 करोड़ पर पहुंच गया। जिस रफ्तार से योग करने वाले बढ़े, उसी रफ्तार से योग सीखाने वाले स्कूल भी अमेरिका में खुले। 2008 में सिर्फ 818 योग स्कूल थे अब ये 4000 का आंकड़ा पार कर गया है। आज की तारीख में अमेरिका में योग का बिजनेस करीब दो लाख हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। सबसे खास यह है कि अमेरिका में 37 प्रतिशत योग करने वाले 18 साल से कम उम्र के हैं।

योग एलाइंस की रिपोर्ट के अनुसार, 2016 में अमेरिका में 3 करोड़ 60 लाख लोग योग से स्वस्थ रहने के तरीकों को अपना रहे हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत अमेरिकी योग के बारे में जानते हैं, जबकि 2012 में 70 प्रतिशत को ही इसके बारे में जानकारी थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी योग के मुरीद हैं। उन्होंने कहा योग अमेरिका में आध्यात्मिक अभ्यास की एक सार्वभौमिक भाषा, धर्म और संस्कृतियों की कई रेखाओं को पार कर गया है और लाखों अमेरिकी योग को अपने स्वास्थ्य और समग्र ध्यान में सुधार करने के लिए अपना रहे हैं। ईरान, पाकिस्तान और अरब समेत कुल 47 इस्लामिक देशों ने भी योग के महात्म्य को समझा और इसे स्वीकार किया। कुल मिलाकर यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पूंजी निर्माण का बेहतर साधन बन चुका है।

# यज्ञ, टोटके और आशिष से बारिश



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भीषण गर्मी से त्रस्त लोग ऊपर मेघों के लिए देख रहे हैं। कहीं-कहीं बारिश शुरू भी है। भाग्य अपना-अपना। मेघों का आगमन दैवाधीन है, फिर भी मानव अपनी सामर्थ्यानुसार कुछ प्रयत्न भी करता ही है। ऐसे प्रयत्नों में धार्मिक अनुष्ठान पहले नंबर पर आते हैं। मेघों के स्वामी इंद्र देव हैं। उनकी प्रसन्नता अभीष्ट होती है। वेदों में इन्द्र की स्तुतियां की गई हैं। यज्ञ से भी वृष्टि होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि "प्राणी अन्न पर निर्भर हैं, अन्न वृष्टि से होता है, वृष्टि बादलों से और बादल यज्ञ से'। हालांकि उस विधि विधान से यज्ञ कराने वाले मिलना मुश्किल है।

संत के आगमन से भी वृष्टि हो सकती है। अंग देश (वर्तमान भागलपुर) के रामायणकालीन राजा रोमपाद ने अपने देश की अनावृष्टि समाप्त करने के लिए विभांडक ऋषि के पुत्र ऋष्यश्रृंग को अपने राज्य में बुलवाया था। उन्होंने इस कार्य हेतु वैश्याएं नियुक्त की थीं। ऋषि ने यज्ञ भी करवाया था। वृष्टि हुई थी, पर आज के संत तो प्रायः भौतिकता में लिप्त हैं। संगीत शास्त्र के मेघ और मल्हार राग भी मेघों को वशीभूत करते हैं। गांव गिरांव में टोटके होते हैं। लेदा मांगने वाले आते हैं। गर्मी में उघारे बदन वे गरम जमीन पर लोटते-पोटते हैं, लोग उन पर पानी डालते हैं। वे गाते हैं, "ल्यादा ल्यादा पानी दे, पानी दे गुरधानी दे। गगरी है छूंछी, बैल पियासे, कारे मेघा पानी दे। ल्यादा ल्यादा पानी दे"। यही नहीं, यदि अतिवृष्टि हो तो उसके भी टोटके हैं। स्त्रियां तवे पर जलता अंगार रखकर ऊपर बादलों की ओर फेंकती हैं। इस सबके अतिरिक्त आशीर्वाद और शुभकामना से भी मेघ वशीभूत होते देखे गए हैं। "मेघदूत" में कालिदास के विरही यक्ष ने रामटेक पर्वत से अलकापुरी में रह रही अपनी नव विवाहिता पत्नी के पास मेघों को अपना संदेशवाहक दूत बनाकर भेजा है। यक्ष ने कहा है कि "हे मेघ! यदि तुम मेरा यह संदेश मेरी प्रिया तक सफलतापूर्वक पहुंचा दोगे, तो तुम्हें तुम्हारी प्रेयसी बिजली का वियोग कभी नहीं होगा'।

# मक्का काटने गए दो सगे भाइयों के शव कुएं में मिले

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मिले हत्या के संकेत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र में मक्का काटने गए दो सगे भाइयों के शव कुएं में पड़े मिले। पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। रात में ही पुलिस अधीक्षक भारी पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मौजूद सामग्री के नमूने लिए।

थाना क्षेत्र के गांव बंथल शाहपुर निवासी छबिनाथ के 35 वर्षीय पुत्र गुलाब व 25 वर्षीय पुत्र अजीत उर्फ दारा सिंह ने गांव के ही अरविंद के खेत बंटाई पर ले रखे थे। उसमें मक्का की फसल तैयार की थी। बुधवार सायं करीब चार बजे दोनों भाई घर से मक्का काटने की बात कहकर निकले थे। रात नौ बजे तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। खेत के पास स्थित कुएं के ऊपर दोनों के मोबाइल व दरांती रखी थी। परिजनों ने कुएं में टार्च से देखा तो दोनों भाई कुएं में पड़े थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और भरी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। गुलाब व अजीत को जब कुएं से बाहर निकाला गया तो उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ मोहम्मदाबाद समेत भारी संख्या में पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। पिता छबिनाथ सिंह ने बताया कि कुएं में पेप्सी की बोतलें ठंडी करने के लिए रखी थीं। उन्होंने आशंका जताई कि बोतलें निकालने के दौरान बेटे घुसे होंगे, तभी घटना हो गई। वहीं अन्य परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। इंस्पेक्टर जहानगंज भोलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छबिनाथ के पांच बेटों में गुलाब तीसरे व अजीत कुमार पांचवें नंबर का पुत्र था।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि हत्या का खुलासा करने के लिए कई टीम गठित कर दी गई हैं और सभी टीम काम पर लग गई हैं। एसपी ने कहा कि हत्या का खुलासा अति शीघ्र कर दिया जाएगा। उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद दोनों युवकों की हत्या होना तय हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों के सिर पर वजनदार चीज से चोट पहुंचाकर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल में लगी हुई है।


घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी व अन्य। अमृत विचार


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### आवास में मृत मिले चीनी मिल के चीफ इंजीनियर

**क़ायमगंज।** कायमगंज सहकारी चीनी मिल की कॉलोनी स्थित आवास में अकेले रहने वाले चीफ इंजीनियर विनोद दयाल गुरुवार सुबह अपने आवास में मृत पाए गए। सुबह जब उनका कर्मचारी मुनीष आवास में पहुंचा, तो मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। उन्हें पलंग पर निढाल पड़ा पाया, आवाज देने पर जब वह नहीं उठे तो उसने अन्य अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर अन्य अधिकारी पहुंचे और उन्हें देखा तो उनकी मृत्यु हो चुकी थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने घटना स्थल पर पहुंचकर प्रथम दृष्टया छानबीन में पाया की बीमारी से उनकी मौत हुई है। फिर भी फॉरेंसिक टीम को सूचना दे दी गई है वह जाकर जांच पड़ताल करेगी। उनके स्वजन लखनऊ इंदिरा नगर में रहते हैं। पत्नी अर्चना सिंह व पुत्र को भी सूचना दे दी गई है उनके आने की प्रतीक्षा की जा रही है।

### चाचा की फावड़े से हत्या करने वाला गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र में चाचा की फावड़े से हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते 5 दिन पूर्व क्षेत्र के गांव अहमदपुर देवरिया गांव में कोल्ड स्टोरेज में पड़े आलू बेचने को लेकर भतीजे ने सुरजीत कटियार को फावड़ा मारकर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने उसी दिन सुरजीत की पत्नी आरती के प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी भतीजा मनीष कटियार को गिरफ्तार कर लिया उसकी निशानदेही पर पुलिस ने आला कत्ल बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।


मनीष कटियार।

## बच्चों का तिलक लगा कर होगा स्वागत

**फर्रुखाबाद।** ग्रीष्मावकाश के बाद खुलने वाले परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई शुरू होने से पहले साफ-सफाई होगी। रंग-बिरंगे गुब्बारों आदि से स्कूल जाएंगे। बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा।

वैसे तो 18 जून को स्कूल खुलने थे, लेकिन भीषण गर्मी के चलते छुट्टी 24 तक बढ़ा दी गई। हालांकि बच्चों को 28 जून को बुलाया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए को निर्देश दिए हैं कि 25 जून को शिक्षक व कर्मचारी स्कूल खुलवाकर साफ-सफाई करवाएं। कक्षों की साफ-सफाई के साथ ही पानी की टंकी, लाइब्रेरी, शौचालय और रसोईघर आदि की सफाई करवाई जाए। 28 जून को स्कूल में रंगोली, गुब्बारों और झंडी आदि से सजवाएं। बच्चों का तिलक लगाकर शिक्षक स्वागत करें। मिड-डे मील में हलवा व खीर का वितरण करें। 28 व 29 को समर कैंप का आयोजन भी करवाएं। 28 व 29 को स्कूल 7.30 से 10 बजे तक ही खोलें। इसके बाद सुबह साढ़े सात से दोपहर डेढ़ बजे तक स्कूल खोलकर नियमित पठन-पाठन का कार्य किया जाए। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि महानिदेशक के निर्देश से सभी खंड शिक्षाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि 28 जून को बच्चों को खीर व हलवा बांटें।

## सार-संक्षेप


खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते कोच। अमृत विचार

### खिलाड़ियों को बताईं बल्लेबाजी की बारीकियां

**फर्रुखाबाद।** डीके स्पोर्ट्स कांप्लेक्स याकूतगंज में चल रहे समर कैंप में एनआईएस कोच विवेक सोनकर खिलाड़ियों को गेंदबाजी की बारीकियां सिखा रहे हैं। पसीना से तरबतर खिलाड़ी भी उनकी एक-एक बात को बड़ी ही ध्यान से सुन रहे थे। कोच ने खिलाड़ियों से कहा कि तेज गेंदबाजों के सामने फुटवर्क का विशेष ध्यान रखना होता है। एक जगह खड़े रहकर शॉट मारने से गेंदबाज आपको जल्द ही आउट कर सकता है। सबसे ज्यादा एलबीडब्ल्यू से आउट होने का डर रहता है, क्योंकि जब आप फुटवर्क का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो गेंदबाज सीधे पैड पर गेंद मारेगा, जिससे आप आसानी से एलबीडब्ल्यू हो जाएंगे। फुटवर्क का इस्तेमाल करने से एलबीडब्ल्यू से आउट होने का खतरा 80 प्रतिशत कम हो जाता है। कोच ने कहा कि बल्लेबाजी के दौरान तकनीक पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने गेंदबाजों को भी क्रिकेट की खूबियों से अवगत कराया। छोटे बच्चों को उन्होंने डिफेंस और कवर ड्राइव मारना सिखाया। इस अवसर पर राशिद खान, कासिम खान व राज वर्मा आदि मौजूद रहे।

### संपत्ति विवाद में बेटे ने मां को पीटा

**फर्रुखाबाद।** संपत्ति के लालच में लोग रिश्ते नातों को भी भूल जाते है। ऐसा ही मामला जिले में देखने को मिला। जब दो भाइयों में संपत्ति विवाद में लड़ाई हो रही थी। तभी वृद्ध मां से यह सब देखा न गया, तो बीच बचाव करने लगी। इसी से जल्लाए बड़े बेटे ने वृद्ध मां को धक्का दे दिया, जिससे पीठ के बल फर्श पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। अब जिला अस्पताल लोहिया में उसका उपचार चल रहा है। फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के बजरिया सालिगराम निवासी सरोजनी वर्मा उम्र 75 के चार पुत्र है। पति की करीब बीस साल पहले मौत हो चुकी है। वृद्धा अपने तीसरे नंबर के बेटे विनय वर्मा के साथ रहती है। बड़ा बेटा अजय और छोटा बेटा दीपक बाहर रहता है। 16 जून को मोहम्दाबाद के सिरौली में रहने वाले दूसरे नंबर के बेटे संजय वर्मा सालिगराम बजरिया स्थित घर पर आए और बंटवारे को लेकर विनय से विवाद करने लगा। इसी बीच मां सरोजनी देवी ने बीच बचाव किया तो संजय ने धक्का दे दिया जिससे वह गिरकर घायल हो गई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जिस पर दोनों भाइयों ने समझौता कर लिया। घायल सरोजनी देवी की हालत बिगड़ने पर पुत्र विनय वर्मा ने गुरुवार दोपहर जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है, चोट लगने की वजह से वृद्धा बातचीत भी नहीं कर पा रही है।


अस्पताल में भर्ती मां।


कलश यात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

### भक्तों ने कलश यात्रा पर की पुष्पवर्षा

**फर्रुखाबाद।** श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह का गुरुवार को कलश यात्रा एवं हवन-पूजन के साथ शुरुआत हुई। कलश यात्रा पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। नैमिषारण्य से आए कथा वाचक पंडित सुनील नारायण ने कहा कि ज्ञान व वैराग्य के बिना प्रभु की भक्ति अधूरी है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को चार फल विद्या, धन, पुत्र व मोक्ष सहज ही प्राप्त हो जाते हैं। मुख्यमार्गो से होती हुई कलश यात्रा वापस गमा देवी मंदिर पहुंची, जहां समापन हो गया। मुख्य यजमान नीरज सक्सेना व अलका सक्सेना रहे। कथा के बाद प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर गमा देवी मंदिर के संत दंडी स्वामी जगदेव महाराज, रमला राठौर, सभासद अनिल तिवारी, विष्णु दयाल दीक्षित, जवाहर मिश्र, डॉ. अनुपम शुक्ल व सुनीला तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन 26 जून को होगा।

### योग दिवस पर खुलेंगे परिषदीय विद्यालय

**फर्रुखाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर 21 जून को परिषदीय विद्यालय खोलकर योगाभ्यास कराने व छात्र-छात्राओं को मिष्ठान व फल वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने बीएसए को दिए निर्देश में कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त परिषदीय विद्यालय खोले जाएं। शिक्षकों के साथ-साथ छात्र-छात्राएं योगाभ्यास करें। योगाभ्यास के फोटो आयुष कवच एप पर अवश्य डलवाएं। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुबह छह बजे स्कूल खोलकर योगाभ्यास करवाएं। मिष्ठान व फल भी बच्चों में बंटवाएं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव कुबेपुर निवासी 19 वर्षीय पंचम पुत्र कैलाश बाइक से पखना बाजार गया हुआ था। घर वापस जाते समय पखना स्टेशन के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक पंचम के टक्कर मार दी। पंचम घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहाँ से जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में इलाज के दौरान युवक पंचम को मौत हो गयी।

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आये आवेदन

**फर्रुखाबाद।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत चौथे चरण में आवेदन करने की 20 जून को अंतिम तिथि थी। गुरुवार शाम को जब आवेदन पत्र देखे गए तो नगर क्षेत्र से 23 आवेदन आए थे। बढ़पुर व शमसाबाद ब्लॉक से 22-22, राजेपुर व कमालगंज ब्लॉक से सात-सात, कायमगंज से चार और नगर पंचायत कंपिल से नौ आवेदन आए थे। आवेदन पत्रों की गहनता से जांच की गई।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार लाइनमैन घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव दहेलिया निवासी 30वर्षीय उमेश पुत्र हरिपाल बाइक से फर्रुखाबाद आ रहा था। तभी गांव उजरामऊ के पास इटावा बरेली हाईवे पर कार ने उमेश की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी तभी घायल युवक उमेश को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि घायल युवक उमेश को लाया गया है। सिर में गंभीर चोट आने से हेड इंजरी हो गई है। उसको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### विवाहिता की जहर खाने से गई जान

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव में विवाहिता की जहर खाने से मौत हो गई। क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी प्रीती को गंभीर हालत में परिजन शनिवार को सीएचसी लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। वहां भी हालत में सुधार न होने पर उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन सैफई न ले जाकर उसे प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए, जहां उसका उपचार जारी था। हालत मे सुधार हो जाने पर परिजन घर ले आए। बुधवार को प्रीती की हालत फिर बिगड़ गई। इस पर परिजन फिर उसे इलाज के लिए प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। जानकारी पर हल्का इचार्ज समीमुद्दीन पहुंचे और मायके वालों से बात की। उन्होंने कहा कि पता चला कि महिला ने जहर खाया है।

# लाखों की नकदी सहित तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- सट्टे की खाई बाड़ी के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार।** सट्टे की खाई बाड़ी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास लाखों की नकदी, सट्टे की खाई बाड़ी का सामान सहित अवैध हथियार भी बरामद हुए। उत्कृष्ट कार्य करने पर टीम को एसपी ने दस हजार रुपये का पुरस्कार दिया है। एसपी विकास कुमार ने गुरुवार को फतेहगढ़ पुलिस लाइन में खुलासा किया। एसपी ने बताया की सट्टे की खाई बाड़ी करते आरोपित इकलाख अली उर्फ चौधरी निवासी मोहल्ला जंगबाज, आरोपित आफताब निवासी खटकपूरा सिद्धीकी, बसीम खान निवासी खड़जा कोतवाली फर्रुखाबाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मौके से एक आरोपित शानू दबिश के दौरान भाग गया।जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चार सट्टा पर्चियां, तीन सट्टा रजिस्टर, नौ मोबाइल स्क्रीनशॉट, तीन मोबाइल सट्टे की खाई बाड़ी से अर्जित 3,02310 रुपये दो पेन व दो तमंचा ,चार जिंदा कारतूस बरामद किए है। कार्रवाई करने वाली टीम में कोतवाल जय प्रकाश शर्मा, घोड़ा नखास चौकी इंचार्ज सर्विलांस प्रभारी विशेष कुमार आदि रहे।

# अमृतपुर में पटरी से उतरी बिजली व्यवस्था

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** तहसील क्षेत्र मे बिगड़ी विद्युत व्यवस्था के बीच लोग परेशान हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से अमृतपुर प्रथम और अमृतपुर द्वतीय सब स्टेशनों से चल रहे गांवों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। इस समय सूरज आसमान से आग उगल रहा है।

तहसील क्षेत्र में तापमान 47 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। भीषण पड़ रही गर्मी से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। अमृतपुर प्रथम और द्वितीय सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति वाले गांवों को पिछले 60 घंटे मे महज 6 घंटे ही आपूर्ति मिल सकी। ग्रामीण हरिओम , प्रांशु, सोनू आदि लोगों ने बताया कि सरकार द्वारा निर्वाध आपूर्ति के निर्देश के बावजूद लोगों को अघोषित विद्युत कटौती से जूझना पड़ रहा है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए शहीद मणीन्द्र नाथ

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में अंग्रेजी सरकार के अत्याचारों के खिलाफ मणीन्द्र नाथ बनर्जी 66 दिन की भूख हड़ताल के बाद सन 1934 में शहीद हो गए थे। देश की आजादी के बाद कारागार परिसर में ही उनकी प्रतिमा स्थापित की गई।

गुरुवार को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति दिवस समारोह मनाया गया। केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक सहित विभिन्न अधिकारियों ने शहीद क्रांतिकारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ शहीद उपवन में पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीएन पांडे ने समारोह में उपस्थित अतिथियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों समाजसेवियों एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी लोगों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में आए इतिहासविद डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने जिले के क्रांतिकारी इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश की आजादी में जिले के 161 लोगों को फांसी, 243 लोगों को काला पानी, 700 से अधिक लोगों को कारावास मिला था। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि वैभव सोमवंशी ने किया। इस दौरान जिला जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद, कारपाल गणेश कुमार यादव, उपकारपाल सुरजीत आदि रहे।


शहीद मणीन्द्र नाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जेल अधिकारी। अमृत विचार

# बाग से निकली एचटी लाइन से महिला झुलसी

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी मिंटू गंगवार का आम का बाग है। जिसमें एक जारत भी बनी हुई है ।बृ हस्पतिवार वाले दिन यहां पर पूजा पाठ प्रसाद चद्दर चढ़ाने वालों की काफी भीड़ होती है। वहीं जारत के पास 11000 की लाइन जमीन को छूते हुए झूल रही है । उसी 11000 लाइन से आज एक महिला नूर बानो निवासी कुबेरपुर झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई । बताया जा रहा है कल एक बच्ची भी इसी 11000 लाइन से झूला झूलने लगी। जब परिजनों से देखा तो उसे लाइन से दूर किया इसमें कहीं ना कहीं बिजली विभाग की भी अनदेखी है । इस असमय कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है ।

मायूसी — पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक ने ट्रैक का निरीक्षण किया, अपनी बात नहीं कह पाए कर्मचारी और यात्री

# जीएम ने किया विंडो निरीक्षण, स्टेशन पर मिलने को बैठे रहे कर्मचारी नेता

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- इज्जत नगर मंडल की डीआरएम ने स्टेशन का किया भौतिक निरीक्षण
- महाप्रबंधक को ज्ञापन देने को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन व सुरक्षा कर्मियों में हुई नोकझोंक

**अमृत विचार।** अमृत भारत योजना के तहत फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन का 20 करोड़ रुपये की अधिक लागत से कायाकल्प का काम चल रहा है। गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर निरीक्षण करने पहुंची। वह रेलवे स्टेशन पर करीब 48 मिनट रुकीं। लेकिन अपने निरीक्षण यान से बाहर नहीं निकली। ज्ञापन देने आए रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी की सुरक्षा कर्मियों से बहस हो गई। वह महाप्रबंधक के बाहर आकर ज्ञापन लेने की मांग पर काफी देर अड़े रहे। महाप्रबंधक के साथ आई इज्जत नगर मंडल की डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का भौतिक निरीक्षण किया। ट्रैक मेंटेनर्स से भी बातचीत की।

फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक के आगमन के कार्यक्रम को लेकर कई दिन पहले से व्यवस्था दुरुस्त करने का काम चल रहा था। रेलवे स्टेशन के आसपास के ट्रैक को पूरी तरीके से साफ कर चमकाया गया था। गुरुवार सुबह से ही स्टेशन मास्टर योगेंद्र शाक्य छोटी से छोटी कमी को दूर करने में जुट रहे। दोपहर डेढ़ बजे के बाद तय समय से करीब 13 मिनट देरी से महाप्रबंधक मथुरा से कासगंज होते हुए फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। उनके स्वागत में कई संगठनों के पदाधिकारी बुके और ज्ञापन लिए कोच के गेट पर खड़े रहे लेकिन महाप्रबंधक अपने यान से बाहर नहीं निकलीं। जिसके बाद महाप्रबंधक के साथ आए मुख्य सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवात्सव ज्ञापन लेने के लिए आए। ऑल इंडिया ट्रैक मेंटेनर यूनियन के पदाधिकारी ने सभी ट्रैक मेंटेनर को विभागीय परीक्षा में बैठने की अनुमति, संक्रमण भत्ता दिए जाने सहित 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंप दिया।

वहीं एन. ई रेलवे मजदूर यूनियन(नरमू) के पदाधिकारियों ने कानपुर अनवरगंज डीजल अभी को इज्जत नगर मंडल में सम्मिलित किए जाने, कानपुर अनवरगंज स्थित हेल्थ यूनिट में इज्जत नगर मंडल के कर्मचारी के उपचार की व्यवस्था किए जाने सहित 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा ।लेकिन रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देने से मना कर दिया और महाप्रबंधक को बाहर आकर ज्ञापन लेने की मांग करने लगे। काफी देर तक आरपीएफ के निरीक्षक राम प्रताप सिंह से संगठन की महिला अध्यक्ष राधा शुक्ला की बहस होती रही। इसके बाद मुख्य सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव ने बमुश्किल समझाकर शांत कर ज्ञापन लिया। इस दौरान पेंशनर्स एसोसिएशन की तरफ से अध्यक्ष सोरन सिंह, महिला उपाध्यक्ष सुमन लता, गीता सक्सेना, रश्मि तिवारी आदि मौजूद रहीं।

**महाप्रबंधक के स्टेशन पर मौजूद होने के बावजूद ट्रैक से निकलते रहे यात्री, सुरक्षा कर्मी रहे मूकदर्शक:** जब महाप्रबंधक कोच में बैठकर विंडो निरीक्षण कर रहीं थी। बाहर रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारी फोर्स तैनात था। फिर भी यात्री बेधड़क कोच के सामने से ही ट्रैक को पार कर जाते नजर आए। जब उच्च अधिकारियों के सामने ऐसा हाल है तो सामान्य दिनों अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। सुरक्षा कर्मियों ने भी जान जोखिम में डाल कर चेक पर कर रहे यात्रियों को रोकने की जहमत नहीं उठाई।


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करतीं डीआरएम रेखा यादव। अमृत विचार

### टाइम लाइन

1:38 मिनट पर पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची
1:52 मिनट तक विंडो निरीक्षण किया
2 :16 मिनट पर डीआरएम इज्जत नगर महाप्रबंधक के कोच से बाहर निकली
2 : 20 मिनट पर प्लेटफार्म नंबर तीन पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों से बातचीत की
2 :22 मिनट पर अपने निरीक्षण यान चली में डीआरएम चली गई
2 :26 मिनट पर महाप्रबंधक का निरीक्षण यान चल दिया, जिसके बाद 3 मिनट तक रुका
2 :30 पर डीआरएम बरेली के लिए रवाना हो गई

### डीआरएम इज्जत नगर ने रेलवे स्टेशन पर देखीं व्यवस्थाएं

पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक के साथ उनके निरीक्षण यान में इज्जत नगर की डीआरएम रेखा यादव भी आईं थीं। 2 :15 बजे करीब बाहर निकलीं और स्टेशन पर जायाजा लिया। ओवरब्रिज से ही चल रहे काम को भी देखा। स्टेशन मास्टर को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश दिए ।जिसके बाद वह अपने निरीक्षण यह से बरेली के लिए रवाना हो गईं।

# गाड़ियों से हूटर हटा लें पदाधिकारी : भाकियू भानू

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

- पंचायत में पदाधिकारियों ने सरकार पर लगाये तमाम तरह के आरोप

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में कार्यालय मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में हुई।

पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि जो पदाधिकारी अपनी गाड़ियों पर हूटर लगाए हैं वह तत्काल हटा लें । न हटाने पर वह खुद जिम्मेदार होंगे। गाड़ियों में झंडी पट्टी लगी रहेगी। यदि शासन प्रशासन ने झंडी पट्टी हटाने की जुर्रत की तो जिले में बड़ा आंदोलन होगा। कारण वर्तमान सरकार किसान विरोधी है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की गणना कराई जाए। अवैध कमाई पर इन पर भी बुलडोजर की कार्यवाही की जाए। मंडी समिति कायमगंज में सचिव द्वारा अवैध दुकानदारों को मंडी में जगह देकर अवैध वसूली की जा रही है। जांच की जाए और सचिव को हटाया जाए। फर्रुखाबाद जनपद में बेसिक शिक्षा अधिकारी की अवैध वसूली की वजह से कक्षा 1 से लेकर 5 तक गैर मान्यता के स्कूल चल रहे हैं वहीं अवैध स्कूल संचालक जूनियर से लेकर इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं चला रहे हैं। फर्रुखाबाद में दालों की कालाबाजारी, जमाखोरी की वजह से महंगाई बढ़ रही है। रिश्वतखोर अधिकारी धन उगाई में लगे रहते हैं। अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं आलू के थोक व्यापारी आलू को मंडी में नहीं बेच रहे हैं जिसके चलते आलू 30 रुपये किलो बिक रहा है।

पंचायत में जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला संगठन सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, जिला संगठन महासचिव प्रताप सिंह गंगवार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी अनुज सक्सेना,तहसील अध्यक्ष विजय शाक्य, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ,रक्षपाल आदि पदाधिकारी रहे।



लाठियां पटक कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार



हाईवे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# आरोपी की गिरफ्तारी न होने से फूटा गुस्सा

## लोगों ने हाईवे पर लगाया जाम, सैकड़ों वाहन फंसे, पुलिस ने फटकारीं लाठियां

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में 10 दिन पूर्व एक किशोरी ने फांसी लगा कर अपनी जान दे दी थी। मृतका की मां ने मकान मालिक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया था। 10 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने मोहल्ले के लोगों के साथ मिलकर हाईवे पर जाम लगा दिया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। एसडीएम सदर, सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर जाम को खुलाने का प्रयास किया। लेकिन जाम लगाने वाले गिरफ्तारी की जिद पर अड़े थे।

बाद में लोगों ने एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर दी तब पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लाठियां फटकार कर जाम लगाए लोगों को खदेड़ दिया। करीब दो घंटे के बाद यातायात शुरू हो सका।



मौके पर मौजूद एसडीएम राघव विक्रम और सीओ अमित कुमार सिंह। अमृत विचार

मोहल्ला नारायण अड्डा में आशा देवी अपनी 15 साल की पुत्री लवी के साथ किराए पर रहती थी। नौ जून को आशा देवी अपने काम पर चली गई तभी लवी ने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। मकान मालिक ने इसकी जानकारी आशा देवी को दी थी। बाद में आशा देवी ने मकान मालिक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करा दिया था।

10 दिन बीत जाने के बाद आरोपी की गिरफ्तार न होने से नाराज परिजनों ने मोहल्ले के लोगों के साथ मिलकर गुरुवार को हाईवे पर जाम लगा दिया। एसपी सिटी अभयानाथ त्रिपाठी, एसडीएम विक्रम राघव सीओ सिटी अमित कुमार सिंह के अलावा फ्रेंड्स कॉलोनी व सिविल लाइन थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलाने का प्रयास किया लेकिन लोग नही माने।

इसी बीच एक ट्रक चालक ने अपने ट्रक को वापस मोड़ने का प्रयास किया तो लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। बाद में पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों को तितर-बितर कर दिया।

### पुलिस पर पथराव आरोपियों की तलाश

- बताया जाता है कि जाम के दौरान लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। इससे पुलिस कर्मियों को चोटें आई। करीब दो घंटे के बाद हाइवे पर यातायात शुरू हो सका। पुलिस को मौके से छह बाइकें भी बरामद हुई है। पथराव के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस पथराव करने वालों की तलाश कर रही है।

## सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

**इटावा।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसो में दो लोगों की मौत हो गई। एक घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

पहली घटना इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव मनियांमऊ के पास हुई जहां बाइक से आ रहे एक युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव रूप पुर निवासी सतीश कुमार पुत्र ओम प्रकाश अपनी बाइक से इटावा की ओर आ रहा था। हाईवे पर आरएस डिग्री कॉलेज के पास पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइकसवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना चौबिया थाना क्षेत्र में हुई। जहां सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के गांव केशोंपुर निवासी सचिन पुत्र पदम सिंह सड़क हादसे में घायल हो गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना इकदिल थाना क्षेत्र के हाईवे पर नगला दलप के पास हुई जहां सड़क पार करते समय बाइक की चपेट में आने से सुमित पुत्र भारत सिंह निवासी बिरारी घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बिजली विभाग पर उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी ने बिजली विभाग पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। आवास विकास कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत पुलिस अधिकारी रामनाथ सिंह यादव ने कहा कि उनकी पत्नी के नाम से कनेक्शन है। उनका बिल बकाया नहीं है। इसके बावजूद बिजली विभाग बिना वजह उत्पीड़न कर रहा है।

कहा कि उन्होने बिजली विभाग की एक शिकायत की थी। शिकायत के बाद से बदले की भावना बिजली विभाग उत्पीड़न कर रहा है। उन्होने न्यायालय में एक मामला दर्ज कराया था, जिसकी सुनवाई 24 जून सत्र न्यायालय में होनी है। विभाग उनके तीन मीटर बदल चुका है। बगैर एसी के उपयोग के उनका साढ़े 9 हजार का बिल भेजा गया है।

बुधवार को फिर बिजली विभाग की टीम आई और उनके मीटर का वीडियो बनाने लगी। उन्होंने बात की तो कोई कारण नहीं बताया। रामनाथ सिंह यादव ने बताया कि उनका जो भी बिजली का बिल आता है उसे जमा किया जाता है। इसके बावजूद परेशान किया जा रहा है। उन्होने मुख्यमंत्री से बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### 13 उपभोक्ता बिजली चोरी में पकड़े गए

**इटावा।** बिजली विभाग की ओर से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में गुरुवार को 13 उपभोक्ताओ को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। अधिशाषी अभियंता श्रीप्रकाश के निर्देशन मे उपखण्ड अधिकारी गगन अग्निहोत्री के नेतृत्व में हाई लॉस फीडर पर बिजली मित्र पोर्टल की शिकायतो की चेकिंग करने पर पचावली पॉवर हाउस से संबंधित क्षेत्र अड्डा टीला, में 13 लोग बिजली की चोरी करते हुए मिले। इनमें 12 लोगो को केबल कट, बायपास करके चोरी करते पकड़ा गया। इन पर धारा 135 के तहत कार्यवाही की गई है। जबकि विवेक विहार में 1 उपभोक्ता को घरेलू संयोजन से कमर्शियल का उपयोग करते पाया गया।

## आग से घरेलू सामान राख, बकरी मरी

**महेवा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्होरा के मजरा टिलीटिला में अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग से एक बकरी जलकर मर गई। घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया। ग्राम टिलीटिला निवासी सत्यवीर दोहरे की झोपड़ी में लगी आग से एक बकरी, भैंस की पड़िया व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। करीब 70 हजार के नुकसान का अनुमान लगाया गया। ग्राम प्रधान हरगोविंद पाल, क्षेत्रीय लेखपाल सुधीर चतुर्वेदी, कांस्टेबल रोहित तोमर, शुभम सैनी, अनिल कुमार ने पीड़ित परिवार के लिए सहायता की मांग की है।



बैठक में भाग लेते एसडीएम कुमार सत्यम जीत। अमृत विचार

## संचारी रोगों से निपटने को दिए निर्देश

**जसवंतनगर।** बारिश में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत की अध्यक्षता में बैठक हुई। ए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक चला कर स्वास्थ्य विभाग और संबंधित विभागों के अधिकारियों से कार्य योजना तैयार करने को निर्देश दिए गए। अभियान के तहत एंटी लारवा छिड़काव, फॉगिंग, नालियों की सफाई आदि पर काम किया जाएगा। तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. सुशील कुमार, बीडीओ, एडीओ पंचायत, ईओ नपा समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली कटौती बंद न हुई तो सड़कों पर उतरेगी सपा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** अघोषित बिजली कटौती को लेकर समाजवादी पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी सड़कों पर उतरेंगे। कार्यालयों पर धरना भी देंगे।

सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, सांसद जितेंद्र दोहरे, महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य ने बताया कि जनपद के शहरी व देहात क्षेत्र में मुश्किल से 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, चच्चू शुक्ला, अनवार हुसैन, आलोक दीक्षित, उमेश राजपूत डुल्ले, राजपाल यादव, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष किशन यादव, यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल, दीपी सिंह, प्रवीन कुशवाहा, सफी अहमद बालक, देवेंद्र भदौरिया, शेखर राजपूत, मोनू अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती विहार कॉलोनी में जलभराव की समस्या

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कांग्रेस ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर की समस्या के निस्तारण की मांग

**अमृत विचार।** शहर के अड्डा ऊसरा वार्ड की सरस्वती विहार कॉलोनी में जलभराव की समस्या के चलते क्षेत्र के लोग परेशान हैं। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मलखान सिंह को सौंपा। इसमें जलभराव की समस्या को खत्म करने की मांग की गई।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष पल्लव दुबे एड. ने कहा कि इस मोहल्ले के लोग कई महीनों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कॉलोनी के लोगों के बच्चों को स्कूल-कालेज, कोचिंग सेंटर आदि जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मलखान सिंह को ज्ञापन सौंपते शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे व अन्य।

यह अड्डा ऊसरा को पचावली रोड से जोड़ने का मुख्य मार्ग है। परंतु जलभराव के कारण लोग अन्य दूरस्थ मार्गो से होकर बाजार कर पा रहे हैं।

मोहल्ले वासियों ने कई बार नगर पालिका एवं संबंधित अधिकारियों से शिकायत की परंतु कोई ध्यान नहीं दिया गया। ज्ञापन देने वालों में संजय दोहरे, विष्णु कान्त मिश्रा, मोहनलाल प्रजापति, प्रभु दयाल शाक्य, आसिफ जादरान, सूर्या शंकर दीक्षित, शिवा ठाकुर, सतीश शाक्य, ब्रह्मदत्त प्रजापति, रामगोपाल वाजपेई, भारत सिंह शाक्य, किशन यादव, विनीत कुमार, मृत्युंजय कुशवाहा, पिंटू प्रजापति, महिपाल सिंह, मुकेश प्रजापति शामिल रहे।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** एसडीएम ने लोगों से योग को दिनचर्या में शामिल करने का किया आह्वान

# योग का अभ्यास कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** योग दिवस मनाए जाने को लेकर योग सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें योग के बारे में प्रशिक्षण देने के साथ ही लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी बढ़पुरा के कार्यालय में योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योग प्रशिक्षक अनुज यादव ने बताया कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मनुष्य रोगों से बचा रह सकता है। इसलिए सभी को अपनी क्षमता के अनुसार योग करना चाहिए। बृजभान त्रिपाठी, कमल कुमार, अनुज यादव, अंकित यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे जिन्होंने योग का अभ्यास किया।



साधकों को योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक अनुज यादव। अमृत विचार

नेहरु युवा केंद्र की ओर से बसरेहर क्षेत्र के गांव शेखूपुर में भी योग कराया गया। इसी तरह बकेवर में दशम को लेकर योग सप्ताह के तहत टकरुपुरा यमुना घाट पर योग शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद, ग्रामीणों ने शिविर में सहभागिता की और योग के महत्व को समझा। एसडीएम ने कहा कि योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक व्यायाम होता है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर निरोगी जीवन जी सकते हैं।

थानाध्यक्ष लवेदी संत कुमार, उपनिरीक्षक संजय यादव, डॉ ओमप्रकाश पवांर, योग प्रशिक्षक अनिल कुमार, रोजगार सेवक विनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जनपद न्यायालय में मनेगा योग दिवस

**इटावा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र के अनुपालन में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय में भी योग दिवस मनाया जाएगा। प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने बताया है कि इसमें सभी न्यायिक अधिकारी तथा कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। सभी न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा गया है कि वे 21 जून को जनपद न्यायालय की परिसर में स्थित उद्यान में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित योग शिविर में प्रतिभाग करे।

# जिले में शुरू कराई गई सारस की गणना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं समाजसेवी कर रहे सहयोग

**अमृत विचार।** वन विभाग की ओर से वर्ष 2024 के लिए ग्रीष्मकालीन सारस गणना गुरुवार से शुरू हो गई। यह गणना दो दिन कराई जाएगी। इस गणना में यह पता चल जाएगा कि जिले में कितने सारस हैं। वैसे इटावा जिले में राज्य पक्षी सारस बहुतायत में पाया जाता है।

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुलकांत शुक्ला ने बताया है कि सारस गणना में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, गैर सरकारी संगठन तथा प्रकृति प्रेमी भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी बसरेहर, भरथना, लखना तथा बढ़पुरा इस कार्य में लगे है और गणना के इच्छुक व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकते है। यह भी बताया गया है कि प्रत्येक गणना स्थल पर गणना सुबह 6 से 8 बजे तक तथा शाम को 4 से 6 बजे के मध्य एक- एक बार कराई जाएगी। इसके साथ ही गणना के दौरान कम से कम एक डिजिटल फोटो भी लिया जाएगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्धारित समय में गणना का कार्य पूरा हो सके।



सरसई नावर वेटलैंड में भ्रमण करते सारस।

## सार-संक्षेप



नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ लेते डॉ. कैलाश यादव, एसपी सुबोध गौतम।

### नशा मुक्त समाज के लिए जिम्मेदारों ने ली शपथ

**इटावा।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में नशा मुक्त भारत पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक डा कैलाश चंद्र यादव ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। डी आई ओ एस मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए अपने अपने स्तर से सजग होकर कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने कहा कि जो लोग नशे की लत के शिकार हैं, उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए हम सब को प्रयास करने चाहिए। उन्होंने शपथ दिलाकर सभी से अपील की कि सभी लोग इस मुहिम का हिस्सा बन अपना सहयोग करें। प्रबंधक कैलाश यादव ने उपस्थितों से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने को कहा।

### मारपीट करने वाले शांतिभंग में पाबंद

**बकेवर।** प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गांव में प्लॉट को लेकर दो पक्ष गाली-गलौज और मारपीट कर रहे थे। चौकी इंचार्ज अहेरीपुर दयानंद पटेल को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा गया। जहां आपस में मारपीट कर रहे सुरेश चन्द्र, भुवनेश कुमार, नरेश चंद्र, विकास दोहरे, कृष्ण पाल के अलावा विजय सिंह को शांतिभंग में पाबंद कर एसडीएम भरथना के समक्ष पेश किया गया।

### सीओ के आदेश पर एससी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम इंद्रावखी में खेतों से भूसा लेने जा रहे एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया गश्स। पुलिस ने 40 दिन बाद सीओ भरथना के आदेश पर एससी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम निवासी विकास कुमार ने सीओ भरथना को प्रार्थना देकर बताया कि वह नौ मई की सुबह ट्रैक्टर द्वारा खेतो से भूसा लेने जा रहा था। गांव के सूर्य प्रताप राठौर रास्ते में मिले और बिना बजह जातिसूचक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया।

### गांवों में रोस्टर प्रणाली से हो रही सफाई

**महेवा।** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांवों में जलनिकासी की सुगम व्यवस्था बनाने तथा साफ-सफाई कराने के लिए रोस्टर प्रणाली के तहत अभियान चलाया जा रहा है। सफाई अभियान का नियमित निरीक्षण सहायक विकास अधिकारी पंचायत, इंद्र पाल सिंह भदौरिया कर रहे हैं। एडीओ ने स्थलीय निरीक्षण कर कर्मियो को निर्देशित किया कि जो भी सफाई कर्मी अपनी ड्यूटी पर नहीं मिलेगा। उस पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खंड प्रेरक संतोष कुमार, प्रधान रामदास शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक स्तरीय बैठक आज

**महेवा।** जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय के निर्देशानुसार 21 जून को दोपहर 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महेवा पर "संचारी रोग" कार्यक्रम की एक "ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन खंड विकास अधिकारी महेवा की अध्यक्षता में होगा। यह जानकारी देते सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर गौरव त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में संचारी रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम, साफ-सफाई, जागरुकता अभियान आदि पर विचार-विमर्श होगा।

### तेज रफ्तार कार पुलिया से टकराकर पलटी, कई घायल

**भरथना।** ऊसराहार-भरथना मार्ग पर ग्राम सालिमपुर के निकट गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ओमनी कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर पलट गई। कार में सवार पांच महिलाएं, दो पुरुष और चार-पांच बच्चे गाड़ी में ही फंस गए। राहगीरों ने कार में फंसे सभी यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना में कमलेश, उसकी बड़ी बेटी बसंती, निवासी ग्राम राइन, छोटी बेटी ममता ग्राम मसनाई, पुत्रवधू रूपा, अनुज वधू ऊषा, पायल, अरुण, ऋतिक, ज्योति, रिया के अलावा ओमनी कार चालक धीरेंद्र पाल निवासी ग्राम नगला गजा सरावा थाना भरथना घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को भरथना सीएचसी भेजा। घायल कमलेश ने बताया कि ग्राम गोपियागंज में उसकी बेटी की ससुराल में एक शादी है। वह परिवार के साथ बेटी को भात पहनाने जा रहे थे।

### मारपीट करने का मामला नौ माह बाद दर्ज

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के नगरिया भाट में लगभग नौ माह पूर्व दरवाजे पर लगे ताले तोड़कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। अरुण कुमार निवासी कुनैरा ने बताया कि ऊषा देवी से 2017 में जमीन खरीदी थी। जिस पर राजेंद्र सिंह आदि ने कब्जा कर रखा था। प्रशासन ने 2021 में कब्जा दिलाया तो जमीन की बाउंड्रीवाल करके टयूबवेल लगा दिया। जिसकी देख-रेख भतीजा उमेश कर रहा था। अरुण के अनुसार 14 सितंबर 2023 को रात्रि 10 बजे बबलू, प्रेमबाबू, दीप सिंह, बबलू निवासी नगरिया भाट ने उसके भतीजे उमेश के साथ मारपीट की। दरवाजे पर लगे ताले तथा अन्य सामान तोड़ दिया।

### दुकान से 20 बोरी गेहूं चोरी, दी तहरीर

**जसवंतनगर।** ग्राम दयालपुरा में चोर एक परचून व गल्ला की दुकान से गेहूं से भरी 20 बोरी चोरी कर ले गए। दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम धनुआ के मौजा ग्राम नगला महाजीत निवासी शिशुपाल सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम दयालपुरा निवासी जयवीर सिंह की दुकान किराये पर लेकर उसमें परचून व फुटकर गल्ला की दुकान चलाते हैं। बुधवार सुबह दुकान पर पहुंचे तो दुकान का शटर खुला और समान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो उसमें रखे गेहूं से भरी 20 बोरी गायब मिलीं। उन्होंने इस बारदात की सूचना डायल 112 पुलिस को दी।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा

**इटावा।** कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2000 में अवैध रूप से शस्त्र रखने के मामले में अंगद पुत्र उमराव निवासी ईटखुरा थाना सिकंदरा कानपुर देहात को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ की कोर्ट में हुई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और उसे जेल में बिताई अवधि की सजा व डेढ हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### गुजरात में हुई दुर्घटना में दर्शनपुरा के चालक की मौत

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम दर्शनपुरा के निवासी 33 वर्षीय ट्रक चालक की बुधवार को गुजरात राज्य के बनासकांठा जिले में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सत्येंद्र सिंह बघेल पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम दर्शनपुरा, गुजरात में सासनपुर और बरही के बीच कंटेनर में भरे पार्सल लेकर जा रहा था। रास्ते में वह दुर्घटना का शिकार हो गया। वह कंटेनर की केबिन के अंदर फंस गया। बाहर निकालकर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। शव गुरुवार देर शाम दर्शनपुरा पहुंचने की उम्मीद है।

### व्यापारी को पीटने वाले पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने चकरनगर क्षेत्र हनुमंतपुरा के व्यापारी चंदन पोरवाल के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट की निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल नें कहा कि एक कोलड्रिंक, चिप्स बेचने वाले व्यापारी के साथ स्थानीय पुलिस का केवल दुकान देर तक खोले जानें को लेकर मारपीट करना बेहद निंदनीय है। इसको लेकर एक प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिल कर पुलिस कर्मियों के निलंबन की मांग करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, अखिलेश प्रधान, महिला प्रदेश मंत्री सुशीला राजावत, कामिल कुरैशी, नितीश पुरवार, हाजी शेख आफताब, भारतेंद्र नाथ, अर्चना, रियाज अहमद, छोटू यादव, विपिन कुशवाहा, भरथना अध्यक्ष राजेश पोरवाल, जसवंत नगर अध्यक्ष अतुल जैन, रेनू शुक्ला मौजूद रहे।

### भाविप की कार्यकारिणी ने किया दायित्व ग्रहण

**इटावा।** भारत विकास परिषद मित्र शाखा इटावा का पंचम दायित्व ग्रहण समारोह गुरुवार को मधुबन वाटिका में आयोजित हुआ। जिसकी नवीन कार्यकारिणी में अरविंद चौधरी ने अध्यक्ष, अजय प्रकाश मिश्रा ने सचिव, कवि रोहित चौधरी ने कोषाध्यक्ष एवं ममता पांडे महिला संयोजिका, राजीव रंजन तिवारी उपाध्यक्ष प्रथम एवं स्नेहलता उमराव द्वितीय, लोकेश मिश्रा उप सचिव समेत शाखा के नए सदस्यों ने अपने अपने दायित्वों की शपथ ली। परिषद के पांचाल प्रांत के महासचिव संजय मिश्रा ने शपथ ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय प्रकल्प समग्र ग्राम विकास हरि नारायण चतुर्वेदी ने कहा कि भारत विकास परिषद दुनियां में सेवा का सबसे अद्वितीय संगठन है। कार्यक्रम संयोजक इंजी. हरि किशोर तिवारी, शाखा के संरक्षक अरविंद तिवारी, मुन्ना लाल, अनुपम तिवारी, संगीता मिश्रा, वीर शिरोमणि तिवारी, अनुराग गुप्ता, केके त्रिपाठी, हरिदत्त दीक्षित, राजेंद्र दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी, सुधीर कुमार, रामप्रकाश वर्मा, रत्नकुमारी वर्मा, नृपेंद्र चौहान, शिव दत्त, ममता पांडे, संगीता मिश्रा, प्रदीप तिवारी, दीपेंद्र तिवारी, अमित पांडे, दीपक तिवारी का सहयोग रहा।

## एक नजर

### होटल संचालक की हीटवेव से गई जान

**फफूंद, औरैया।** कस्बे में एक युवा होटल मालिक की नींद में ही मृत्यु हो गई। सुबह उठी पत्नी ने जब पति के मुंह पर झाग देखा तो उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी मृत्यु हो चुकी थी। शाम को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। कस्बे के मोतीपुर निवासी अबरार खान कपड़े के व्यापारी हैं। उनकी बाजार में दुकान है। उनका 30 वर्षीय बड़ा पुत्र आमिर कपड़े की दुकान के अलावा होटल भी चलाता है। बुधवार रात 11 बजे खाना खाकर वह पत्नी और बच्चों के साथ जाकर सो गया। सुबह पांच बजे उसकी पत्नी रानी उठी तो देखा की उसके मुंह से झाग निकला है, जिस पर उसने घर वालो को बताया। परिजन अस्पताल ले गए लेकिन उसकी मृत्यु हो चुकी थी।


आमिर।

### घर में घुसकर मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अयाना।** थाना क्षेत्र के अंतौल निवासी सुरेश तोमर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम को पड़ोस के कल्लू सिंह, उसकी पत्नी संतोषी, बहन प्रीती व अनूप ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुन बचाने आये दामाद के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर कर दी और घर के बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़ दिए। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**अयाना।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह वह खेत पर शौच क्रिया के लिए गई थी। तभी गांव के जयवीर ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। घर आने पर आरोपी ने उसको धमकी दी। बुधवार रात को आरोपी उसकी छत पर चढ़ आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। चीखने पर आए परिजन को देख आरोपी भाग निकला। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक से कुचलकर युवक की मौत, चालक पर रिपोर्ट

**ककोर।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजय कुमार राजपूत (27) पुत्र तुलाराम राजपूत निवासी समाधान पुरवा की कल देर रात टोरंटो गैस पावर ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। अजय कुमार औरैया से समाधान गांव वापस लौट रहे थे। चालक ने ट्रक भगाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों की मदद से नगला जय सिंह में ट्रक को पकड़ लिया गया। हालांकि चालक भाग निकला। दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू पहुंचे और घर वालों से घटना के बारे में जानकारी ली।थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया परिजन द्वारा दी गई तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### महिला को पीटकर दांत से काटा, रिपोर्ट दर्ज

**अयाना।** थाना क्षेत्र के नगला चिंताई निवासी रश्मि देवी ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि बुधवार शाम को उसकी ननद सुनीता के साथ पड़ोस के पहलवान सिंह व उसकी पत्नी सुमन लता गाली गलौज कर रहे थे। इसका उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दाहिने हांथ में दांत से काट लिया। इससे वह घायल हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त, डीआईजी व मुख्य अभियंता ने डीएम और एसपी के साथ की बैठक

## शासन के निर्देश पर डीएम-अधिशासी अभियंता के प्रकरण की जांच किए जाने के कयास

कार्यालय संवाददाता, औरैया


डीएम नेहा प्राकाश। अमृत विचार


अभिषेक यादव। अमृत विचार

- पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ने डीएम आवास में स्वीमिंग पूल नहीं बनाने पर निलंबन की संस्तुति का लगाया था आरोप
- डीएम ने आवासों के निर्माण में लापरवाही, सड़क बनाने में देरी, चुनाव कार्य में हीलाहवाली के लगाए हैं आरोप
- एक्सईएन ने आरोपो को नकारा, कहा– 2.97 करोड़ रुपये के सापेक्ष 84 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च किए गए

**अमृत विचार।** डीएम नेहा प्रकाश ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अभिषेक यादव के निलम्बन की संस्तुति की थी। इसके जवाब में अधिशाषी अभियंता ने डीएम आवास में स्वीमिंग पूल नहीं बनाए जाने पर कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी। गुरुवार दोपहर मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीआईजी जोगेंदर सिंह, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, कानपुर संजीव भारद्वाज व अधीक्षण अभियंता इटावा नरेश चन्द्र अचानक जनपद पहुंचे। सभी अधिकारी थोड़ी देर देवकली स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, औरैया में रुकने के बाद जिला मुख्यालय ककोर पहुंचे। वहां से जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, एसपी चारु निगम, एडीएम और एसडीएम के साथ गेल गांव स्थित आशियाना अतिथि गृह गए, जहां मैराथन बैठक चली। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि इस दौरान आला अधिकारियों ने डीएम और अधिशासी अभियंता के बीच छिड़े प्रकरण में गहन जांच पड़ताल की।

माना जा रहा है कि गेल गांव के आशियाना अतिथि गृह में आला अधिकारियों ने शासन के निर्देश पर डीएम और अधिशासी अभियंता के प्रकरण की जांच पड़ताल की है। हालांकि औपचारिक तौर पर किसी ने इसकी पुष्टि नही की है। लेकिन अचानक स्थानीय अधिकारियों के साथ शीर्ष स्तरीय बैठक को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने जरूर कहा कि मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में जो कुछ भी जानकारी होगी उपलब्ध कराई जाएगी। घटनाक्रम के अनुसार चुनाव और विकास कार्यों में लापरवाही पर मंडलायुक्त और डीएम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अभिषेक यादव को निलंबित करने की संस्तुति की थी। एक्सईएन ने इसे लेकर डीएम को निशाने पर लिया था। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को लिखे 76 पेज के पत्र में कहा है कि डीएम आवास में स्वीमिंग पूल और सड़क बनाने से मना करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई है। शासन को गलत रिपोर्ट भेजी गई है। डीएम ने इस आरोप को गलत बताया है। उनका कहना है कि आवास निर्माण कानपुर के ठेकेदार करा रहे हैं। एक्सईएन का इससे कोई लेना-देना नहीं है। ठेकेदार से पता किया जा सकता है कि उसने क्या बनाया है और क्या बन रहा है। उन्होंने शासन को भेजे गए पत्र में एक्सईएन पर अधिकारियों, कर्मचारियों के आवासों के निर्माण कार्य में लापरवाही, पोलिंग पार्टियों के लिए मानक विहीन मंच निर्माण जैसे आरोप लगाए हैं।

एक्सईएन अभिषेक यादव ने इन आरोपों को गलत बताते हुए लिखा है कि डीएम आवास में 2.97 करोड़ रुपये के सापेक्ष 84 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च किए गए हैं। कमरे, किचन व बाथरूम में कई गुना महंगे उपकरण लगवाए गए। डीएम ने उनसे मौखिक रूप से कहा था कि आवास में स्वीमिंग पूल और आंतरिक मार्ग बनवा दें। यह कार्य कराने से इंकार करने पर नाराज होकर डीएम अलग-अलग मामले में मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगीं। एक्सईएन का कहना है कि सेहुद से मेडिकल कॉलेज जाने वाले मार्ग के निर्माण में बिजली लाइन हटाने व किसानों का जमीन विवाद होने से देरी हुई। लोस चुनाव में उन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। इस बीच उनकी पत्नी की तबीयत बिगड़ गई, डाक्टर ने भर्ती करने की सलाह दी। उन्होंने डीएम और एडीएम को यह जानकारी दी, लेकिन छुट्टी नहीं दी गई। इस पर वह लखनऊ गए और पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराकर दूसरे दिन वापस आ गए थे। पोलिंग पार्टी रवाना होने के दौरान 25 से 30 अधिकारियों के बैठने के लिए मंच बनाया गया था, लेकिन 100 से अधिक लोगों के पहुंचने पर मंच टूट गया।

## किसान की थ्रेसर में फंसने से हुई मौत

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत प्रतापपुर निवासी युवक की थ्रेसर में फंसने से मौत हो गई। पुलिस ने मशक्कत के बाद शव को थ्रेसर से बाहर निकलवाया।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर निवासी बृजेश राजपूत (40) पुत्र सिपाही लाल अपने खेत में मूंग की थ्रेसिंग करते समय हादसे का शिकार हो गए। बताया जाता है कि थ्रेसर में कुछ कमी आ गई थी जिसे वह सही करने लगे थे। इसी दौरान अचानक थ्रेसर चल जाने से वह उसमें फंस गए जिससे उनकी मौत हो गई।


बृजेश राजपूत।

ब्रजेश बलकट पर गिरधारीपुर निवासी विद्या राम के खेत शहबाजपुर में लिए हुए थे। मृतक की पत्नी नगीना देवी, पुत्र रितुल पुत्री नेहा और माता-पिता हादसे से आहत हैं। बृजेश मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। क्षेत्राधिकारी राम मोहन शर्मा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस एवं बिलखतीं परिजन। अमृत विचार

# बेटी के घर रह रहे वृद्ध का नदी किनारे मिला शव

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की सुबह मऊ व गूरा गांव के पास देवघट बाबा मंदिर से 500 मीटर दूरी पर अरिंद नदी के किनारे एक वृद्ध का शव मिलने पर हड़कंप मच गया। वृद्ध की पहचान थाना बेला क्षेत्र के गांव बमनौटी निवासी राम किशोर बाथम के रूप में हुई, जो पिछले तीन माह से थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के गांव बढ़िन में अपनी बेटी के घर पर रह रहा था।

बेला थाना क्षेत्र के गांव बमनौटी निवासी राम किशोर बाथम (60 वर्ष) पुत्र भिखारी लाल के तीन पुत्र जसवंत, अर्पित व अमित के अलावा पांच बेटियां अनीता, विनीता, सुनीता आदि हैं। वृद्ध राम किशोर भूमिहीन था। उसने अपनी पांचों पुत्रियों की शादी कर दी थी। जिसमें तीन पुत्रियों अनीता, विनीता व सुनीता की शादी थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के गांव बढ़िन में हुई थी। बड़े पुत्र जसवंत की भी शादी हो गई थी। जसवंत अपनी पत्नी व दोनों भाईयों अर्पित व अमित के साथ पंजाब में नौकरी करता है।

राम किशोर अपनी पत्नी गीता के साथ गांव बमनौटी में रहते थे। किन्तु तीन माह पूर्व मार्च में पत्नी गीता की मृत्यु हो जाने पर वह परेशान रहने लगे थे। जिसके चलते बड़ी बेटी अनीता उन्हें अपने घर बढ़िन ले आयी थी। बताया जाता है कि राम किशोर बुधवार की सुबह करीब 7 बजे शौच के लिए घर से निकले थे। इसके बाद से घर नहीं पहुंचे। गुरुवार सुबह बढ़िन गांव से 11 किमी दूर थाना बिधूना क्षेत्र के गांव मऊ व गूरा के पास देवघट बाबा मंदिर से 500 मीटर दूरी पर नदी के किनारे ग्रामीणों ने एक वृद्ध का शव पड़ा देखा, जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। राम किशोर की पुत्रियां व दामाद आदि भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव की पहचान की।

# हृदय गति रुकने से जवान की मृत्यु

संवाददाता फफूंद, औरैया


राजीव का शव गांव पहुंचने के बाद बिलखती बेटी शुभी व अन्य परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सीमा सड़क संगठन में तैनात जवान की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। जवान गुवाहाटी के तेजपुर मे तैनात था। मृतक जवान का शव देर शाम पैतृक गांव तरई पहुंचा। जवान की बेटी शुभी और बेटे कृष्णा, अंश अपने पिता के शव को देखते ही फूट फूट कर रोने लगे। सीओ राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी गंगा दास एवं गार्ड की एक टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।


राजीव।

क्षेत्र के तरई ग्राम निवासी 38 वर्षीय राजीव दोहरे पुत्र रामस्वरूप दोहरे सीमा सड़क संगठन (बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन) तेजपुर असम गुवाहाटी में तैनात था। जो वर्ष 2008 में तेजपुर बटालियन में भर्ती हुए थे।

# स्कूल में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरू

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अध्यापकों से नई शिक्षण विधियों को सीखने का आह्वान

**अमृत विचार।** गेल डीएवी मॉडल स्कूल, गेल विहार, दिबियापुर में गणित की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला की गुरुवार को शुरुआत हुई। इसमें डीएवी यूपी जोन 'बी' के सात विद्यालयों डीएवी हरिद्वार, घाटमपुर, बबराला, अमेठी, प्रयागराज तथा दिबियापुर के 17 शिक्षक तथा विषय विशेषज्ञ भाग ले रहें हैं।

तीन दिन तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्‍घाटन गेल कंप्रेशन के महाप्रबंधक जितेन्द्र पाठक, जीएम एचआर अजय रावत एवं अनिल त्रिवेदी द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें नई शिक्षण विधियों को सीखने और उन्हें छात्र हित में अपनानें को कहा। एआरओं यूपी जोन 'बी' के आनन्द स्वरुप सारस्वत, प्रधनाचार्य डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल बबराला एवं मैनेजर गेल डीएबी मॉडल भी समारोह में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

## सार-संक्षेप


बछड़े का उपचार करते युवक। अमृत विचार

### बुखार से तड़प रहे बछड़े को युवाओं ने बचाया

**अछल्दा।** कस्वा के सेउपुर रोड स्थित डीएफसी फ्रंट कॉरिडोर अंडर ग्राउंड पुल के नीचे भीषण गर्मी के चलते एक पांच माह के बछड़े को गुरुवार दोपहर तड़पते देख युवाओं ने पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका उपचार करवाने के बाद ब्लाक परिसर पहुंचाया। सेउपुर रोड पर रेलवे पुल के नीचे गुरुवार की दोपहर को एक बछड़ा बुखार से तड़प रहा था तभी वही से निकल रहे रवि ने इसकी सूचना पशु चिकित्सक डॉ. सचिन को दी। सूचना पर पहुंचे चिकित्सक ने बछड़े को 106 डिग्री बुखार मिलते ही उपचार किया। आराम मिलने बाद युवाओं में तांगे की मदद से बछड़े को इलाज के लिए ब्लाक पशु चिकित्सालय पहुंचा दिया।


नई जेसीबी का पूजन करते अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी। अमृत विचार

### नगर पंचायत में आई दूसरी जेसीबी का पूजन

**औरैया।** शुक्रवार को नगर पंचायत दिबियापुर द्वारा खरीदी गई जेसीबी का हनुमान मंदिर सेहुद में मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। अध्यक्ष राघव मिश्रा तथा अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार ने नगर पंचायत के सभासदों के साथ मिलकर पूजन कर नारियल फोड़ा। अध्यक्ष ने बताया कि एक जेसीबी रेलवे लाइन के उस पार भगवतीगंज क्षेत्र में जब कि दूसरी ककराही बाजार क्षेत्र में रहेगी जिससे कार्य में तेजी आयेगी। पंडित कपिल दुवे ने जेसीबी का पूजन कराया। विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, सभासद इकरार खान, राहुल दीक्षित, इन्द्र पाल सिंह, राजीव शर्मा, रविप्रकाश, योगेंद्र सिंह, सचिन गुप्ता, धरमपाल सिंह, अभय प्रजापति एवं राजेश कुमार तथा नगर पंचायत के कर्मी मौजूद रहे।

## बकायेदारों से वसूला 1.10 लाख का राजस्व

**अछल्दा।** कस्बा के सराय बाजार, नहर बाजार में बिजली विभाग की टीम ने गुरुवार को अवर अभियंता प्रभु दयाल के साथ चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने 30 बकायादार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने की कार्रवाई की। साथ ही बिजली मीटर की रीडिंग एवं खराबियों की भी जांच की गई। जेई प्रभु दयाल ने बताया कि 10 हजार रुपये के ऊपर बकायादारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इसलिए समय से बिजली बिल जमा करें। बताया कि चेकिंग के दौरान 1 लाख 10 हज़ार रुपये राजस्व की वसूली बकाएदारों से की गई है। लाइनमैन आलोक कुमार, दीपकुमार, शोहित, अशरफ, शिवकुमार व अन्य स्टाफ रहा।

# ईओ व नगर पंचायत अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

संवाददाता अटसू, औरैया

**अमृत विचार।** गुरुवार को अखिल भारतीय व्यापारी महा संगठन औरैया के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता के निर्देशन में व्यापारियो ने अधिशासी अधिकारी डॉक्टर विनय शुक्ला व नगर पंचायत अध्यक्ष इंदू गुप्ता को ज्ञापन देकर अटसू नगर पंचायत में वाटर कूलर लगवाए जाने की मांग रखी। साथ ही पानी की टंकी में जनरेटर की व्यवस्था किए जाने की मांग की।

बताते चलें भीषण गर्मी के कारण आम जनमानस नगर पंचायत की जनता के साथ साथ राहगीरों को पीने के पानी की भारी समस्या से जूझना पड़ता है। क्योंकि नगर पंचायत अटसू में अभी तक एक भी वाटर कूलर नहीं लगा है। इसी को लेकर गुरुवार को अटसू की टीम ने अधिशाषी अधिकारी और


अधिशाषी अधिकारी डॉक्टर विनय शुक्ला को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। अमृत विचार

नगर पंचायत अध्यक्ष इंदू गुप्ता के नाम एक ज्ञापन दिया। अधिशाषी अधिकारी डॉक्टर विनय शुक्ला ने व्यापारीयों को बताया कि नगर पंचायत में 3 वाटर कूलर प्रस्तावित हैं। जो की पर्याप्त नहीं हैं। जल्द ही कम से कम 2 और वाटर कूलर के लिए प्रयास करेगें। नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि स्वदेश प्रकाश पोरवाल ने आश्वाशन दिया कि नगर की जनता और व्यापारीयों के हित में हर संभव प्रयास करेगें। नीतू उपाध्याय जिला महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, छोटे कुशवाह नगर अध्यक्ष, सुरजीत पाल उपाध्यक्ष, विपिन कुशवाहा मंत्री, गगन दीप महामंत्री, रामजी पोरवाल, गौरव सिंह, विवेक मिश्रा, शिवेंद्र राजपूत मंडल अध्यक्ष बीजेपी, आशीष कुशवाहा, पिंटू सभासद, दीपू दुबे, सोनू पोरवाल, गुड्डू पोरवाल, गोरे लाल सद्स्य हरिशचंद्र आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटे युवक की हुई शिनाख्त

**अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर बुधवार रात्रि करीब 2 बजे रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व की तरफ खंभा नंबर 1116/25 एवं 1116/27 के बीच में एक युवक राम सजीवन (27)पुत्र भिखारी लाल निवासी गंजन खेड़ा थाना अचलगंज, जनपद उन्नाव का क्षत विक्षत शव मिलने पर स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ को सूचना दी। जीआरपी उपनिरीक्षक देवेन्द्र सोलंकी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। युवक के पास से उन्नाव से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का टिकट मिला था। रात्रि में मृतक एक्सप्रेस ट्रेन से नीचे गिर गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। उस समय मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी लेकिन पुलिस ने प्रयास कर मृतक की शिनाख्त कर उसके परिजनों को सूचना दी।

परेशानी | रेलवे और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का समस्या के समाधान पर नहीं है ध्यान

# कंचौसी में 15 घंटे जाम से जूझे वाहन सवार

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी कस्बा की एक मात्र रेलवे क्रॉसिंग गेट न 5 काफी समय से हजारों ट्रक, डंफर के आने-जाने का एक मात्र रास्ता बन गई है। जिससे ट्रेनों के पास होने से फाटक बंद रहने और संकरे नहर पुल पर आमने-सामने दोनो तरफ वाहन फंसने से रोज जाम लगा रहता है। बुधवार की रात से 15 घंटे तक जाम लगा रहा। समस्या पर न तो विभागीय अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधि। हाल यह कि खामियाजा भुगतना जनता को पड़ रहा हैं।

काफी समय से रूरा आरओबी के निर्माण और झींझक, दिबियापुर, अछल्दा नहर पुल पर भारी वाहनों के प्रतिबंध के चलते सिर्फ कंचौसी नहर पुल और रेलवे फाटक होकर मोरंग, गिट्टी,बालू के ट्रक डंफर आदि वाहनों का आवागमन हो रहा हैं। जिससे अक्सर रेलवे फाटक बंद रहने और जल्दबाजी के चक्कर ट्रक, डंफर रेलवे फाटक के दोनों तरफ और संकरे नहर पुल पर फंस जाते हैं। जिससे रोजाना वाहन सवार और लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ता है। बुधवार की रात से लेकर गुरुवार को पूरे दिन करीब 15 घंटा तक जाम लगा रहा। रेलवे फाटक बंद रहने और नहर पुल पर भारी वाहन फंसने से फाटक और नहर पुल पर दोनो तरफ दो किमी तक जाम लगा रहा। जिसमें तमाम जरूरी वाहन और एंबुलेंस तक फंसी रही। यहां तक की तपती गर्मी धूप से परेशान पैदल राहगीर भी जाम में फंसे रहे। जाम खुलवाने को न रेलवे विभाग और न ही स्थानीय पुलिस प्रशासन नजर आया। कस्बे में जाम की समस्या का हल करने के लिए आरओबी निर्माण और नहर पुल का पुनः निर्माण होना आवश्यक है।


जाम में फंसे ट्रक। अमृत विचार

## वसूली की बीडीओ से करें शिकायत

**बिधूना, औरैया।** आवास के नाम पर पात्र लोगों से भी धन उगाही किए जाने को लेकर शासन प्रशासन से लेकर जन प्रतिनिधियों के तेवर सख्त दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में बिधूना विकास खंड क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर एवं खंड विकास अधिकारी राजनरायन तिवारी ने कहा कि विकास खंड की समस्त निराश्रित विधिवा महिलाएं जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष है और आवास विहीन है। वह आवास हेतु सभी जरूरी दस्तावेज लेकर अपने प्रधान, बीडी सी, बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख को तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यदि प्रधान, बीडीसी व कोई अन्य पैसे की मांग करता है तो संबंधित ब्लॉक के बीडीओ एवं प्रमुख से संपर्क कर अवगत कराएं।

# नेता जी एक्स. से टकराया सांड़, इंजन फेल

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर झींझक रेलवे स्टेशन के पास एक सांड के ट्रेन से टकराने से ट्रेन का इंजन फेल हो गया। करीब एक घंटे तक ट्रेन कंचौसी रेलवे स्टेशन पर ही खड़ी रही। दूसरा इंजन आने के बाद ट्रेन रवाना हो सकी।

गुरुवार शाम करीब 4 बजे झींझक रेलवे स्टेशन से अपलाइन से हावड़ा कालका नेता जी एक्सप्रेस पास हो रही थी। इसी दौरान एक सांड ट्रेन के आगे आ गया जिससे उसकी मौत हो गई और ट्रेन के प्रेशर में तकनीकी कमी आ गई। लोको पायलट ने ट्रेन को कंचौसी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ा कर दिया। इससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

करीब एक घंटे नेता जी एक्सप्रेस कंचौसी रेलवे स्टेशन पर ही खड़ी रही। फफूंद रेलवे स्टेशन से दूसरा इंजन मंगाकर ट्रेन 5 बजकर 10 मिनट पर ट्रेन को रवाना किया गया। इससे दुरंतो एक्सप्रेस, हटिया आनंद बिहार एक्सप्रेस, बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जोधपुर एक्सप्रेस भी प्रभावित हो गईं।

- एक घंटे कंचौसी रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही


स्टेशन पर खड़ी नेता जी एक्सप्रेस। अमृत विचार

स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया कि एक सांड ट्रेन से झींझक रेलवे स्टेशन के पास टकरा गया था जिससे ट्रेन का इंजन फेल हो गया।

## एक नजर

### रूफटॉप संयंत्रों को लेकर कार्रवाई शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना पर कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रमुख सचिव ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत नरेंद्र भूषण ने अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को समितियां बनाकर इसे पूरा करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव गुरुवार को सचिवालय में सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर निगमों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगर निगम अयोध्या में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, नगर निगम गोरखपुर में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, वॉटर किऑस्क के बचे कार्यों को पूरा करने को लेकर स्वीकृति दी गई।

# लापरवाही में फंसी 1962 सेवा तो बताई गाइडलाइन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- गाय-भैंस के लिए है मोबाइल वेटरनरी यूनिट, बाकी पशु ले जाएं
- डेढ़ साल से प्रचार में नहीं दी सही जानकारी, अभाव में दम तोड़ रहे पशु

**अमृत विचार :** पशुओं के उपचार की 1962 सेवा लापरवाही से घिरी तो पशुपालन विभाग को केंद्र की गाइडलाइन याद आई। शासन ने जवाब मांगा तो प्रदेश में संचालित 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) कैटिल यानी गाय, भैंस के उपचार के लिए बताई न कि अन्य पशुओं के लिए।

अन्य पशुओं का उपचार सरकारी अस्पतालों में करना बताया। जबकि संचालन करने वाली पांच कंपनियां डेढ़ वर्ष से गांव-गांव कैंप करके 1962 सेवा से पशुओं का उपचार करने की जानकारी दे रहीं हैं। एमवीयू हो या पोस्टर-बैनर या फिर विभागीय बैठक सिर्फ पशु उपचार की बात होती है। लेकिन, किन पशुओं का उपचार करने के लिए एमवीयू मौके पर जाएगी यह चिकित्सक और पशुपालकों को नहीं पता है। टोलफ्री नंबर 1962 लगाने पर टेलीकॉलर भी पशु हेल्पलाइन बोलकर स्वागत करते हैं। जो आकस्मिक स्थिति में एमवीयू नहीं भेजते हैं, यदि किसी तरह भेजते हैं तो पशु के मरने के बाद एमवीयू पहुंचती है। इस तरह की शिकायतों की जांच कराई गई लेकिन, गोलमोल कर कार्रवाई नहीं की गई।

### 5.20 करोड़ पशुओं पर 520 एमवीयू

1962 सेवा केंद्र की योजना है। जो प्रदेश में मार्च 2023 में संचालित हुई थी तब से तमाम शिकायतें हैं। एक लाख कैटिल पर एक एमवीयू मिली है। इस आधार पर कुल 520 एमवीयू 5 .20 करोड़ गाय व भैंस की संख्या के आधार पर बांटी हैं। जो नियम के अनुसार दो किमी के दायरे में पशु अस्पताल या केंद्र होने पर वहां पशुओं उपचार करने नहीं जाती है। जो एमवीयू संचालित हैं उनमें ज्यादातर उपचार की सेवा का प्रचार करती हैं। फिर भी पशुपालक जागरूक नहीं हो पाए हैं।

> केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार एमवीयू गाय-भैंस के उपचार के लिए है। फिर भी कॉल आने पर अन्य पशुओं का उपचार करते हैं। लापरवाही की शिकायतों पर कंपनियों का कई बार बजट रोका गया है। जो कमियां हैं वर दूर कर रहे हैं।
>
> -डॉ. पीएन सिंह, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग

# बयानबाजी पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर नीतियों को लेकर सवाल उठाना सरकारी कर्मियों पर पड़ सकता है भारी

**अमृत विचार:** राज्य सरकार का अब कोई भी अधिकारी, कर्मचारी मनमानी बयानबाजी मीडिया पर नहीं कर सकेगा। इसको लेकर शासन ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। आदेश के मुताबिक, मीडिया से बात करने के लिए पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। आदेश में कहा गया है कि अखबार में मनमाफिक लेख न लिखे और टीवी-रेडिओ में न बोले। वहीं सोशल मीडिया के लिए भी नियम तय किए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी द्वारा बुधवार को जारी आदेश में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 का हवाला दिया गया है। इस नियमावली के नियम-3(2) में यह प्रावधान है कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को सदैव आचरण एवं व्यवहार को विनियमित करने वाले विशिष्ट अथवा निहित सरकारी आदेशों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। आदेश में है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी बिना सरकार की पूर्व स्वीकृति के किसी भी समाचार पत्र या पत्रिका का स्वामित्व, संचालन या संपादन या प्रबंधन नहीं करेगा।

### साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक लेखों पर अंकुश नहीं

आदेश में आगे कहा गया है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी सरकार या किसी अधिकृत अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी रेडियो प्रसारण में भाग नहीं लेगा या किसी समाचार पत्र या पत्रिका को कोई लेख नहीं भेजेगा। यह प्रतिबंध अपने नाम से या गुमनाम रूप से समाचार पत्रों या पत्रिकाओं को पत्र लिखने पर भी लागू होता है। हालांकि, अगर ऐसे प्रसारण या लेख की प्रकृति पूरी तरह से साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक है, तो मंजूरी की कोई जरूरत नहीं है।

# विरोध के बीच बिजली कंपनियों ने शुरू किया स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना

## ट्रांसफार्मरों पर लगाए 31 मीटर, जल्द ही घरों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में विरोध के बीच बिजली कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल कंपनियों ने बिजली ट्रांसफार्मर पर 31 मीटर लगाये हैं। कंपनियां उपभोक्ताओं के घरों में भी मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं।

प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों की ओर से निजी घरानों को दिए गए लगभग 25 हजार करोड़ की लागत वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लगाने की शुरुआत हो गई है। पूर्वांचल, दक्षिणांचल व पश्चिमांचल निगमों में यूजर एक्सेप्टेंस टेस्ट (यूएटी) के लिए 31 स्मार्ट प्रीपेड मीटर वितरण ट्रांसफार्मर पर लगाए गए हैं। जल्द ही प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका कड़ा विरोध करते हुए मीटर लगाने की कार्रवाई बंद करने की मांग की है।

### स्मार्ट मीटर में लगाए जा रहे चायनीज उपकरण

परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि निजी बिजली कंपनियां स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चायनीज उपकरण लगा रही हैं। इसका विरोध किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर न लगाये जाने का निर्णय लिया है, ऐसे में प्रदेश सरकार को इस पर तत्काल रोक लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई है, जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने को विद्युत अधिनियम का उल्लंघन बताया गया है। साथ ही, याचिका में केंद्र सरकार की ओर से जारी नियम निरस्त करने की मांग की गई है।

### ललितपुर समेत तीन इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम में कुछ सुधार के बाद भी गुरुवार को बिजली कंपनियों को बिजली संकट से राहत नहीं मिल सकी। ललितपुर, बारा व हरदुआगंज बिजलीघरों की एक-एक इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र आपात बिजली कटौती का सामना करते रहे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ललितपुर की 660 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व हरदुआगंज की 110 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई। इससे राज्य के बिजलीघरों से बिजली की उपलब्धता प्रभावित हो गई। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति में काबू में की गई। बिजली अभियंता बारा इकाई के 22 जून व बाकी इकाइयों को देर रात तक हो जाने की उम्मीद जताते रहे। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,448 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता में अंतर होने के कारण करीब 845 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। इस दौरान प्रदेश के ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली संकट बना रहा। गर्मी में बिजली न होने पर लोग परेशान रहे। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला लगातार बना हुआ है, इससे स्थिति सुधर नहीं पा रही है, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आयात कर बिजली संकट को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 1.25 लाख प्रशिक्षित युवाओं को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊः** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत अब तक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दो लाख 35 हजार 334 ग्रामीण युवाओं में एक लाख 25 हजार 822 को रोजगार मिल चुका है। इस योजना में मुख्यतया बीपीएल परिवारों के साथ ही मनरेगा श्रमिक, बेरोजगार, अल्प शिक्षित व स्कूल ड्रॉपआउट करने वाले युवाओं को लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने गुरुवार को बताया कि उप्र.कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमताओं के आधार पर उन्हें रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को विभिन्न विषय अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डॉमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रॉसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं।

# 16 प्रशिक्षु आईएएस ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



लोकभवन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात करते प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सफलता का मूलमंत्र दिया

**अमृत विचार:** 2023 बैच के 16 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सफलता का मूलमंत्र दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि आज के दौर में जन आकांक्षाएं तेजी से बढ़ रही है। लोक सेवक के लिए आने वाले समय में बड़ी चुनौतियां आएंगी, जिनका उन्हें समाधान निकालना होगा। अधिकारियों को अपने कार्यों, निर्णयों व सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग की जवाबदेही खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अंदर अहंकार न रखें। टीम भावना से कार्य करें। अधिकारियों का कार्य आम नागरिकों के चेहरे पर खुशियां लाना है। प्रशिक्षु अधिकारियों में इशिता किशोर, स्मृति मिश्रा, स्वाती शर्मा, शिशिर कुमार सिंह, वैशाली, गुंजिता अग्रवाल, नितिन सिंह, अनुभव सिंह, सई आश्रित शाखमुरी, नारायणी भाटिया, महेंद्र सिंह, चलुवराजु आर, काव्या सी, दीपक सिंघनवाल, साहिल कुमार व रिंकू सिंह राही शामिल थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक नीना शर्मा, अपर निदेशक डॉक्टर गरिमा यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## बांस की कॉटेज में ले सकेंगे प्रकृति का आनंद व सेल्फी

**अमृत विचार,लखनऊः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व का मुख्य प्रवेश द्वार को भव्य बनाने के साथ अंदर बांस के कॉटेज (बैम्बू काटेज) बनाए गए हैं। इसके अलावा टाइगर रिजर्व में एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुविधा शुरू की गई है। इस तरह की कई सुविधाएं हैं जो पर्यटकों को लुभाने के साथ ही, पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। यह जानकारी गुरुवार को संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व उप्र. में जैव विविधता और बंगाल टाइगर के संरक्षित किए जाते हैं। जिसे 1.67 करोड़ रूपये की लागत से और सुविधा जनक बनाया गया है। इसमें गेस्ट हाउस के पास पार्किंग एरिया, वेटिंग हॉल, प्रतीक्षालय एवं एक सुविधाजनक हॉल बनाया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटकों के लिए यादगार तस्वीरें लेंने को सेल्फ़ी पॉइंट भी बनाए गए हैं। पर्यटकों के की सुविधा में टिकट काउंटर स्थापित किए गए हैं। पर्यटकों को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाए गए हैं। इसके अलावा परिसर को पर्यावरण अनुकूल रखते हुए रोशनी के लिए सोलर लाइटें लगाई गई हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि पीलीभीत में लोग गर्मियों की छुट्टियां मनाने जाते हैं। इसलिए बैम्बू कैंटीन का निर्माण कराया गया है।

# पुलिस के खिलाफ बन रहा नकारात्मक माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यातायात विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान से आईएएस, पीसीएस से लेकर अन्य कार्मिकों में भी हड़कंप

**अमृत विचार:** यातायात पुलिस द्वारा लाल-नीली बत्ती व हूटर-सायरन के अवैध प्रयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान से अब सरकार के विभागों में पुलिस के खिलाफ नकारात्मक माहौल बनने लगा है। हालात देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इससे पुलिस को दूरगामी नुकसान हो सकता है। क्योंकि अन्य विभागों के अफसरों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है।

सर्वाधिक नाराजगी मजिस्ट्रेट स्तर के अफसरों में है। खासकर एडीएम और एसडीएम खासा नाराज हो रहे हैं। इसके अलावा जिले में डीएम के बाद सबसे महत्वपूर्ण पद मुख्य विकास अधिकारी भी इस अभियान की जद में आ रहे हैं। कई मुख्य चिकित्साधिकारी और संभागीय परिवहन अधिकारियों की बत्तियां भी उतारी गई हैं। परिणाम स्वरूप इन अफसरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है, जिसका खामियाजा पुलिस को भुगतना पड़ सकता है।

### आठ दिन में पौने दो लाख वाहनों की हुई जांच

यातायात विभाग के अभियान में आठ दिनों में पौने दो लाख वाहनों की जांच हो चुकी हैं। जिसमें से लाल-नीली बत्ती और हूटर वाले 86 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 3900 वाहनों का चालान किया गया जबकि साढ़े तीन लाख समन शुल्क वसूला गया। इसी तरह पुलिस कलर्स प्रयोग करने वाले एक लाख वाहनों को चेक किया गया, जिसमें से 9300 वाहनों का चालान किया गया और इनसे साढ़े 45 लाख रुपए समन शुल्क के रूप में वसूला गया। इस तहर भारत सरकार अथवा उप्र. सरकार लिखे 89 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 6608 वाहनों का चालन किया गया और 23 लाख रुपए शमन शुल्क वसूले गए।

### इन अधिकारियों पर कार्रवाई चर्चा में रहीं

बहराइच के मिहीपुरवा में नायब तहसील तहसीलदार अपनी गर्भवती पत्नी को अस्पताल भर्ती कराने ले जा रहे थे, उन्हें रोककर कार्रवाई की गई। मिर्जापुर में एडीएम के वाहन में लगी बत्ती बीच सड़क उतरवाई गई। सहारनपुर में तैनात महिला एसडीएम का हूटर सीओ ने उतरवाया। कासगंज में तैनात एसडीएम का हूटर उतरवाया गया। चर्चा यह भी रही कि पुलिस कर्मी जिन अफसरों से चिढ़ते थे, इसी अभियान की आंड़ में अपना खुन्नस भी निकाला।

# शाइन सिटी पर ईडी ने दर्ज कराई दूसरी शिकायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), लखनऊ कार्यालय ने शाइन सिटी द्वारा किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 24 अप्रैल को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), के समक्ष दायर किए गए अभियोजन शिकायत (पीसी) पर न्यायालय ने संज्ञान लिया है। इस मामले में ईडी द्वारा दायर यह दूसरी अभियोजन शिकायत है। ईडी ने राशीद नसीम और शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ उप्र पुलिस द्वारा दर्ज लगभग 554 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

ईडी की जांच से पता चला कि आरोपियों, सहयोगियों और प्रमोटरों ने कई कंपनियों को शामिल किया और रियल एस्टेट सेक्टर और अन्य आकर्षक योजनाओं में निवेश की आड़ में पोंजी-पिरामिड योजना में जनता से धन एकत्र किया और उसके बाद धन को डायवर्ट किया। ईडी की जांच में फंड ट्रेल की पहचान की गई और पाया गया कि ग्राहकों से एकत्र किए गए धन को कमीशन एवं रॉयल्टी राशि की आड़ में विभिन्न निदेशकों, प्रवर्तकों एवं सहयोगियों और समूह कंपनियों को हस्तांतरित किया गया था। इस तरह से डायवर्ट किए गए फंड का इस्तेमाल संपत्ति खरीदने के लिए किया गया था। ईडी की जांच में अब तक 128 करोड़ रुपये की ऐसी संपत्तियों की पहचान की गई है और उन्हें पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है।

## 2027 तक मलेरिया मुक्त करने को जुटा विभाग

**अमृत विचार,लखनऊः** 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त होना है, इसके लिए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है।

मलेरिया उन्मूलन में सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग पर विशेष बल दिया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-107

**बाएं से दाएं**

2. अहीर या ग्वाला।

5. 1. (रामायण) मिथिला नरेश जनक की कन्या जिसका विवाह रामचंद्र से हुआ था, जानकी, वैदेही 2. हल द्वारा जोतने से ज़मीन पर निर्मित रेखाकार गड्ढा 3. हल का फाल 4. कृषिकर्म 5. कृषि की अधिष्ठात्री देवी 6. राजा की व्यक्तिगत कृषि भूमि, सीर 7. प्राचीन काल में सीताध्यक्ष नामक अधिकारी द्वारा प्रजा से एकत्रित अन्न।

6. 1. ख़ून, रक्त, रुधिर 2. केसर, सिंदूर 3. तांबा।

8. लेख, आलेख।

10. 1. आवेग संबंधी 2. जोशीला, बिना सोचे-समझे कुछ कर गुज़रने वाला 3. आवेगशील, अशांत।

**ऊपर से नीचे**

1. कमी, त्रुटि।

3. 1. सिर में निकाली हुई मांग, स्त्रियों के सिर की मांग 2. हद, सीमारेखा 3. अस्थिसंघात, हड्डियों का जोड़।

4. विकसित, सुसंस्कृत, उन्नत।

7. बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, दूरदर्शी, अग्रसोची।

8. 1. कुमार्गी, कुपथगामी 2. आचरणहीन, बुरे चाल-चलन वाला।

9. 1. वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुओं की दुकानें हों, वस्तुओं के क्रय-विक्रय का निश्चित स्थान, हाट, मंडी, (मार्केट) 2. क्रय-विक्रय के लिए एकत्रित हुए लोग। (मु.)-करना : ख़रीददारी करना। -तेज़ होना : सभी वस्तुओं का मूल्य बढ़ना।



### वर्ग पहेली -106 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 थ | ने | ला |
| ■ | 2 को | य | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | का | ■ | ■ | 3 ज | ■ | 4 डु |
| ■ | 5 बे | उ | सू | ल | ■ | लि |
| 6 चो | ली | ■ | ■ | 7 कं | जि | का |
| ■ | ■ | ■ | ■ | डु | ■ | ■ |
| 8 अ | नु | ना | दी | ■ | 9 सि | ल |

## सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 1 | |
| 5 | 4 | | | | | | 9 | |
| 7 | | | 9 | 3 | 4 | | | 6 |
| 6 | | | | 4 | 9 | | 3 | |
| | | 2 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 7 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | 1 | 2 | 5 | | | 3 |
| | 6 | | | | | | 7 | 5 |
| | 3 | | | | 7 | | 8 | |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी-07 .31 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। कुछ अपने लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। ई-मेल और अन्य दस्तावेजों पर सावधानी पूर्वक जांचकर ही प्रतिक्रिया दें।

**वृष** – आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेतर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ नवाचारी प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज अनावश्यक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध लोगों की भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइन्ट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है।

**कर्क** – आज प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए।

**सिंह** – आज किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा कर सकते हैं। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**कन्या** – आज मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खान-पान की आदतों में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। मित्रों के साथ कहीं दूर की यात्रा का विचार बनाएंगे।

**तुला** – आज दिल की बजाय दिमाग से काम करें। अपने काम में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज व्यवहार कुशलता के कारण आप कुछ उलझे हुए मामलों को सुलझा सकते हैं। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ संवादहीनता की स्थिति पनप सकती है। जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं।

**मकर** – आज समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल रखेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कुंभ** – आज परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

**मीन** – आज आपकी वाणी में सौम्यता परिवार में विशेष सम्मान की दिलाएगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 18 .19 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- आज का रावण – सुबह : 09 .00
- जान से प्यारा – शाम : 06 .00

Sony Pix
- इट – सुबह : 10 .00
- हांस जिमर – रात : 09 .00

&pictures
- शूरवीर – सुबह : 11 .05
- धमाल – रात : 07 .30

Zee Cinema
- वलाटी – सुबह : 12 .02
- मायोन – रात : 08 .00

Colors Cineplex
- आंखें – सुबह : 08 .17
- कुछ कुछ होता है – शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश..

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,478.93 | 23,567.00 |
| बढ़त | 141.34 | 51.00 |
| प्रतिशत में | 0.18 | 0.22 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 930 फ्लैग 1040 डीएमओ 830 बोल्ड 1105, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1090 डीएमओ 800।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)**- | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7800-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16700-16800 |
| अरहरस्पेशल1 | 14200-14300 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4750-4850 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000-13300 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8100-9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1435 |
| सूजी | 1440-1460 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1360-1400 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से पैदा हो सकती है बड़ी समस्या: दास

## भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा-हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है। दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।

## गेहूं कीमतों में स्थिरता के लिए नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार कर रही सरकार

- शाह की अध्यक्षता में समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा-केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएं।

# आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



आयोजित सेरेमनी में पत्रकारों से बात करते डीपी सिंह। ● अमृत विचार

- एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर चल रहा मंथन
- मसाले-कृषि उपकरण के साथ श्रमशक्ति के निर्यात पर फोकस

**अमृत विचार :** अड़चन न आई तो म्यामांर, भूटान, घाना, चिली, फिजी, इजराइल समेत आठ देशों और उत्तर प्रदेश के बीच 1000 करोड़ के कारोबार की नींव पड़ जाएगी। यह संभावना एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह ने बीते शनिवार-रविवार को हुए कान्क्लेव को सफल बताते हुए जताई। कान्क्लेव में करीब 30 देशों के राजदूतों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को आयोजित सक्सेज सेरेमनी के दौरान डीपी सिंह ने बताया कि इन देशों के बीच प्रमुख रूप से मसाला, चिकन वस्त्र, जरदोजी, श्रमिकों की आपूर्ति, भवन और सड़क निर्माण के लिए कांट्रैक्टर समेत कई बिंदुओं पर निर्यात और आयात पर सहमति बन रही है। एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक अनुबंधों का यह प्रयास उप्र. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए संगठन की ओर से उठाया गया एक कदम मात्र है। संगठन की ओर यूपी और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार और आयात-निर्यात के लिए मंच उपलब्ध कराया गया। परिणाम उत्साहजनक नजर आ रहे हैं।

**म्यामांर और भूटान को मसाले की दरकार तो रॉ-मैटीरियल के लिए भारत तैयार:** अध्यक्ष बताते हैं कि कोशिश है कि म्यामांर और भूटान समेत दो अन्य देश भारत से मसाले खरीद सकते हैं। वहां से कई वस्तुओं के रॉ-मैटीरियल खरीद के लिए भारत हाथ बढ़ा सकता है। कजाकिस्तान, रूस से जरदोजी वाले चिकन वस्त्र और भदोही के कालीन की मांग पर विचार हो रहा है। यही नहीं फिजी, इजराइल, घाना आदि में मैन पावर की डिमांड है।

### खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की मांग

डीपी सिंह ने बताया कि कृषि उपकरणों की मांग है। फिजी, घाना समेत कई देशों को कृषि उपकरणों की खासी जरूरत है। यहां तक खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की जरूरत है। ये देश भारत से बड़ी मात्रा में कृषि उपकरण खरीद सकते हैं।

### इजराइल, घाना से श्रमिकों व ठेकेदारों की डिमांड

युद्ध की विभीषिका को देखते हुए इजराइल में सिविल और निर्माण कार्य के लिए विशेषज्ञ ठेकेदारों और मैन पावर आपूर्ति के प्रस्ताव पर भी विचार जारी है। सुरक्षा समेत सभी पहलुओं पर विचार होने के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाएगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

# स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 70 प्रतिशत घटकर चार साल के निचले स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी**

- आंकड़ों के मुताबिक 9,771 करोड़ रुपये रह गया

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है। स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है।

यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है। एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं।

## सोने की कीमत में 120 और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 120 रुपये मजबूत होकर 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 900 रुपये की तेजी के साथ 92,300 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं।

## राष्ट्रीय

# मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं प्रधानमंत्री : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने नीट विवाद को लेकर किया दावा, कहा-सरकार चलाने के लिए करेंगे संघर्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे।

उन्होंने कहा-कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस-यूक्रेन के युद्ध को रोक दिया था। इजरायल और गाजा के बीच युद्ध को को रोक दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, अगर मैं कहूं तो प्रधानमंत्री मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। वह मनोवैज्ञानिक रूप से ढह गए हैं और इस तरह सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे...मोदी का सरकार चलाने का विचार लोगों में डर पैदा करना, उन्हें डराना और बोलने नहीं देना है।

उन्होंने कहा-इस चुनाव में मोदी की मूल अवधारणा नष्ट हो गई है। अब हमारे पास एक मजबूत विपक्ष है। पेपर लीक के मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा, अगर योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं दी जाएगी, असमर्थ लोगों को कुलपति बनाया जाएगा और परीक्षा के ढांचे में अपनी विचारधारा के लोगों को डालेंगे तो पेपर लीक होगा। पेपर लीक का कारण है कि भाजपा के मातृत्व संगठन ने पूरे तंत्र को कब्जा कर रखा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जो संस्थान पहले निष्पक्ष हुआ करते थे, आज एक विचारधारा के साथ चलने लगे हैं तथा इन संस्थानों में असमर्थ लोगों के बैठा दिया गया है।

### मोदी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कर दिया : खरगे



कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा गया है।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत

**चेन्नई, एजेंसी**



तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से एक रिश्तेदार की मौत पर शोक मनाते लोग। ● एजेंसी

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा-कल्लाकुरिची में हुई यह घटना नहीं होनी चाहिए थी और इससे मुझे गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि 'मेथनॉल मिश्रित देशी शराब' पीने से 34 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस स्थिति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस मामले की जांच करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का भी निर्देश दिया। यह आयोग अवैध देशी शराब पीने से हुई लोगों की मौत के कारणों की जांच करेगा और साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर सरकार से सिफारिश करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने जान गंवाने वाले 34 लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की।

## एक नजर

### सीजेआई और साथी न्यायाधीश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के उनके साथी न्यायाधीश शुक्रवार को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह में भाग लेंगे। शीर्ष अदालत की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है, 21 जून 2024 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, उच्चतम न्यायालय के विस्तारित भवन परिसर के 'सी' ब्लॉक में द्वितीय तल पर स्थित सभागार और 'ए' ब्लॉक के चतुर्थ तल पर स्थित योग एवं मनोरंजन हॉल में रजिस्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### अभिनेता दर्शन की पुलिस हिरासत बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में बृहस्पतिवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप एवं तीन अन्य आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी। धनराज, विनय और प्रदोष तीन अन्य आरोपी हैं जिनकी पुलिस हिरासत बढ़ायी गयी है। तेरह अन्य आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उनमें दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा भी शामिल हैं।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने नीट प्रश्न पत्र लीक विवाद को राजद से जोड़ा

**पटना, एजेंसी**

- विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

पटना में संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा ने दावा किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने कहा कि राजद नेता से जुड़े अधिकारी और मुख्य आरोपी के बीच संबंधों की गहन जांच की जानी चाहिए। यादवेंदु समस्तीपुर जिले का रहने वाला है। सिन्हा ने कहा, तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी सिकंदर के लिए पटना और अन्य स्थानों के गेस्ट हाउसों में ठहरने की व्यवस्था करता था। मेरे पास उन संदेशों का विवरण है जो अधिकारी ने सिकंदर के ठहरने की व्यवस्था करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को भेजे थे। उन्होंने कहा कि उनके पास वह मोबाइल नंबर है जिससे यादवेंदु के ठहरने के लिए संदेश भेजे गए थे। इसकी गहन जांच होनी चाहिए। राजद नेता (तेजस्वी प्रसाद) इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पूरे घटनाक्रम से पता चलता है कि राजद नेता किस तरह भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं। ऐसी खबरें हैं कि आरोपी रांची में न्यायिक हिरासत के दौरान लालू प्रसाद से जुड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीट पेपर घोटाले के सरगना के राजद नेता तेजस्वी यादव से संबंधों को लेकर उठ रहे सवालों पर तेजस्वी की चुप्पी से प्रतीत होता है कि दाल में कुछ न कुछ काला जररू है। उन्होंने कहा-तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर उनके और पेपर घोटाले के सरगना के बीच क्या संबंध हैं।

## मप्र में पिता को लीवर देना चाहती है नाबालिग बेटी

**इंदौर,एजेंसी**

- उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया फैसला करने का निर्देश

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि वह 17 वर्षीय बेटी की सहमति से उसके पिता को यकृत का हिस्सा दान करने से जुड़े अनुरोध पर जल्द से जल्द फैसला करे और तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपे।

अदालत ने शहर के एक सरकारी अस्पताल के प्रबंधन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग लड़की की स्वास्थ्य जांच करके यह बताए कि पिता को लीवर का हिस्सा दान करने के बाद कहीं बेटी को सेहत से जुड़ी कोई समस्या तो नहीं होगी। इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी करने वाले शिवनारायण बाथम (42) ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके गुहार लगाई है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रीति को उन्हें लीवर का हिस्सा दान करने की मंजूरी दी जाए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ के सामने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान बाथम के वकील ने कहा उनके मुवक्किल को लीवर का हिस्सा जल्द प्रत्यारोपित नहीं किया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया गया कि यह मामला मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को भेजा गया है।

## अखनूर बस दुर्घटना: जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक निलंबित

**जम्मू, अमृत विचार:** यूपी हाथरस से शिवखोड़ी जा रही बस गत 30 मई को अखनूर-सुंदरवनी रोड के चौकी चौरा के निकट खाई में जा गिरी थी। इस हादसे में कुल 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे को संज्ञान में लेते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों ने जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार को निलंबित करके उनको पुलिस हैडक्वार्टर में अटैच कर दिया। इससे पूर्व भी हादसे में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने आरटीओ कार्यालय लखनपुर प्रवेश द्वार के एक इंस्पेक्टर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। इस मामले में आने वाले दिनों में लापरवाही के चलते कुछ और कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है।

## कर्नाटक में दो लोग मृत पाए गए, शरीर पर गोलियों के निशान

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हासन जिले में बृहस्पतिवार को दो लोग मृत पाए गए। उनके शरीर पर गोली लगने के घाव हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को ऐसा संदेह है कि ये हत्या और आत्महत्या का मामला हो सकता है। हासन पुलिस अधीक्षक एम. सुजीता एम. एस. के अनुसार, दोनों व्यक्ति एक कार से होयसला नगर आए थे और एक भूखंड के पास किसी मुद्दे को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आसपास रह रहे लोगों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी। एक व्यक्ति कार के बाहर मृत पाया गया, जबकि दूसरा वाहन के अंदर मृत मिला।

# लू से 110 लोगों की मौत, 40 हजार से अधिक मामले आए सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### भीषण गर्मी का प्रकोप



इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून के बीच में देश के बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी ने कम से कम 110 लोगों की जान ले ली और 40,000 से अधिक लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है। यहां लू और तापघात से करीब 36 लोगों की मौत हई है। उसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई हैं। एक अधिकारिक सूत्र ने बताया, उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकडें नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है। जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ 18 जून को ही तापघात से छह लोगों की मौत हुई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में है, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाईयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए की अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें, साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। परामर्श में कहा गया है कि सभी जिलों में तापजनित बीमारियों (एचआरआई) पर राष्ट्रीय कार्य योजना का प्रसार सुनिश्चित करें।

# रूस-उत्तर कोरिया समझौते पर भड़का दक्षिण कोरिया

सियोल, एजेंसी

● कहा- यूक्रेन को लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की, जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा।

राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा है और इसका रूस-दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है।

# कुआलालंपुर जा रहा विमान तकनीकी गड़बड़ी से लौटा

**हैदराबाद।** कुआलालंपुर के लिए हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिछली रात उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मलेशिया एयरलाइंस के पायलट को इंजन में किसी तकनीकी खराबी का पता चला और वह विमान को यहां वापस ले आया। हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार उड़ान एमएच 199 ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात पौने एक बजे यहां से रवाना हुई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से कुछ देर बाद वह वापस लौट आयी। सूत्रों ने बताया कि विमान में 138 यात्री सवार थे। विमान को बुधवार देर रात 12 बज कर 15 मिनट पर रवाना होना था। सूत्रों ने बताया कि यह उड़ान तीन बजकर 21 मिनट पर हवाई अड्डे पर लौट आयी।

# भारत में तैयार दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च पुल



**किस परियोजना में तैयार**
उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना में कुल 119 किलोमीटर की 38 सुरंगें शामिल हैं। सबसे लंबी सुरंग टी-49 की लंबाई 12.75 किलोमीटर है। यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। परियोजना में 927 पुल (कुल लंबाई 13 किलोमीटर) भी शामिल हैं। इन पुलों में चिनाब पुल भी है। यह एफिल टावर से लगभग 35 मीटर ऊंचा है।

**इंजीनियरिंग का नमूना है पुल**
चेनाब पुल का निर्माण तीव्र गति की हवा को ध्यान में रखकर किया गया है। इसका डिजाइन 266 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा को आसानी से झेल सकता है। चेनाब पुल पर दो ट्रैक बिछाए गए हैं। पुल को इंक्रीमेंटल लॉन्चिंग से लॉन्च किया गया है। इस तरीके से लॉन्च करते हुए इसे एक कर्व में भी धकेला गया है। इस प्रकार का कार्य इंजीनियरिंग का नमूना है।

भारत में तैयार दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च पुल पर रेलवे का ट्रायल चल रहा है। जल्द ही इस पर भारतीय रेल दौड़ती नजर आएंगी। जिससे इस पर यात्रा करने वालों को एक अलग ही अनुभव होगा। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की चिनाब नदी पर बना यह पुल देश के लिए किसी गौरव से कम नहीं है। आइए जानते हैं दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च पुल की खासियतें।

**120 सालों तक सेवा में रहेगा**
चेनाब पुल की ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है। चेनाब पुल की कुल लम्बाई 1315 मीटर है, जिसमें से 530 मीटर वायाडक्ट यानी जमीन के ऊपर और शेष भाग 785 मीटर चेनाब वैली पर बना है। चेनाब पुल को 120 वर्षों के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मतलब यह है कि पुल एक सदी से भी अधिक समय तक बड़ी आसानी से भारतीय रेलवे में सेवारत रहेगा।

**27,000 टन स्टील की खपत**
चेनाब पुल में कुल मिलाकर 18 खम्बे हैं, सबसे ऊंचा कंक्रीट पिलर करीब 49.343 मीटर का है और सबसे ऊंचा स्टील पिलर करीब 130 मीटर ऊंचा है। इस ब्रिज में लगभग 27,000 टन से भी ज्यादा स्टील की खपत हुई है। डीआरडीओ की मदद से इस पुल को ब्लास्ट लोड के लिए भी डिजाइन किया गया है। ब्रिज को जोड़ने के लिए विश्व स्तरीय वेल्डिंग का उपयोग किया गया है।

## एक नजर

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की

**नयी दिल्ली।** इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से फोन कॉल पाकर खुशी हुई।

### पेन्सिलवेनिया प्रांत में गोलीबारी, सात घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में पेन्सिलवेनिया प्रांत के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार की शाम को शहर में हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हमलावर एक वाहन में बैठकर घटनास्थल से भाग गए। फिलहाल घटनास्थल पर कोई हथियार नहीं मिला है। घटना की जांच जारी है।

### 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में इजरायली सेना के हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। फिलिस्तीनी सुरक्षा एवं चिकित्सा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इजरायली विमानों ने राफ़ा के पूर्व में वाणिज्यिक ट्रकों पर रखे सामानों की सुरक्षा कर रहे सुरक्षाकर्मियों के एक समूह को निशाना बनाया। हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मी मारे गये और अन्य घायल हो गये। घायलों को बुधवार को यूरोपीय गाजा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर फिर हमला किया

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं जबकि कीव की सेना ने सीमा पार ड्रोन से हमला कर एक बार फिर रूसी तेल सुविधाओं को निशाना बनाया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लगभग 1,000 किलोमीटर की सीमा पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने की सूचना के साथ युद्ध में दोनों पक्षों ने दूर स्थित बुनियादी ढांचा संबंधी लक्ष्यों को निशाना बनाया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने मध्य और पूर्वी यूक्रेन में ऊर्जा सुविधाओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर नौ मिसाइलें और 27 शाहिद ड्रोन दागे।

# भारतीय चुनाव प्रक्रिया की सराहना

## प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करता अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल।

● प्रधानमंत्री ने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

अमेरिकी कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में भारत की यात्रा आये सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने देश में लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में नैन्सी पेलोसी, ग्रेगरी मीक्स, मारियानेट मिलर-मीक्स, निकोल मल्लियोटाकिस, अमेरीश बाबूलाल 'अमी बेरा' और जिम मैकगवर्न शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने भारत में हाल ही में संपन्न दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के पैमाने, निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने भारत-अमेरिका संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए व्यापार, नई और उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को और प्रगाढ बनाने के लिए समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने में अमेरिकी कांग्रेस के निरंतर और दोनों दलों के समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति सम्मान और मजबूत लोगों से लोगों के संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने गत जून की अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने का अवसर मिला था।

### दलाई लामा राजनीतिक प्रस्तावों में सुधार करें : चीन

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने गुरुवार को तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा से कहा कि वह वार्ता के लिए अपने राजनीतिक प्रस्तावों पर विचार करते हुए उन्हें पूरी तरह से दुरुस्त करें। इसके साथ ही उसने अमेरिका से कहा कि वह तिब्बत से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता का सम्मान करे, क्योंकि वाशिंगटन एक सख्त तिब्बत नीति कानून पारित करने वाला है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि 14वें दलाई लामा के साथ केंद्र सरकार के संपर्क और संवाद के बारे में चीन की नीति सुसंगत और स्पष्ट है। चीन ने अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की धर्मशाला यात्रा और दलाई लामा (88) के साथ उनकी बैठक पर करीबी नजर रखी। प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ऐसे समय में हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों द्वारा पारित तिब्बत नीति विधेयक पर हस्ताक्षर करने वाले थे।

# शेख हसीना आज आएंगी भारत

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को आ रही हैं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को भारत की राजकीय यात्रा करेंगी। भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी। विज्ञप्ति के अनुसार यात्रा के दौरान हसीना प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय परामर्श करने के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

# 100 भारतीय शिक्षकों की नियुक्ति करेगा भूटान

थिम्पू, एजेंसी

● शिक्षा और कौशल विकास मंत्री यीज़ांग डी थापा के हवाले से रिपोर्ट में जानकारी दी गई

भूटान सरकार देश में एसटीईएम शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जुलाई में भारत से करीब 100 शिक्षकों को नियुक्त करेगी। एसटीईएम संवर्ग में वे शिक्षक होते हैं, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों को पढ़ाते हैं। भूटान के कुएन्सेल समाचारपत्र ने शिक्षा और कौशल विकास मंत्री यीज़ांग डी थापा के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकार जुलाई में 35 गणित शिक्षकों, 18 भौतिकी शिक्षकों, 19 रसायन विज्ञान शिक्षकों और 28 आईसीटी प्रवासी शिक्षकों को नियुक्त करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जून तक भूटानी स्कूलों में 135 एसटीईएम शिक्षकों की कमी है, जिनमें गणित में 46, आईसीटी में 38, भौतिकी में 22 और रसायन विज्ञान में 29 शामिल हैं। पिछले वर्ष 1,263 शिक्षकों की कमी थी। गत जनवरी में कुल 187 शिक्षाशास्त्र (बी.एड) शिक्षकों की भर्ती की गई।

# अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

● बिल नेल्सन बोले- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय यात्री को मिलेगा प्रशिक्षण

नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगी तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर संयुक्त प्रयास करेगी, जिसमें एक भारतीय यात्री को भी शामिल किया जाएगा। नेल्सन का बयान अमेरिका और भारत द्वारा एक तथ्यपत्र जारी किये जाने के बाद आया है। इस तथ्यपत्र में कहा गया है कि दोनों देश अमेरिका में इसरो के अंतरिक्षयात्रियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह तथ्यपत्र जारी किये जाने से पहले सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और (भारतीय) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच 'आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल)' वार्ता हुई थी। नेल्सन ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पिछले साल की मेरी भारत यात्रा के बाद आगे बढ़ते हुए नासा मानवता के फायदे के लिए महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका एवं भारत की पहल को बढ़ाती रहेगी। साथ मिलकर हम अंतरिक्ष में दोनों देशों के सहयोग का विस्तार कर रहे हैं तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर संयुक्त प्रयास में इसरो के एक अंतरिक्ष यात्री को शामिल करेंगे।

# जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

टोक्यो, एजेंसी

● लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के गुटों के राजनीतिक फंड के बारे में कुछ नहीं बोलने का आरोप



जापान की विपक्षी कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की कैबिनेट के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर आज ही मतदान होने की उम्मीद है। जापानी प्रसारक एनएचके ने मसौदा दस्तावेज के हवाले से कहा, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के गुटों के राजनीतिक फंड के बारे में सच्चाई को सामने नहीं लाया है और रिश्वत प्रथा के उभरने की समस्या के बारे में अब तक कुछ नहीं कहा है। जापानी संसद के निचले सदन के पूर्ण सत्र में कुछ देर बाद मसौदा प्रस्ताव पर मतदान होने की उम्मीद है।

मंगलवार को विपक्षी निप्पॉन इशिन नो काई पार्टी ने जापानी संसद के ऊपरी सदन में किशिदा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। बहस के दौरान विपक्षी नेताओं ने किशिदा के इस्तीफे और अधिक सक्षम उत्तराधिकारी की नियुक्ति की मांग की। जवाब में, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सरकार के सामने आने वाले जरूरी कार्यों पर प्रकाश डाला।

# समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की शुरुआत

कोलंबो, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से गुरुवार को समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की संयुक्त रूप से शुरुआत की। समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया है। जयशंकर सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की। जयशंकर ने पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मार्गदर्शन में भारत-श्रीलंका के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से बिजली, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में। हमारे पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के निरंतर विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध। राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने बताया कि दोनों नेताओं ने श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और जयशंकर ने श्रीलंका में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र की पट्टिका का डिजिटल माध्यम से अनावरण किया और औपचारिक तौर पर केन्द्र की शुरुआत की।



● समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया

# इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का अपहरण

लाहौर, एजेंसी

● देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले थे गुलाम शब्बीर



पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अपहरण कर लिया है। मीडिया में आई खबरों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने खबर दी है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता शाहबाज गिल के बड़े भाई गुलाम शब्बीर का दो दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय अपहरण कर लिया, जब वह इस्लामाबाद जा रहे थे। इस बाबत कान्हा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी उनके बेटे बिलाल ने दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि शब्बीर देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले और इस्लामाबाद की ओर चल दिए। इस बारे में और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। पीटीआई पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं, जब उन्हें कुछ मामलों में दोषी करार दिया गया था। उनके खिलाफ करीब 200 मामले दर्ज हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सुपर स्टार राकेश मिश्रा और अभिनेत्री श्यामली श्री का नया भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया रिलीज हो गया है। सौतिनिया के सड़िया गाना में राकेश मिश्रा और श्यामली श्री की लाजवाब केमेस्ट्री भी नज़र आ रही है। इस गाने को देसी लोटा एंटरटेनमेंट एंड शूट सॉल्यूशन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इसके निर्माता धुन बजा भोजपुरी हैं। गाना सौतिनिया के सड़िया को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना मस्त है और हमने इसे बेहद खूबसूरती से बनाया है। उम्मीद करता हूं सबों को पसंद आयेगा। उन्होंने कहा कि इस गाने में पहली बार उन्होंने खूबसूरत अदाकारा श्यामली श्री के साथ काम किया है। गाने को बनाने में सबों का योगदान सराहनीय रहा है। जहां तक बात श्यामली का है तो उसकी अदाकारी भी कमाल की है। इस गाने के जरिये उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल को दर्शकों के सामने रखा है। वहीं, श्यामली श्री ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बेहद ख़ास है। गाने में एक महिला की पीड़ा को दिखाया गया है, जब उसको ये पता चलता है कि उसके पीठ पीछे उसका पति किसी परायी स्त्री को साड़ी देकर आ रहा है।

### अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धि : प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास का कहना है कि महानायक अमिताभ बच्चन के साथ कल्कि 2898 एडी में काम करना उनके लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित साइंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी की प्री रिलीज इवेंट मुंबई में आयोजित की गयी। प्रभास ने बताया कि फिल्म कल्कि 2898 एडी के सेट पर कैसे अमिताभ बच्चन के पहली बार पैर छूने के बाद उन्हें दोबारा ऐसा न करने की सख्त ताकीद गई। वह भी इस चेतावनी के साथ कि यदि ऐसा वह दोबारा करेंगे तो अमिताभ बच्चन भी उनके पैर छू लेंगे। प्रभास ने अपने बचपन के दिनों की याद करते हुए बताया कि कैसे उन दिनों साउथ के हर लंबे आदमी को अमिताभ बच्चन ही कहकर बुलाया जाता था और कैसे उन्होंने अमिताभ बच्चन की तमाम फिल्में तमाम जतन करके देखी हैं।

### माही-गोल्डी का लोकगीत पिया काली साड़ी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का नया लोकगीत पिया काली साड़ी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि अपने पति से काली साड़ी लाने की डिमांड करके नसीहत देकर माही श्रीवास्तव काफी खुश हैं। वह ठुमका लगाते हुए अपनी सहेलियों संग खूब मस्ती और डांस करते हुए कहती है कि... जहिया बजरिया सवारिया जी, डाले है पड़ोसन नजरिया जी, आप मेरे हीरो मैं हीरोइन आपकी, पेन्ह के लगूंगी ऐश्वर्या जी, दूनों दिलवा के बात दिलवाले पिया, गोरे देहिया प लागा ताड़ी काले पिया... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया काली साड़ी के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को गोल्डी यादव ने गाया है।

खगोल विज्ञान | स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा

# 190 साल पुराना है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट 190 साल पुराना है। यह एक भीषण तूफान है, जो 450 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता है। स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में यह खुलासा किया है।

हमारे सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति ग्रेट रेड स्पॉट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। किसी भी दूरबीन की पहली नजर इस तूफान पर पहले जाती है और हर कोई इस तूफान के बारे में जानना चाहता है। मगर नया शोध हैरत में डालने वाला है। जिसमें बृहस्पति के रेड स्पॉट की गहनता से जांच परख की है। जिसमें खासकर यह पता चलता है कि यह तूफान सीधे आगे न जाकर भंवर के रूप में एक सीमा के अंदर घूमता है। इस शोध ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह रेड स्पार्ट वह स्थान नहीं है, जिसे खगोलविदों द्वारा 1600 के दशक में पहली बार देखा गया था। नया विशाल नारंगी प्रतिचक्रवात है। 17 जून को शोधकर्ताओं ने कहा कि आज हम बृहस्पति पर जो ग्रेट रेड स्पॉट देखते हैं, यह वह तूफ़ान नहीं है जो खगोलविदों ने 1600 के दशक में देखा था। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह तूफान करीब 190 साल पहले बना था। यह सौर मंडल में सबसे लंबे समय तक रहने वाला भँवररूपी चक्रवाती तूफान है। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। ग्रेट रेड स्पॉट का आकार और रंग पिछले कुछ वर्षों में भिन्न-भिन्न रहा है। 1879 में वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि ग्रेट रेड स्पॉट की चौड़ाई 39,000 किमी थी। मगर अब 14,000 किमी चौड़ा और गोलाकार है। वर्तमान में इसका आकार लगभग पृथ्वी व्यास के बराबर है।



बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान का ताजा चित्र।

### उथला व पतला है ग्रेट रेड स्पॉट

**नैनीताल :** ग्रेट रेड स्पॉट उथला और पतला है। शोधकर्ताओं ने जोवियन वातावरण में पतले भंवरों के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग किया। तूफ़ान कैसे बना होगा, इस बारे में अध्ययन किया। यह एक विशाल महातूफान छोटे भंवरों के विलय या शायद वायुमंडलीय कोशिका बनाने वाली हवाओं में अस्थिरता का परिणाम हो सकता है।